

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु



नई दिल्ली, सोमवार, 7 जुलाई, 2025 | वर्ष-18 | अंक -92 | पृष्ठ - 10 | मूल्य - 3.00 रुपए

इटावा सफारी पार्क की उत्तर प्रदेश सरकार कर रही ... 02
■ जनता बेहाल व भाजपा नेता हो रहे मालामाल
■ 1400 नर्सों व पैरामेडिकल स्टाफ को मिली... 03
■ अमेरिका में बाढ़ से 49 लोगों की मौत, कई लापता
■ ईरान-इजरायल संघर्ष के बाद पहली बार नजर ... 07
'पंचायत' की सादगी ही उसकी सबसे बड़ी... 10

### कारोबारी की हत्या पर भाजपा-नीतीश सरकार पर बरसे राहुल गांधी

# बिहार को क्राइम कैपिटल बना दिया, बदलाव जरूरी

## शुक्रवार देर रात बड़े व्यवसायी गोपाल खेमका की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी

■ कहा, इस बार बिहार को बचाने के लिए करें वोट

■ राज्य की कानून व्यवस्था पर खड़े किए जा रहे सवाल

**नई दिल्ली**, 6 जुलाई (देशबन्धु)। पटना में बड़े व्यवसायी गोपाल खेमका की हत्या के बाद बिहार की कानून व्यवस्था सवालों के घेरे में आ गई है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में आरोप लगाया है कि नीतीश कुमार और भाजपा की गठबंधन सरकार ने बिहार को भारत की क्राइम कैपिटल बना दिया है।

राहुल गांधी ने लिखा कि आज बिहार लूट, गोली और हत्या के साए में जी रहा है।



आज बिहार लूट, गोली और हत्या के साए में जी रहा है। अपराध यहां नया नॉर्मल बन चुका है और सरकार पूरी तरह नाकाम : **राहुल गांधी, कांग्रेस नेता**

अपराध यहां नया नॉर्मल बन चुका है और सरकार पूरी तरह नाकाम। बिहार के भाइयों और बहनों, यह अन्याय अब और नहीं सहा जा सकता। जो सरकार आपके बच्चों की सुरक्षा नहीं कर सकती, वह आपके भविष्य की जिम्मेदारी भी नहीं ले सकती।' राहुल गांधी ने कहा कि अब वक्त नए बिहार का है। उन्होंने लिखा कि हर हत्या, हर लूट, हर गोली – एक चीख है बदलाव की। अब वक्त है एक नए बिहार का, जहां डर नहीं, तरक्की हो। इस बार वोट सिर्फ सरकार बदलने का नहीं, बिहार को बचाने का है।'

बिहार की राजधानी पटना में शुक्रवार देर रात बड़े व्यवसायी गोपाल खेमका की अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी। यह घटना पटना के गांधी मैदान थाना इलाके में हुई। गोपाल खेमका पटना के जाने-माने व्यवसायी थे। गोपाल खेमका के बेटे गुंजन खेमका की हत्या भी छह वर्ष पूर्व वैशाली के औद्योगिक थाना इलाके में कर दी गई थी।

### बिहार में बढ़ रहे अपराधों पर तेजस्वी बोले

## 'जंगलराज' की बात करने वाले आज कहां हैं

**पटना**। बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने रविवार को कानून व्यवस्था को लेकर सरकार को जमकर कोसा। उन्होंने सवाल पूछते हुए कहा कि 'जंगलराज' की बात करने वाले आज कहां हैं? उन्होंने मीडिया के बारे में भी कहा कि अगर यह घटना हमारी सरकार में होती तो मीडिया हमारी खाल नोंच लेता। पटना में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने उद्योगपति गोपाल खेमका की हत्या को लेकर कहा, दुख होता है। इनके परिजनों का दुख हम लोगों से देखा नहीं जा रहा है। यह बहुत ज्यादा हो गया है। जंगलराज की बात करने वाले आज कहां हैं? क्या सुनवाई हो रही है, क्या कार्रवाई हो रही है, क्या एक्शन लिया गया है? उन्होंने आगे कहा कि हम इसलिए हमेशा बुलेटिन जारी करते हैं कि बिहार में ऐसा कोई दिन नहीं है जब गोलियां नहीं चलती हैं। विरोधी दल के नेता के यहां गोलियां चलती हैं। मुख्यमंत्री आवास के बाहर गोलियां चलती हैं। इनके मंत्री के घर के बाहर गोलियां चलती हैं। विश्वेश्वरैया भवन के सामने सड़क पर अपराधी एडीजी के सामने गोली मारते हुए निकल जाता है। आज तक कोई अपराधी नहीं पकड़ा गया।



### राहुल व तेजस्वी बिहार को बदनाम कर रहे : शाहनवाज

**नई दिल्ली**। भाजपा के वरिष्ठ नेता शाहनवाज हुसैन ने गोपाल खेमका हत्याकांड पर राहुल गांधी के पोस्ट को लेकर कहा कि राहुल गांधी बिहार को बदनाम कर रहे हैं। बिहार को क्राइम कैपिटल कह रहे हैं। इस तरह पोस्ट करके वह बिहार को बदनाम क्यों करना चाहते हैं? बिहार में गोपाल खेमका की हत्या हुई, उसकी जांच चल रही है। इस मामले में शामिल आरोपियों को बख्शा नहीं जाएगा और जल्द ही अपराधी पकड़े जाएंगे। बिहार में सुशासन है, कानून का राज है। अगर कोई भी ऐसी हरकत होती है, उसके खिलाफ कार्रवाई होती है, लेकिन तेजस्वी यादव और राहुल गांधी बिहार को बदनाम कर रहे हैं।



### बर्मिंघम टेस्ट



# भारत की जीत में चमके आकाशदीप

**भारत ने इंग्लैंड को 336 रन से हराया**

**बर्मिंघम**। भारत ने एजबेस्टन टेस्ट जीत लिया है। इंग्लैंड को जीत के लिए 608 रन का लक्ष्य मिला था, लेकिन उसकी पूरी टीम दूसरे सत्र में ही 271 रन पर सिमट गई और भारत ने 336 रन से मैच जीत लिया। आकाश दीप ने दूसरी पारी में छह विकेट और मैच में कुल 10 विकेट लिए। रनों के आधार भारत की इंग्लैंड के खिलाफ यह दूसरी सबसे बड़ी जीत है। इस जीत के साथ अब दोनों टीमें सीरीज में 1-1 की बराबरी पर आ गई हैं। बर्मिंघम का एजबेस्टन मैदान टेस्ट में भारत के लिए किसी बुरे सपने की तरह रहा है। यहां टीम इंडिया ने 1967 में पहला टेस्ट मैच खेला था, लेकिन अब तक उसे एजबेस्टन पर जीत नसीब नहीं हुई थी। अब आखिरकार शुभमन गिल ने अपनी कप्तानी में 58 साल से चले आ रहे हार के सिलसिले को समाप्त कर दिया है।

## सार संक्षेप

### फाइटर जेट की मरम्मत के लिए पहुंची इंजीनियरिंग टीम




तिरुवनंतपुरम। ब्रिटिश उच्चायोग ने बताया कि यूके की एक इंजीनियरिंग टीम तिरुवनंतपुरम हवाई अड्डे पर पहुंच गई है। यह टीम आपातकालीन लैंडिंग करने वाले ब्रिटेन के एफ-35बी फाइटर जेट का आकलन और उसकी मरम्मत का कार्य करेगी। इस फाइटर जेट ने 14 जून को तिरुवनंतपुरम अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आपातकालीन लैंडिंग की थी। यह लड़ाकू विमान अपने छोटी टेक-ऑफ और वर्टिकल लैंडिंग की खासियत के लिए जाना जाता है।

### बैंक ऑफ बड़ौदा ने ग्राहकों के हित में शुल्क माफ किया



**मुंबई**। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ बड़ौदा (बैंक) ने महत्वपूर्ण ग्राहक-हितैषी पहल करते हुए सभी मानक बचत खातों में न्यूनतम शेष राशि न रखने पर लगने वाले शुल्क को माफ कर दिया है। बैंक ने रविवार को एक विज्ञप्ति में कहा कि यह निर्णय पहली जुलाई से लागू माना जाएगा। बैंक ने कहा है कि इस पहल से ग्राहकों के प्रति उसकी प्रतिबद्धता और मजबूत हुई है। इसके साथ ही, ग्राहकों को अपने बचत खातों में मासिक औसत शेष राशि में किसी भी कमी के लिए कोई शुल्क नहीं देना होगा।

### केरल में निपाह वायरस का प्रकोप, निगरानी में 425 लोग



**तिरुवनंतपुरम**। केरल में निपाह वायरस के नए मामले सामने आने के बाद स्वास्थ्य विभाग ने 425 लोगों को निगरानी में रखा है। सबसे ज्यादा 228 लोग मलप्पुरम जिले में, 110 पलक्कड़ में और 87 कोझिकोड में निगरानी में हैं।

### 17वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में लेंगे हिस्सा

# पीएम मोदी चार दिवसीय दौरे पर ब्राजील पहुंचे

**रियो डी जेनेरियो**, 6 जुलाई (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चार दिवसीय यात्रा पर ब्राजील पहुंचे हैं। इस दौरान वे 17वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे और एक राजकीय यात्रा भी करेंगे। गैलेओ अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पहुंचने पर प्रधानमंत्री मोदी का औपचारिक स्वागत किया गया। प्रधानमंत्री का यह दौरा ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा के निमंत्रण पर हुआ।



■ यह उनकी पांच देशों की यात्रा का चौथा चरण

यह उनकी पांच देशों की यात्रा का चौथा चरण है। सोशल मीडिया पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, ब्राजील के रियो डी जेनेरियो पहुंच गया हूं, जहां मैं ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में हिस्सा लूंगा और बाद में राष्ट्रपति लूला के निमंत्रण पर राजकीय यात्रा पर उनकी राजधानी ब्रासीलिया जाऊंगा। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक्स पोस्ट में कहा, ब्रिक्स साझेदारी के लिए प्रतिबद्ध! प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 17वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के लिए ब्राजील के रियो डी जेनेरियो पहुंचे। इससे पहले पीएम मोदी अर्जेंटीना से यहां पहुंचे, जहां उन्होंने राष्ट्रपति जेवियर माइली के साथ व्यापक बातचीत की और द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ाने, रक्षा, महत्वपूर्ण खनिज, दवा, ऊर्जा और खनन क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर सहमति जताई।

### ब्राजील के साथ आपसी हितों के मुद्दों पर होगी चर्चा

ब्राजील की राजकीय यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ब्रासीलिया जाएंगे, जहां वे राष्ट्रपति लूला दा सिल्वा के साथ व्यापार, रक्षा, ऊर्जा, अंतरिक्ष, प्रौद्योगिकी, कृषि, स्वास्थ्य और लोगों के बीच संपर्क सहित आपसी हित के क्षेत्रों में दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी को व्यापक बनाने पर द्विपक्षीय चर्चा करेंगे।

### हिमाचल प्रदेश में मानसून का कहर जारी

# मंडी और चंबा में बादल फटा

■ मौसम विभाग ने राज्य के कई जिलों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की

**शिमला**, 6 जुलाई (देशबन्धु)। हिमाचल प्रदेश में मानसून की बारिश का कहर जारी है। मौसम विभाग ने मंडी, कांगड़ा और सिरमौर जिलों में तेज बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है। हिमाचल प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में रविवार सुबह से भारी बारिश का दौर जारी जारी और पिछले 24 घंटे में सबसे अधिक वर्षा कांगड़ा जिला के नगरोटा सूरियां में 102 मिलीमीटर दर्ज की गई है। इस बीच प्रदेश के मंडी व चम्बा जिलों में एक-एक घटना बादल फटने की भी सामने आई हैं। इस बीच मौसम विज्ञान केंद्र शिमला ने किन्नौर और लाहौल-स्पीति को छोड़ कर राज्य के बाकी सभी जिलों में अगले 6 घंटों में बहुत भारी बारिश की चेतावनी दी है।



### कई राज्यों में मूसलाधार बारिश का अनुमान

इस बीच, मौसम विभाग ने अगले पांच से छह दिन के दौरान पश्चिमोत्तर, मध्यवर्ती और पूर्वोत्तर भारत में मूसलाधार बारिश का अनुमान व्यक्त किया है। विभाग ने अगले दो दिन मध्य महाराष्ट्र के कुछ इलाकों में तेज वर्षा की संभावना जताई है। उत्तराखंड और पूर्वी राजस्थान में 11 जुलाई तक मूसलाधार बारिश के आसार हैं।

### कंगना की गैरमौजूदगी पर उठे थे सवाल, अब तोड़ी चुप्पी



हिमाचल प्रदेश में बादल फटने और भूस्खलन की घटनाओं ने भारी तबाही मचाई है, जिसमें सबसे ज्यादा नुकसान मंडी जिले में हुआ है। इस त्रासदी के बाद अभिनेत्री और भाजपा सांसद कंगना रनौत नुकसान और मृतकों के परिवारों के प्रति संवेदना जताने अपने लोकसभा क्षेत्र पहुंचीं। उन्होंने राज्य सरकार पर निशाना साधा। कंगना रनौत ने बताया कि वह स्थिति का पूरा ब्यौरा केंद्र सरकार को प्रस्तुत करेंगी और राज्य के लिए राहत और फंड की मांग करेंगी। दरअसल कंगना की क्षेत्र में गैरहाजिरी को लेकर काफी सवाल उठ रहे थे।

# रिटायरमेंट के बाद भी चंद्रचूड़ ने खाली नहीं किया बंगला

**नई दिल्ली**, 6 जुलाई (एजेंसियां)। पूर्व मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ का सरकारी बंगले में ज्यादा दिन तक रुकना अब विवाद का कारण बन गया है। सुप्रीम कोर्ट प्रशासन ने केंद्र सरकार को पत्र लिखकर आग्रह किया है कि 5, कृष्णा मेनन मार्ग स्थित बंगला तुरंत खाली करवाया जाए। यह बंगला देश के मुख्य न्यायाधीश का आधिकारिक निवास है। चंद्रचूड़ नवंबर 2024 में रिटायर हुए थे, लेकिन अब तक वहीं रह रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने एक जुलाई को केंद्रीय आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय को पत्र लिखकर कहा है कि देश के पूर्व मुख्य न्यायाधीश चंद्रचूड़ तय समय से ज्यादा दिन बंगले में रह रहे हैं। नियम के मुताबिक रिटायरमेंट के बाद पूर्व मुख्य न्यायाधीश को छह महीने तक टाइप-सात बंगले में रह सकते हैं। लेकिन चंद्रचूड़ टाइप-आठ बंगले में आठ महीने से रह रहे हैं, जो नियमों का उल्लंघन है।

#### डी वाई चंद्रचूड़ ने पारिवारिक कारण बताया

इस मुद्दे पर चंद्रचूड़ ने कहा कि यह देरी उनके पारिवारिक कारणों की वजह से हुई। उन्होंने बताया कि उनकी दो बेटियों को विशेष देखभाल की जरूरत है और उनके लिए उपयुक्त घर ढूंढना आसान नहीं था। सरकार ने उन्हें किराए पर दूसरा घर दिया है, जिसकी मरम्मत चल रही है। मरम्मत पूरी होते ही वह शिफ्ट हो जाएंगे। दिलचस्प बात यह है कि चंद्रचूड़ के रिटायरमेंट के बाद दो मुख्य न्यायाधीश जस्टिस संजीव खन्ना और वर्तमान मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई ने कृष्णा मेनन मार्ग स्थित बंगला लेने से इनकार कर दिया। दोनों ने अपने पुराने आवास में ही रहना पसंद किया। इसी वजह से चंद्रचूड़ को बंगले में अतिरिक्त समय मिलने में आसानी हुई।



■ अब सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र को लिखा पत्र

■ तुरंत खाली करवाया जाए यह बंगला

### केंद्र ने तोड़-मरोड़ कर पेश की विश्व बैंक की रिपोर्ट

# भारत में बढ़ रही असमानता: जयराम

**नई दिल्ली**, 6 जुलाई (एजेंसियां)। कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने रविवार को केंद्र सरकार पर आरोप लगाया कि उसने 'भारत के लिए विश्व बैंक की पॉवर्टी एंड इक्विटी ब्रीफ' की रिपोर्ट को तोड़-मरोड़ कर पेश किया। उन्होंने कहा कि गरीबी और असमानता अभी भी 'गंभीर चिंता का विषय' हैं, जिसमें 28.1 फीसदी भारतीय गरीबी रेखा के नीचे जीवनयापन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार समर्थक अब विश्व बैंक के आंकड़ों को इस तरह से पेश कर रहे हैं कि भारत दुनिया के सबसे समान समाजों में से एक है। इसे उन्होंने हकीकत से विपरीत बताया। कांग्रेस ने एक्स पर पत्र का एक अंश साझा करते हुए लिखा, विश्व बैंक ने अप्रैल 2025 में भारत के लिए अपनी गरीबी और समानता पर रिपोर्ट जारी की थी। इसके तीन महीने बाद मोदी सरकार के समर्थक इस रिपोर्ट के आंकड़ों को तोड़-मरोड़कर यह दावा करने लगे हैं कि भारत दुनिया के सबसे बराबरी वाले समाजों में से एक है जो कि हकीकत से बिल्कुल विपरीत है और गलत दावा है।



■ 28.1 फीसदी भारतीय गरीबी रेखा के नीचे जीवनयापन कर रहे

# बिक्रम मजीठिया को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा

**मोहाली**, 6 जुलाई (एजेंसियां)। पंजाब के पूर्व मंत्री बिक्रम सिंह मजीठिया को कड़ी सुरक्षा के बीच नाभा जेल ले जाया गया है। रविवार को मजीठिया की रिमांड खत्म हुई, जिसके बाद कोर्ट में पेशी हुई। मोहाली कोर्ट ने उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा है। शिरोमणि अकाली दल के नेता और पूर्व मंत्री बिक्रम सिंह मजीठिया की ड्रग मनी लॉन्ड्रिंग केस में 25 जून को गिरफ्तारी हुई थी। पंजाब की विजिलेंस ब्यूरो ने मजीठिया को उनके अमृतसर स्थित घर से गिरफ्तार किया था।



नाभा जेल ले जाया गया

### घोषणा — एलन मस्क ने ट्रंप को दिया झटका

# 'अमेरिका पार्टी' नाम से बनाया नया दल

**वाशिंगटन, 6 जुलाई (एजेंसियां)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उद्योगपति एलन मस्क के बिगड़ते रिश्ते अब एक नया मोड़ ले रहे हैं। टेस्ला के सीईओ मस्क ने एक नई राजनीतिक पार्टी के गठन का ऐलान कर दिया है। मस्क ने इसे 'अमेरिका पार्टी' का नाम दिया है, जिसका उद्देश्य देश के 'वन-पार्टी सिस्टम' को खत्म करना है। टेस्ला और स्पेसएक्स के सीईओ ने 'एक्स' के जरिए यह घोषणा की है।**

अपने संदेश में, मस्क ने दोनों प्रमुख दलों पर अनियंत्रित सरकारी खर्च और भ्रष्टाचार में योगदान देने का आरोप लगाया। उनके मुताबिक, देश अब लोकतंत्र के रूप में नहीं, बल्कि बर्बादी और स्वार्थ से संचालित एक एकीकृत राजनीतिक मशीन के रूप में काम करता है।

मस्क ने लिखा, अमेरिका द्विदलीय बर्बादी और भ्रष्टाचार से दिवालिया हो रहा है। यह लोकतंत्र नहीं है। यह छद्म रूप से वन-पार्टी सिस्टम है। अमेरिका पार्टी आपको आपकी स्वतंत्रता वापस दिलाने के लिए बनाई गई है। यह कदम अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पूर्व सहयोगी मस्क के लिए एक नाटकीय राजनीतिक बदलाव को दर्शाता है, जो पहले ट्रंप का समर्थन करने वाले सबसे प्रमुख डोनर्स में से एक थे। ट्रंप ने स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान 'वन बिग ब्यूटीफुल बिल' पर हस्ताक्षर किए थे, जो अब एक कानून बन गया है। एलन मस्क पहले ही चेतावनी दे चुके थे कि अगर यह बिल पास होता है, तो अमेरिका में एक नई पार्टी का गठन होगा।



■ देश के 'वन-पार्टी सिस्टम' को खत्म करना लक्ष्य

### मस्क ट्रंप के राजकोषीय एजेंडे के आलोचक रहे

नई पार्टी का ऐलान मस्क और ट्रंप के बीच हाई-प्रोफाइल विवाद के बाद हुआ है, जो कभी राजनीतिक सहयोगी रह चुके हैं। सरकारी दक्षता विभाग (डीओजीई) के प्रमुख के रूप में मस्क के संक्षिप्त कार्यकाल के दौरान तनाव बढ़ गया था, जहां उन्होंने खर्च में कटौती और फेडरल वर्कफोर्स पॉलिसी में कमी के लिए दबाव डाला, जो ट्रंप के भारी घरेलू बजट से टकराव दर्शाती थी। तब से मस्क ट्रंप के राजकोषीय एजेंडे के मुखर आलोचक रहे हैं।

# देश

उवाच

"हाल के चुनावों में मतदाता सूची और डाले गए वोटों की संख्या में कथित अनियमितताओं पर विपक्ष ने सवाल उठाया है। लेकिन, सरकार विपक्ष के सवालों का जवाब नहीं दे पाई। बिहार में निष्पक्ष चुनाव होना चाहिए, विपक्ष सवाल उठाकर अपनी जिम्मेदारी निभा रहा है।"

–राज बब्बर, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 34.0 | 27.0 |
| मुंबई | 28.0 | 27.0 |
| कोलकाता | 28.0 | 27.0 |
| चेन्नई | 36.0 | 28.0 |

# बिहार में महिलाओं की सुरक्षा व स्वास्थ्य पर विफल रही केंद्र सरकार : प्रमोद तिवारी

- कांग्रेस ने भाजपा की घटिया सोच पर केंद्र सरकार को घेरा
- कांग्रेस ने अपने सीमित संसाधनों से बांटे सैनेटरी पैड्स



सैनेटरी पैड्स पर कांग्रेस ने नहीं लगाई राहुल गांधी की तस्वीर, फैलाया गया झूठ : प्रमोद तिवारी

**लखनऊ/प्रयागराज,** 6 जुलाई (देशबन्धु)। राज्यसभा सांसद और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रमोद तिवारी ने रविवार को कहा कि सैनेटरी पैड्स पर राहुल गांधी की तस्वीर चस्पा कर झूठ फैलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर फर्जी वीडियो पोस्ट विपक्षी दल की घटिया सोच को दर्शाता है। कांगेस सांसद ने कहा कि सरकार महिलाओं की सुरक्षा और स्वास्थ्य पर विफल रही है, इसलिए कांग्रेस ने अपने सीमित संसाधनों से सैनेटरी पैड्स बांटे।

लेकिन भाजपा की घटिया सोच ने इन पैड्स पर राहुल गांधी की फर्जी फोटो लगाकर सोशल मीडिया पर झूठ फैलाया, पैड पर कोई फोटो नहीं थी। तिवारी ने इसे एक शर्मनाक, घृणित और घटिया हरकत है, जो भाजपा समर्थकों की मानसिकता को दर्शाता है। पुराने वादों की याद दिलाते हुए तिवारी ने कहा कि पीएम मोदी ने कहा था कि दाऊद इब्राहिम को छह महीने में भारत लाएंगे। अब पूछना चाहता हूं, कहां है दाऊद। मसूद अजहर, हाफिज सईद और दाऊद इब्राहिम जैसे आतंकियों का क्या हुआ। क्या भाजपा सरकार इनके खिलाफ कार्रवाई का कोई ब्योरा दे सकती है। राज्यसभा सांसद ने ऑपरेशन सिंदूर को लेकर भी बयान दिया। भारतीय वायुसेना की ओर से किए गए ऑपरेशन सिंदूर के समय, विदेश मंत्री ने पाकिस्तान को यह जानकारी दी कि हम आतंकी ठिकानों पर हमला करेंगे। नतीजा यह हुआ कि हमला केवल आतंकी ठिकानों पर हुआ, आतंकी सब वहां से हट गए। हमारे वीर जवानों की मेहनत का पूरा असर नहीं पड़ा। आखिर सरकार यह बताए कि आतंकी कहां मारे गए, कितने मारे गए और उनके नाम क्या हैं। जो आतंकी मारे गए, उनकी सूची कहां है। उन्होंने कहा कि यह सीधा राष्ट्रीय सुरक्षा के साथ समझौता है और सरकार को इसकी जवाबदेही तय करनी चाहिए।

## बिहार में तीन सौ गुना अपराध बढ़ा : अखिलेश सिंह



**पटना।** बिहार की राजधानी पटना में उद्योगपति गोपाल खेमका की हत्या के बाद राजनीति गर्म हो गई है। कांग्रेस, राजद सहित सभी विपक्षी पार्टियां सरकार पर कानून व्यवस्था को लेकर हमलावर हैं। इस बीच, कांग्रेस के राज्यसभा सांसद अखिलेश सिंह ने कहा कि एनडीए ने बिहार, पटना को क्राइम कैपिटल बना दिया है। पटना में एक साल में 116 हत्या हुई है। पटना में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि बिहार में 300 गुना क्राइम बढ़ गया है। एनडीए के लोग लगातार लालू यादव की सरकार के लिए जंगलराज की संज्ञा का इस्तेमाल करते थे। आज इस सरकार में 300 गुना क्राइम का ग्राफ बढ़ा है। उन्होंने कहा कि हम लोगों ने राज्यपाल से हस्तक्षेप करने की मांग शनिवार को भी की थी। दो दिनों के लिए बिहार विधानसभा का विशेष सत्र बुलाया जाना चाहिए और बढ़ती आपराधिक घटनाओं पर चर्चा की जानी चाहिए। उप मुख्यमंत्री के अपराधियों की जल्द गिरफ्तारी को लेकर दिए गए बयान पर उन्होंने कहा कि सिर्फ बयान देने से कुछ नहीं होगा। गांधी मैदान इलाके में जहां कलेक्टर रहते हों, 50 गज की दूरी पर एसपी बैठते हैं, वहां हत्या हो जाती है। उस घर में इससे पहले गोपाल खेमका के पुत्र की भी हत्या की गई थी। यह दूसरी हत्या है। अब यह सब बकवास नहीं चलने वाला है। सरकार के इस बयान को लोग स्वीकार नहीं करने वाले हैं। इस घटना से पूरा पटना मर्माहत है। गोपाल खेमका केवल एक व्यवसायी नहीं थे, बड़े समाजसेवी थे।

### आधार कार्ड को भी नकार रहा चुनाव आयोग

बिहार विधानसभा चुनाव से पहले शुरू वोटर लिस्ट विवाद पर सरकार को घेरते हुए उन्होंने कहा कि अगर किसी के पास आधार कार्ड है और वह किसी क्षेत्र में निवास कर रहा है, तो उसका नाम वोटर लिस्ट में जोड़ा जाना चाहिए। लेकिन चुनाव आयोग आधार कार्ड को भी नकार रहा है और नागरिकों से उनकी कुंडली पूछी जा रही है। भाजपा ने खुद संसद में कहा था कि आधार कार्ड भारतीयता का प्रमाण है, तो अब वही प्रमाण मान्य क्यों नहीं है। वहीं, नेहल मोदी की गिरफ्तारी पर भी प्रमोद तिवारी ने सवाल उठाए। जब सीबीआई और ईडी की जांचें चल रही थीं, तब ऐसे अपराधियों को विदेश भागने की छूट किसके इशारे पर मिली।

## राहुल 11 जुलाई को भुवनेश्वर में रैली को करेंगे संबोधित

**नई दिल्ली,** 6 जुलाई (एजेंसियां)। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी 11 जुलाई को ओडिशा के भुवनेश्वर में रैली को संबोधित करेंगे। इस रैली को लेकर कांग्रेस पोस्टर जारी किया



- कांग्रेस ने जारी किया पोस्टर

है। इस रैली में राहुल गांधी के साथ कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे समेत कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहेंगे। गांधी की इस रैली को लेकर कांग्रेस पार्टी ने पोस्टर जारी किया है, जिसमें कहा गया है 'संविधान बचाओ' रैली को राहुल गांधी संबोधित करेंगे। गौरतलब है कि ओडिशा मुख्यमंत्री मोहन चरण मांझी ने अपना एक वर्ष का कार्यकाल पूरा किया है। कांग्रेस विश्वस्त सूत्रों के अनुसार राहुल गांधी रैली में मांझी सरकार के एक वर्ष के कार्यकाल के दौरान महिलाओं, दलितों और आदिवासियों के खिलाफ अत्याचार के 'बढ़ते मामलों' को उजागर करेंगे।

## कश्मीर में धार्मिक उत्साह के साथ मनाया यौम-ए-आशूरा



- जुलजनाह जुलूस में शामिल हुए उपराज्यपाल मनोज सिन्हा

**श्रीनगर,** 6 जुलाई (एजेंसियां)। कश्मीर में रविवार को धार्मिक उत्साह के साथ 'यौम-ए-आशूरा' मनाया गया तथा पुराने शहर और घाटी के अन्य शिया बहुल क्षेत्रों में जुलजनाह का जुलूस निकाला गया। उल्लेखनीय है कि लगभग 1400 वर्ष पहले कर्बला की लड़ाई में हजरत इमाम हुसैन, उनके परिवार एवं साथियों की शहादत पर शोक मनाने के लिए पुराने शहर में सबसे बड़ा जुलजनाह जुलूस निकाला गया। इस जुलूस का नेतृत्व वरिष्ठ शिया नेताओं ने किया। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा भी श्रीनगर के बोताकादल में जुलजनाह जुलूस में शामिल हुए। इस अवसर पर उपराज्यपाल सिन्हा ने कहा कि मैं हज़रत इमाम हुसैन और उनके साथियों को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। शांति, प्रेम एवं करुणा के लिए उनका बलिदान हमें समानता एवं सद्भाव पर आधारित समाज का निर्माण करने में मार्गदर्शन प्रदान करता है। हज़रत इमाम हुसैन ने हमें निस्वार्थ सेवा का संदेश कमजोर लोगों की देखभाल करने का मार्गदर्शन प्रदान किया।

युवा पीढ़ी को हज़रत इमाम हुसैन के जीवन और गुणों से सीखना चाहिए और उनके द्वारा दिखाए गए नेक मार्ग पर चलना चाहिए। उपराज्यपाल ने शोक मनाने वालों के बीच नाश्ता भी परोसा। श्रीनगर पुलिस ने विभिन्न मार्गों पर नाका लगाया जहां से जुलूस निकाला गया।

### उमर अब्दुल्ला ने कर्बला के शहीदों को दी श्रद्धांजलि

जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने मुहर्रम के 10वें दिन आशूरा की पूर्व संध्या पर हजरत इमाम हुसैन और कर्बला के अन्य शहीदों को श्रद्धांजलि दी। उमर ने कहा कि कर्बला में इमाम हुसैन का रुख पीढ़ियों को झूठ के खिलाफ मजबूती से खड़े होने और क्रूर दमन के बावजूद मानवीय गरिमा को बनाए रखने के लिए प्रेरित करता है। उनकी विरासत सभी की है, संप्रदायों, क्षेत्रों और युगों से परे। उन्होंने कहा कि इमाम हुसैन द्वारा सन्निहित बलिदान, धैर्य और सच्चाई के मूल्य आज विशेष रूप से प्रासंगिक हैं, जब समाज नैतिक और सामाजिक चुनौतियों का सामना कर रहा है।

## सार संक्षेप

### मोदी ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी को किया नमन

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय जनसंघ के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी को उनकी जन्म-जयंती पर नमन किया है और भारत के निर्माण में उनके आदर्श और सिद्धांत को बहुमूल्य बताया है। मोदी ने रविवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, राष्ट्र के अमर सपूत डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को उनकी जन्म-जयंती पर भावभीनी श्रद्धांजलि। देश की आन-बान और शान की रक्षा के लिए उन्होंने अपने प्राण न्योछावर कर दिए। उनके आदर्श और सिद्धांत विकसित और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में बहुमूल्य हैं।

### राजौरी में दुर्घटनावश गोली लगने से सैनिक की मौत

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में राजौरी जिले के धर्मसल इलाके में रायफल से दुर्घटनावश गोली लगने से सेना के एक जवान की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि जवान धर्मसल में अपनी यूनिट में ड्यूटी पर था, तभी उसकी सर्विस राइफल से दुर्घटनावश गोली चल गई। उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया, तब तक उसकी मौत हो गयी थी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### डॉ.मोहन यादव जगन्नाथ रथ यात्रा में हुए शामिल


**ग्वालियर।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव भगवान जगन्नाथ की भव्य रथ यात्रा में शामिल हुए और उन्होंने जगन्नाथ के रथ को भी खींचा। डॉ. यादव ग्वालियर के महाराज बाड़े पर हुए इस आयोजन में शामिल हुए। इस दौरान जनसमुदाय में विशेष उत्साह देखने को मिला। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर भक्तों के साथ मिलकर हरे कृष्णा हरे राम की संकीर्तन धुनों में सहभागिता की। रथ यात्रा में केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर समेत अन्य जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

### फडणवीस ने भगवान विट्ठल का लिया आशीर्वाद

**पंढरपुर।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने रविवार को आषाढ़ी एकादशी के शुभ अवसर पर सोलापुर जिले के पंढरपुर में श्री विट्ठल-रुक्मिणी मंदिर में पूजा-अर्चना की और राज्य के लिए दिव्य आशीर्वाद मांगा। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने भगवान विट्ठल से संकटों पर विजय पाने की शक्ति, सन्मार्ग पर चलने की बुद्धि तथा किसानों की समृद्धि एवं संतुष्टि के लिए आशीर्वाद मांगा। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने अपनी पत्नी अमृता के साथ नासिक से आए सम्मानित भक्तों कैलास दामू उगले और कल्पना उगले के साथ आधिकारिक महापूजा की। पूजा के बाद श्री विट्ठल-रुक्मिणी मंदिर समिति द्वारा सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

## रक्षा लेखा विभाग के सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे राजनाथ

**नई दिल्ली,** 6 जुलाई (एजेंसियां)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सोमवार को यहां रक्षा लेखा विभाग के तीन दिन के नियंत्रक सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। रक्षा मंत्रालय ने रविवार को बताया कि सम्मेलन में देश की रक्षा वित्तीय प्रणाली के भविष्य को आकार देने पर मुख्य रूप से चर्चा की जाएगी। प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान, तीनों सेनाओं के प्रमुख, रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह, वित्तीय सलाहकार (रक्षा सेवाएं) एस. जी. दस्तीदार और रक्षा लेखा महानियंत्रक डॉ. मयंक शर्मा सहित शीर्ष सैन्य और प्रशासनिक अधिकारी सम्मेलन में उपस्थित रहेंगे। यह भारत की रक्षा वित्तीय प्रणाली के भविष्य को आकार देने में इसकी महत्ता को दर्शाता है। नियंत्रक सम्मेलन नीतिगत संवाद, रणनीतिक समीक्षा और संस्थागत नवाचार का एक प्रमुख मंच है जो रक्षा और वित्त क्षेत्रों में रक्षा लेखा विभाग के शीर्षस्थ नेतृत्व, सिविल सेवकों, शिक्षाविदों, थिंक टैंक और अन्य हितधारकों को एक मंच पर लाता है। यह चुनौतियों के मूल्यांकन, सुधार शुरू करने और रक्षा तैयारियों में वित्तीय प्रणाली की भूमिका को आगे बढ़ाने के महत्वपूर्ण फोरम के रूप में कार्य करता है। इस वर्ष के सम्मेलन का विषय 'रक्षा वित्त तथा अर्थशास्त्र के माध्यम से वित्तीय सलाह, भुगतान, लेखा परीक्षा और लेखांकन में परिवर्तन' है।



- रक्षा वित्तीय प्रणाली के भविष्य को आकार देने पर होगी चर्चा

## इटावा सफारी पार्क की उत्तर प्रदेश सरकार कर रही अनदेखी : अखिलेश

**लखनऊ/इटावा,** 6 जुलाई (देशबन्धु)। एशियाई शेरों के सबसे बड़े आशियाने के रूप में देश दुनिया में लोकप्रिय इटावा सफारी पार्क को लेकर समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने योगी सरकार को घेरा है और लाइन सफारी की अनदेखी करने का आरोप योगी सरकार पर लगाया है। इटावा सफारी पार्क में 18 एशियाई शेर शावक शेरनिया, 21 लेपर्ड, 6 भालू, 6 बारह सिंघा, 250 के आसपास ब्लैक बक ओर हिरण के अलावा करीब तीन सौ से अधिक प्रजाति के पक्षी है जो पर्यटकों को आकर्षित करते हैं।

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि सरकार की सोच पर्यावरणीय नहीं है और इसीलिए इटावा सफारी पार्क के अनदेखी सरकार करने में जुटी हुई है, समाजवादी सरकार में इटावा सफारी पार्क का निर्माण किया गया है और आज तक इटावा सरकारी पार्क के विस्तारीकरण के लिए कोई बजट नहीं दिया गया है। यह सब बातें इटावा सफारी पार्क की अनदेखी की ओर इशारा करती है, उनका कहना है कि जब तक पर्यावरण सोच वाली सरकार नहीं होगी तब तक इसी तरह से पर्यावरण का नुकसान होता रहेगा। इटावा सफारी पार्क में देश का पहला ब्रीडिंग सेंटर खोला गया है जिसमें एशियाई शेरों की पैदाइश हो रही है।



- बजट के अभाव में पार्क का विस्तारीकरण हो रहा बुरी तरह से प्रभावित

उन्होंने आरोप लगाया कि बजट के अभाव में इटावा सफारी पार्क का विस्तारीकरण बुरी तरह से प्रभावित हो रहा है। अखिलेश ने कहा इटावा की पहचान देश दुनिया में कभी को चंबल के कुख्यात डाकुओं के आतंक से देश दुनिया में बनी हुई थी लेकिन आज इटावा की पहचान लाइन सफारी से बन चुकी है देश दुनिया से बड़ी संख्या में पर्यटक इटावा सफारी पार्क नियमित आने में जुटे हुए हैं। इटावा सफारी पार्क में आने वाले हर पर्यटक को एशियाई शेर हर हाल में देखने को तो मिलते ही है इसके अलावा अन्य वन्य जीव भी पर्यटक देखकर के खासे आनंदित भी होते हैं।

वैसे तो इटावा सफारी पार्क में बड़ी तादाद में अन्य वन्य जीव भी हैं लेकिन सबसे बड़ा आकर्षण एशियाटिक शेर ही हैं। इन्हें देखने पर्यटक बड़ी तादाद में साल भर आते हैं। सफारी प्रबंधन ने लॉयन सफारी में 5 शेरों को छोड़ रखा है। पहले ये एक बाड़े में बंद थे, लेकिन अब इन्हें खुला छोड़ दिया है। अब पर्यटक बंद गाड़ी से यहां घूमेंगे और शेरों को खुले मैदान में देख सकेंगे।

## सिगाची फार्मा विस्फोट में मृतकों की संख्या 42 हुई

- लापता लोगों की तलाश जारी

**हैदराबाद,** 6 जुलाई (एजेंसियां)। तेलंगाना के संगारेड्डी जिले में सिगाची फार्मा कंपनी में मंगलवार को हुए जोरदार विस्फोट में घायल एक और व्यक्ति की रविवार को मौत के बाद मृतकों की संख्या बढ़कर 42 हो गयी है। अधिकारियों के अनुसार, विस्फोट में गंभीर रूप से घायल जितेंद्र की आज मौत हो गई, जिससे मृतकों की संख्या बढ़कर 42 हो गई। उसका ध्रुव अस्पताल में इलाज चल रहा था। इससे संबंधित एक घटनाक्रम में, अधिकारियों ने मलबे से बरामद एक और शव की पहचान की है। उस हादसे में लापता नौ व्यक्तियों का अभी भी पता नहीं चल पाया है। राहत और बचाव दल लापता लोगों का पता लगाने के लिए अपने प्रयास जारी रखे हुए हैं।

## झारखंड में सरकारी कार्यालय में धूम्रपान करने वाले बाबू पर गिरी निलंबन की गाज



- मुख्यमंत्री हेमंत बोले, यह सब बर्दाश्त नहीं

**रांची,** 6 जुलाई (एजेंसियां)। झारखंड में सरकारी दफ्तरों में धूम्रपान करने वाले बाबुओं की अब खैर नहीं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि कार्यालय परिसर में इस प्रकार की गतिविधियां किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएंगी। सरकार का निर्देश है कि अगर कोई कर्मचारी नियमों का उल्लंघन करते हुए पकड़ा जाएगा, तो उसके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले में एक ऐसा ही मामला सामने आने के बाद एक सरकारी जनसेवक जगमोहन सोरेन को सीएम के निर्देश पर रविवार को निलंबित कर दिया गया। मुख्यमंत्री से निर्देश मिलते ही जिला प्रशासन हरकत में आया और रविवार को उपायुक्त ने मुख्यमंत्री को सूचित किया कि जनसेवक जगमोहन सोरेन को झारखंड सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली- 2016 की कंडिका 9 (क) के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। इसके साथ ही उप विकास आयुक्त को उनके विरुद्ध विधिवत अनुशासनात्मक कार्रवाई प्रारंभ करने का निर्देश भी दिया गया है।

### पश्चिमी सिंहभूम जिले का मामला

यह मामला पश्चिमी सिंहभूम जिले के जगन्नाथपुर प्रखंड कार्यालय का है, जहां जनसेवक के पद पर कार्यरत जगमोहन सोरेन का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वीडियो में देखा गया कि जगमोहन सोरेन सरकारी कार्यालय में अपनी टेबल पर बैठकर बेफिक्री से सिगरेट पीते हुए धुएं के छल्ले बना रहे हैं। यह वीडियो 5 जुलाई को एक युवक ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर साझा किया था और उसमें मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को टैग करते हुए तत्काल कार्रवाई की मांग की थी। मुख्यमंत्री ने वीडियो पर संज्ञान लेते हुए उसी दिन पश्चिमी सिंहभूम के उपायुक्त को तत्काल प्रभाव से कार्रवाई कर सूचना देने का निर्देश दिया।

## आणंद में सहकारिता सम्मेलन आयोजित

**आणंद,** 6 जुलाई (एजेंसियां)। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह और गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल की उपस्थिति में केंद्रीय सहकारिता मंत्रालय के चौथे स्थापना दिवस के अवसर पर रविवार को आणंद में भव्य सहकारिता सम्मेलन का आयोजन किया गया। शाह ने विश्व प्रसिद्ध अमूल डेयरी के विभिन्न विकास कार्यों का उद्घाटन करते हुए कहा कि आणंद में केंद्रीय सहकारिता मंत्रालय के चार वर्ष, राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के 60 वर्ष तथा सरदार पटेल की 150वीं जयंती के सफल समन्वय से अनेक गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। केंद्रीय सहकारिता मंत्रालय चार साल में पांच पी-पीपुल्स (सार्वजनिक सेवा केंद्रित), पैक्स (प्राथमिक सहकारी समितियों का सशक्तिकरण), प्लेटफॉर्म (डिजिटल प्लेटफॉर्म), पॉलिसी (नई नीतियां) और प्रॉसपेरिटी (समाज की समृद्धि) के आधार पर काम कर रहा है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सहकारी गतिविधियों का दायरा विस्तारित हो रहा है।

## बिहार में लालू प्रसाद के गढ़ में जमकर गरजे चिराग पासवान

**पटना,** 6 जुलाई (देशबन्धु)। केंद्रीय मंत्री और लोजपा (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान रविवार को छपरा पहुंचे, जहां उन्होंने राजेंद्र स्टेडियम में आयोजित जनसभा को संबोधित किया। हजारों की संख्या में मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने बिहार से हो रहे पलायन को गंभीर मुद्दा बताया और कहा कि राज्य में ऐसी सरकार बननी चाहिए जो लोगों को उनके गांव, शहर और प्रखंड में ही रोजगार उपलब्ध कराए, ताकि उन्हें रोजी-रोटी के लिए बाहर न जाना पड़े। उन्होंने तेजस्वी यादव और आरजेडी पर निशाना साधते हुए कहा कि 2023 में जब राज्य में महागठबंधन की सरकार थी, तब डिप्टी सीएम और शिक्षा मंत्री राजद से थे, लेकिन उस दौरान डोमिसाइल नीति की बात क्यों नहीं उठी, जबकि हम तब भी इसकी मांग कर रहे थे। चिराग पासवान ने दावा किया कि उन्हें बार-बार बिहार आने से रोका जाता है, लेकिन अब वह विधानसभा चुनाव लड़ने की तैयारी में हैं। उन्होंने कहा कि मैं बिहार में रहकर युवाओं को रोजगार, महिलाओं को सम्मान और बुजुर्गों को सुरक्षा देना चाहता हूं। अपने भाषण के दौरान चिराग ने युवाओं से सवाल किया, क्या लोजपा बिहार की 243 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी। भीड़ से जोरदार समर्थन मिलने पर उन्होंने घोषणा की, हां, लड़ेगी और पूरे दमखम से लड़ेगी। उन्होंने यह भी कहा कि अगर पिछली बार की तरह लोजपा के साथ किसी प्रकार का षड्यंत्र होता है, तब भी पार्टी चुनाव मैदान में डटी रहेगी।



- बिहार से हो रहे पलायन को गंभीर मुद्दा बताया

आस्था | भीषण गर्मी भी नहीं रोक पाई श्रद्धा का सैलाब

## बम-बम भोले के जयकारों के साथ पांचवां जत्था जम्मू से रवाना

**जम्मू,** 6 जुलाई (एजेंसियां)। श्री अमरनाथ यात्रा के 7208 तीर्थयात्रियों का पांचवां जत्था रविवार सुबह बम बम भोले के जयकारों के साथ भगवती नगर स्थित यात्री निवास से दक्षिण कश्मीर हिमालय में पवित्र गुफा मंदिर के लिए रवाना हुआ। घाटी में पड़ रही भीषण गर्मी भी भक्तों की आस्था और श्रद्धा को प्रभावित नहीं कर रही है।

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि तीर्थयात्री 310 वाहनों के बेड़े में जम्मू आधार शिविर से रवाना हुए। उन्होंने कहा कि रविवार सुबह 7208 तीर्थयात्रियों का पांचवां जत्था कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच जम्मू आधार शिविर से कश्मीर में अमरनाथ यात्रा गुफा मंदिर के लिए रवाना हुआ।

उन्होंने कहा कि हल्के मोटर वाहन और भारी मोटर वाहन सहित 310 वाहनों के बेड़े में 4009 तीर्थयात्री पहलगाम और 3199 तीर्थयात्री बालटाल के लिए रवाना हुए। रोजाना सुबह जम्मू के भगवती नगर से शिव भक्तों को काफिले के तौर पर कड़ी सुरक्षा कवर के बीच घाटी लाया जाता है जहां से वह सोनमर्ग और पहलगाम की ओर रवाना होते हैं। 38 दिवसीय तीर्थयात्रा, जो 3 जुलाई को शुरू हुई, 9 अगस्त को समाप्त होगी। दोनों मार्गों पर अतिरिक्त चौकियों, चिकित्सा चौकियों और परिवहन मार्शलों के साथ, अधिकारियों का कहना है कि वे एक सुचारू और सुरक्षित यात्रा सीजन सुनिश्चित करने के लिए दृढ़ हैं। गौरतलब है कि केंद्र शासित प्रदेश के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने दो जुलाई को यहां से तीर्थयात्रियों के पहले जत्थे को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया था। वहीं श्री अमरनाथ जी यात्रा 2025 के तीसरे दिन भी बालटाल और नुनवन आधार शिविरों से बाबा बर्फानी के भक्तों का तीसरा जत्था पवित्र अमरनाथ गुफा की ओर रवाना हुआ। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार दोनों आधार शिविरों से सुबह करीब पांच बजे भक्तों का जत्था बम बम भोले और जय शिव शंकर के जयघोष लगाते हुए पवित्र गुफा की ओर रवाना हुए।



- नौ अगस्त को समाप्त होगी पवित्र अमरनाथ यात्रा

मिली जानकारी के अनुसार दोनों ओर से करीब साढ़े सात हजार से अधिक यात्री तीसरे दिन गुफा की ओर रवाना हुए। नुनवन आधार शिविर से अपनी यात्रा शुरू करने वाले पुणे से आये पंकज ने कहा कि वह पिछले करीब नौ वर्षों से यात्रा पर आ रहे हैं लेकिन इस वर्ष मौसम पिछले कई वर्षों की तुलना में गर्म है। उन्होंने कहा कि मौसम चाहे गर्मी हो या सर्दी शिव भक्तों की आस्था किसी भी चीज़ से प्रभावित नहीं हो पाएगी। हम आतंकवादी हमले से नहीं डरे तो बाकी चीजें मायने नहीं रखतीं। बता दें कि अगर आधिकारिक आंकड़ों की ओर नजर मारें तो अभी तक औपचारिक रूप से पहले दो दिनों में यात्रा करने वाले श्रद्धालुओं की संख्या 26863 है। पहले दिन 3 जुलाई को 12348 और दूसरे दिन 4 जुलाई को 14515 है। वहीं आस्था की ताकत साथ हो तो दिव्यांगता कैसी भी हो, मंजिल तक पहुंचने से कोई रोक नहीं सकता। बाबा बर्फानी का दर्शन करके लौटे दिव्यांग भक्तों को देख कर तो यही अहसास होता है।

# कैपिटल ज़ोन

उल्टा पुल्टा

टीचर : अगर एक तरफ पैसा हो और दुसरी तरफ अक्ल हो तो तुम क्या चुनोगे ?
गट्टू : टीचर मै तो पैसा लूंगा।
टीचर : गलत, मैं अक्ल चुनूंगी।
गट्टू : आप की मरजी। जिसके पास जिस चीज की कमी होती है वो उस चीज को चुनता है।

देवेंद्र यादव ने विधानसभा स्पीकर पर लगाया 'शीशमहल' की तर्ज पर 'शौचमहल' बनाने का आरोप, कहा

## जनता बेहाल व भाजपा नेता हो रहे मालामाल

**नई दिल्ली,** 6 जुलाई (देशबन्धु)। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कहा कि जब दिल्लीवासी भीषण गर्मी में बिजली और जल संकट से जूझ रहे हैं, तब भाजपा नेता जनता के टैक्स के पैसों से शाही ठाठ-बाट में डूबे हुए हैं। उन्होंने विधानसभा स्पीकर विजेंद्र गुप्ता के आवास को 'शौचमहल' नाम दिया, ठीक वैसे ही जैसे रेखा गुप्ता के बंगले को 'फूलकुमारी निवास' कहा था। देवेन्द्र यादव ने आरोप लगाया कि दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता के सरकारी आवास बंगला न: 9, श्यामनाथ मार्ग पर अब तक 2.35 करोड़ रुपए से अधिक खर्च किए जा चुके हैं, जिसमें से 94.69 लाख रुपए सिर्फ शौचालय और स्नान गृह के नवीनीकरण पर खर्च हुए हैं।

देवेन्द्र यादव ने दस्तावेज़ों के हवाले से बताया कि महंगी टाइल्स, शॉवर, फिटिंग्स और बेसिन जैसी लग्ज़री वस्तुएं इस शाही नवीनीकरण का हिस्सा हैं। इसके अलावा 94.93 लाख रुपए केवल इलेक्ट्रिकल कार्यों पर और 44.82 लाख रुपए अन्य मरम्मत व सौंदर्यीकरण पर खर्च किए



सत्ता संघर्ष व ऐशो आराम की प्राथमिकता के चलते भाजपा को जनता की समस्याओं से कोई सरोकार नहीं है : देवेंद्र यादव

जा रहे हैं। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि यह खर्च दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के फूलकुमारी निवास से भी अधिक है।

देवेन्द्र यादव ने आशंका जताई कि यह खर्च अरविंद केजरीवाल के शीशमहल की तरह धीरे-धीरे कई गुना बढ़ सकता है, क्योंकि भाजपा में अब होड़ मची है, कि कौन अपने बंगले पर जनता का ज्यादा पैसा

- कांग्रेस ने रेखा गुप्ता व विजेंद्र गुप्ता के बीच शाही खर्च की प्रतिस्पर्धा करने का लगाया आरोप

लगाता है। उन्होंने कहा कि एक तरफ रेखा गुप्ता और विजेंद्र गुप्ता के बीच शाही खर्च की प्रतिस्पर्धा चल रही है, वहीं मंत्री प्रवेश वर्मा और रेखा गुप्ता के बीच 'सत्ता संघर्ष' भी खुलकर सामने आ गया है। सत्ता संघर्ष और ऐशो आराम की प्राथमिकता के चलते भाजपा नेताओं को जनता की समस्याओं से कोई सरोकार नहीं है।

देवेन्द्र यादव ने भाजपा के आंतरिक मतभेदों को उजागर करते हुए कहा कि समझौतों की राजनीति और सता संघर्ष की लड़ाई के कारण दिल्ली जल बोर्ड से जुड़ी योजनाएं अब कैबिनेट की मंजूरी के बिना पास होंगी। उन्होंने याद दिलाते हुए कहा कि प्रवेश वर्मा की नाराज़गी के कारण पीएमओ की निगरानी वाली समिति का उन्हें अध्यक्ष बनाया था और अब उसी प्रकार प्रवेश वर्मा को रेखा गुप्ता के नेतृत्व वाली कैबिनेट से मंजूरी लेने से भी मुक्त किया गया। उन्होंने कहा कि सत्ता संघर्ष की लड़ाई में अब भाजपा के मंत्री और विधायक गुटबाजी में फंसे हैं और अपनी हिस्सेदारी सुनिश्चित करने के लिए रस्साकशी में जुटे हैं।

देवेन्द्र यादव ने कहा कि इतिहास गवाह है कि भाजपा 1993-1998 के बीच सत्ता संघर्ष में 3 मुख्यमंत्री बदल चुकी है और 27 साल में आने के बाद वही कहानी दोहराई जाने की आधारशिला रखी जा चुकी है। क्योंकि भाजपा नेताओं में सत्ता की लालसा और वैभव की होड़ सार्वजनिक दिखाई दे रही है।

देवेन्द्र यादव ने कहा कि यदि भाजपा नेताओं का यही रवैया रहा तो दिल्ली का 1 लाख करोड़ का बजट सिर्फ उनकी सुख-सुविधाओं पर खर्च हो जाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा को दिल्ली की सत्ता संभाले 4 महीनों बीत चुके हैं लेकिन घोषणापत्र के एक भी वादे पर अमल नही किया गया है। उन्होंने कहा कि जैसे जनता ने भ्रष्टाचार में डूबी केजरीवाल सरकार को सबक सिखाया, वैसे ही भाजपा को भी समय आने पर जवाब देगी।

## 1400 नर्सों व पैरामेडिकल स्टाफ को मिली स्थायी नौकरी

### रेखा गुप्ता ने पिछली सरकारों पर लगाया भ्रष्टाचार का आरोप



**नई दिल्ली,** 6 जुलाई (एजेंसियां)। दिल्ली सरकार ने ऐतिहासिक कदम उठाते हुए 1,388 नर्सों और 41 पैरामेडिकल स्टाफ को स्थायी नौकरी दे दी है। सोमवार को मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने नर्सों और पैरामेडिकल स्टाफ को नियुक्ति पत्र सौंपे। रेखा गुप्ता ने कहा कि वर्षों तक पिछली दिल्ली सरकारों ने राष्ट्रीय राजधानी के लोगों को कोई स्थायी नौकरी नहीं दी। यह एक ऐतिहासिक क्षण है, जब कई सालों के बाद 1,388 नर्सों को नियुक्ति पत्र दिए जा रहे हैं।

दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में आयोजित कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने

वर्षों तक पिछली दिल्ली सरकारों ने राष्ट्रीय राजधानी के लोगों को कोई स्थायी नौकरी नहीं दी : रेखा गुप्ता

'आयुष्मान भारत योजना' के लिए पंजीकरण वैन को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह एक ऐसी पहल है जो स्वास्थ्य सेवा को लोगों की चौखट तक पहुंचाएगी। ये वैन दिल्ली के हर नागरिक को आयुष्मान भारत कार्ड पंजीकरण की सुविधा देने और उन्हें देश की सबसे बड़ी स्वास्थ्य सुरक्षा योजना से जोड़ने के मकसद से शुरू की गई है।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पिछली सरकारों पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि दिल्ली देश की राजधानी है, फिर भी पिछले 27 सालों में सरकारों के शासन में प्रति 1000 लोगों पर केवल 0.42 अस्पताल के बिस्तर उपलब्ध थे। दूसरे शब्दों में कहें तो दिल्ली की सरकार अपने नागरिकों के लिए एक बिस्तर भी पर्याप्त रूप से उपलब्ध नहीं करा सकी। 38 सरकारी अस्पतालों में सिर्फ 6 एमआरआई मशीनें और बारह सीटी स्कैन थे। दवाओं, मशीनरी, तकनीक, डॉक्टरों, नर्सों और पैरामेडिकल स्टाफ की भारी कमी थी। मरीज आते थे, लेकिन उन्हें गेट पर ही लौटा दिया जाता था।

रेखा गुप्ता ने पिछली आम आदमी पार्टी सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि ये लोग वर्ल्ड क्लास हेल्थ मॉडल की बात करते थे। मोहल्ला क्लीनिक के नाम पर करोड़ों रुपयों का भ्रष्टाचार हुआ। दवाइयों के बड़े-बड़े बिल बनाए गए। इन क्लीनिक में लगाए गए कर्मचारी संख्या गिनते थे, क्योंकि सरकार ने प्रति मरीज के हिसाब से 40 रुपए देने का वादा किया था। ऐसे में एक दिन में 200 मरीजों का पर्चा बना दिया गया। हर जगह दवाइयों की खरीद में, कर्मचारियों के कॉन्ट्रैक्ट और अस्पताल की इमारतें बनाने में भ्रष्टाचार हुआ।

## सार संक्षेप

### एनडीएमसी ने शिकायतों के समाधान हेतु सुविधा कैंप का किया आयोजन

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली नगरपालिका परिषद ने जय सिंह रोड, नई दिल्ली स्थित एनडीसीसी कन्वेंशन सेंटर में अपने मासिक सुविधा कैंप का आयोजन किया। इस कैंप का उद्देश्य एनडीएमसी प्रशासन और नई दिल्ली के निवासियों के बीच प्रत्यक्ष संवाद स्थापित करना था, ताकि जन शिकायतों का त्वरित समाधान, नागरिक सुविधाओं की जानकारी और विभिन्न नगरपालिका सेवाओं तक सरल पहुँच सुनिश्चित की जा सके। कैंप के दौरान विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा 120 से अधिक शिकायतें प्राप्त की गईं और उनका समाधान किया गया।

### डॉक्टर्स दिवस पर रक्तदान शिविर आयोजित

**नई दिल्ली।** डॉक्टर्स दिवस के उपलक्ष्य में मांगा मेडिकल सेंटर कृष्णा नगर में 29वां रक्तदान शिविर लगाया गया। इसमें इण्डियन मेडिकल एसोसिएशन। भारतीय जानता पार्टी, हेल्प 24, हनुमान मंदिर समिति आदि कई संस्थाओं ने भाग लिया। मुख्य अतिथि श्री हर्ष मल्होत्रा , संसद एवम् केंद्रीय मंत्री थे । दधीचि देहदान समिति का भी स्टाल लगाया गया था जिसने नेत्र दान और देहदान संबंधी जानकारी दी गई । हर्ष मल्होत्रा जी ने रक्तदान के लाभ बताएं। डॉ वि के मांगा ने ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से जानता को जागरूक करने का संकल्प दोहराया। विधायक डॉ अनिल गोयल, नवीन कुमार, संदीप कपूर, राम किशोर शर्मा, राजू साईं भी शामिल हुए। 151 लोगों ने रक्तदान किया।



### नशा तस्करों पर शिकंजा, दो गिरफ्तार, गांजा बरामद

**नई दिल्ली।** उत्तर-पश्चिम जिला पुलिस की नशा रोधी टीम और शालीमार बाग थाना पुलिस ने नशे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक महिला और एक पुरुष ड्रग पेडलर को गिरफ्तार किया है। दोनों के कब्जे से कुल 1.17583 किलोग्राम गांजा और 54 क्वार्टर अवैध शराब बरामद की गई है। पूछताछ में खुलासा हुआ कि दोनों आरोपी पिछले कई वर्षों से नशे की तस्करी में लिप्त थे और दिल्ली के अलग-अलग इलाकों में मांग के अनुसार गांजा और शराब की आपूर्ति करते थे। ये कार्रवाई दो अलग-अलग ऑपरेशन में हुई है। पहला मामला दिल्ली के जहांगीरपुरी से है। दरअसल, शनिवार को पुलिस को सूचना मिली कि जहांगीरपुरी क्षेत्र में एक व्यक्ति अवैध नशीले पदार्थों की तस्करी कर रहा है। इस सूचना के आधार पर इंस्पेक्टर मदन मोहन (नारकोटिक्स प्रभारी) और एसीपी ऑपरेशन्स रंजीत ढाका के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई, जिसमें एसआई राजेंद्र, एएसआई दिनेश, एएसआई चंदरपाल, एचसी स्वयं, एचसी तुषार और महिला एचसी अंजू शामिल थे। टीम ने एमसीडी फ्लैट्स के सामने स्थित कचरा डंपिंग ग्राउंड पर जाल बिछाया और एक संदिग्ध व्यक्ति अंसुद्दीन अली को दबोचा।

## साहस के साथ अन्याय का सामना करना सबसे जरूरी : कैलाश सत्यार्थी

**नई दिल्ली,** 6 जुलाई (देशबन्धु)। नोबल पुरस्कार विजेता कैलाश सत्यार्थी के करुणा पर केंद्रित दुनिया के पहले शिक्षण कार्यक्रम सत्यार्थी समर स्कूल एसएसएस का शनिवार को समापन हुआ। नई दिल्ली के इंडिया हैबिटेट सेंटर में समापन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कैलाश सत्यार्थी ने कहा कि करुणा को वैश्विक बनाने के लिए जिस चीज की सबसे ज्यादा जरूरत है। वह है साहस के साथ अन्याय का सामना करना। उन्होंने कहा कि दूसरों के दर्द को अपने दुख के रूप में महसूस करने से पैदा होने वाली शक्ति ही करुणा है।

एसएमजीसी की सीईओ अस्मिता सत्यार्थी ने कहा कि इतने देशों, विश्वविद्यालयों और विषयों से इतने सारे युवाओं को सत्यार्थी समर




स्कूल के पहले बैच में देखना उत्साहवर्धक रहा। मैंने युवा परिवर्तनकर्ताओं की प्रेरक कहानियां सुनीं और उन्हें एक करुणामय दुनिया बनाने के लिए एक साथ आते देखा। 8 जून से 5 जुलाई 2025 तक चले इस 30 दिवसीय कार्यक्रम में लाइबेरिया, मैक्सिको, ताजिकिस्तान, फिलिस्तीन, अमेरिका सहित 11 देशों के 25 युवा विश्व स्तरीय संकाय से जुड़े और दुनिया की कुछ सबसे बड़ी चुनौतियों का समाधान करने के लिए करुणामय सिद्धांतों को अपनाया।

इस दौरान प्रतिभागी दिल्ली और राजस्थान में स्थित बाल-अनुकूल समुदायों-बाल मित्र मंडल और बाल मित्र ग्राम में गए। उन्होंने बाल नेतृत्वकर्ताओं से बातचीत की और उनकी प्रेरक कहानियों को सुना, रैलियों में भाग लिया, बाल आश्रम में रहे और उन बच्चों के साथ समय बिताया जिन्हें श्रम और शोषण से बचाया गया है।

## लाखों लोगों की जिंदगियां बदल रहा सेवा भारती

**नई दिल्ली,** 6 जुलाई (देशबन्धु)। दिल्ली की झुग्गियों से एक परित्यक्त बच्चे की यह प्रेरणादायक कहानी आज अंतरराष्ट्रीय स्तर के समाज सुधारक के रूप में सामने आई है। यह उसकी जिजीविषा और निःस्वार्थ सेवा की ताकत का प्रमाण है जिससे वह आज लाखों गरीब बच्चों और महिलाओं की जिंदगी में बदलाव ला चुका है।



उसकी यह अद्भुत सफलता संभव नहीं थी अगर आरएसएस सेवा भारती ने उसे सहारा नहीं दिया होता। दो साल की उम्र में जब उसके माता-पिता ने उसे और उसकी तीन दिन की बहन को दिल्ली की सबसे अपराधग्रस्त झुग्गियों में छोड़ दिया था, तब सेवा भारती ने उन्हें छत, पढ़ाई और संस्कार दिए। आठ साल की उम्र में उसने गुब्बारे बेचने और छोटे-मोटे काम करने शुरू कर दिए ताकि अपनी छोटी बहन का पेट पाल सके। उसकी जिंदगी तब बदली जब सेवा भारती ने उसका हाथ थाम कर अपराध और शोषण से बचाया। सेवा भारती ने केवल उसे शिक्षा ही नहीं दी, बल्कि उसमें निःस्वार्थ सेवा, अनुशासन और देशभक्ति जैसे गुण भी डाले।

## डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर किया पौधरोपण

**नई दिल्ली,** 6 जुलाई (देशबन्धु)। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 124वीं जन्म जयंती पर पूर्व महापौर जयप्रकाश ने शास्त्री नगर में सशक्त भारत युवा एकता मंच के तत्वाधान में संस्था अध्यक्ष बिशम्बर वशिष्ट की अध्यक्षता में 56 बीघा पार्क में 124 पेड़ लगाकर लोगों को प्रेरित किया एवं दिल्ली को हरित बनाने की ओर एक और कदम बढ़ाया। जयप्रकाश ने 124 पेड़ लगाए एवं उन पेड़ों की सुरक्षा के लिए 124 पालक भी नियुक्त किए जो प्रतिदिन पेड़ों को न केवल पानी देंगे बल्कि उनकी देखभाल भी करेंगे। कार्यक्रम में सशक्त भारत युवा एकता मंच की टीम के साथ भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं एवं अन्य संस्थाओं ने भी बढ़-कर कर भाग लिया और जयप्रकाश से दिल्ली को स्वच्छ, स्वस्थ एवं हरित बनाने में उनका सहयोग करने का वादा किया। पूर्व महापौर जयप्रकाश ने बताया की उन्होंने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस तक पौधरोपण का एक अभियान चलाया हुआ था।



## यमुना खादर क्षेत्र में स्कूल बैग, साड़ी व सेनेटरी पैड वितरित

**नई दिल्ली,** 6 जुलाई (देशबन्धु)। दिल्ली भाजपा के चांदनी चौक जिला ने यमुना खादर क्षेत्र में बसी महिलाओं एवं बच्चों के बीच साड़ी, सैनेटरी पैड एवं स्कूल बैग वितरण किया।

भाजपा नेता गोपाल गर्ग द्वारा संयोजित कार्यक्रम में दिल्ली भाजपा के मीडिया प्रमुख प्रवीण शंकर कपूर एवं चांदनी चौक जिला भाजपा अध्यक्ष ने जनसंघ संस्थापक डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की और उसके बाद लगभग 400 महिलाओं को साड़ी, सैनेटरी पैड एवं बच्चों को स्कूल बैग वितरण किया।

चांदनी चौक मंडल भाजपा के अध्यक्ष रोहित शर्मा, पूर्व अध्यक्ष अशोक शर्मा आदि भी उपस्थित थे।

दिल्ली भाजपा मीडिया प्रमुख प्रवीण शंकर कपूर ने कहा की आज डा. मुखर्जी की जयंती के शुभ दिन पर गरीब महिलाओं एवं बच्चों की सेवा कर चांदनी चौक भाजपा ने जनसंघ संस्थापक के आदर्शों को पूर्ण किया है। उन्होने उपस्थित बच्चों से शिक्षा पाने के लिए पूरा श्रम करने को कहा क्योंकि शिक्षा ही उन्हे विषमताओं से बाहर लाएगी।



भाजपा के लिए राजनीति का मतलब केवल सत्ता संघर्ष नहीं हम राजनीति को जनसेवा का माध्यम बना कर काम करते हैं : अरविंद गर्ग

## भाजपा ने फिर लगाया स्पेशल व तदर्थ कमेटी के गठन में अड़ंगा : अंकुश नारंग

**नई दिल्ली,** 6 जुलाई (देशबन्धु)। आम आदमी पार्टी ने बीजेपी के मेयर राजा इकबाल सिंह द्वारा स्पेशल और एडहॉक कमेटियों के चुनाव रद्द करने पर कड़ी आपत्ति जताई है। एमसीडी में नेता प्रतिपक्ष अंकुश नारंग का कहना है कि मेयर को सत्ता का लालच है। वह एमसीडी की सारी शक्तियां अपने पास रखना चाहते हैं। इसलिए उन्होंने स्पेशल और एडहॉक कमेटियों के चुनाव को रद्द कर दिया है। जबकि इन कमेटियों के चुनाव के लिए 3 जुलाई तक नामांकन पत्र दाखिल किया जाना था। उन्होंने कहा कि बीजेपी ने 'आप' सरकार के दौरान भी कमेटियों का गठन नहीं होने दिया और अब जब खुद एमसीडी में है, तब भी इन कमेटियों का गठन नहीं होने देना चाहती है। क्योंकि बीजेपी को दिल्ली की जनता के हित में कोई काम नहीं करना है।

अंकुश नारंग ने शनिवार को कहा कि एमसीडी की स्पेशल और तदर्थ कमेटीयों की 3 जुलाई 2025 को नॉमिनेशन की लास्ट डेट थी, लेकिन 2 जुलाई को मेयर राजा इकबाल सिंह ने पत्र के जरिए एक नोटिफिकेशन जारी कर इलेक्शन की नई तारीख आने तक रद्द कर दिए। उन्होंने कहा कि भाजपा ने ना तो कभी एमसीडी के हाउस को चलने दिया और ना ही कभी कमेटियों का गठन होने दिया। जब से वे सत्ता में हैं, उन्होंने नकारात्मक तरीके से अपनी भूमिका निभाई है। ना तो हाउस को चलने दिया, ना दिल्ली की जनता की आवाज को उठने दिया और ना ही कोई फैसला लेने दिया। आज फिर जब स्पेशल कमेटी और एडहॉक कमेटी की अधिसूचना निकली, तो मेयर राजा इकबाल सिंह ने खुद एक पत्र जारी करके इसका गठन रद्द करवा दिया। यह शर्मनाक है कि मेयर ने एक बार फिर कमेटियों के गठन को रोक दिया।

नारंग ने कहा कि राजा इकबाल सिंह सिर्फ सत्ता अपने हाथ में रखना चाहते हैं और दूसरों को कोई अधिकार देना नहीं चाहते। सूत्रों से पता चला है कि भाजपा के अंदर इस बात को लेकर रोष है, क्योंकि राजा इकबाल सिंह सारी शक्तियां अपने पास रखना चाहते हैं।



- 'आप' ने स्पेशल व एडहॉक कमेटियों के चुनाव रद्द करने पर जताई आपत्ति
- 'आप' ने भाजपा पर लगाया नकारात्मक तरीके से अपनी भूमिका निभाने का आरोप

कार्यक्रम — *डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर भाजपा नेताओं ने की पुष्पांजलि अर्पित*

## डॉक्टर मुखर्जी के विचार से राष्ट्र निर्माण के कार्य में लगे हजारों कार्यकर्ता

**नई दिल्ली, 6 जुलाई (देशबन्धु)। जनसंघ के संस्थापक, पूर्व केन्द्रीय मंत्री एवं कश्मीर के भारत में पूर्ण विलय के लिए जीवन बलिदान करने वाले डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जन्म जयंती पर दिल्ली भाजपा ने आज डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी पार्क, दिल्ली गेट स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा की अध्यक्षता में आयोजित पुष्पांजलि कार्यक्रम में केन्द्रीय रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव, दिल्ली की मुख्य मंत्री रेखा गुप्ता और केन्द्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा ने पुष्पांजलि अर्पित करके एकत्रजनों को सम्बोधित किया।**

अतिथियों ने चित्रकला प्रतियोगिता में पेंटिंग का अवलोकन कर पौधरोपण किया। इस अवसर पर चांदनी चौक भाजपा अध्यक्ष अरविंद गर्ग ने संगठनात्मक गीत गाया। कार्यक्रम में दिल्ली भाजपा के संगठन महामंत्री पवन राणा, विधानसभा अध्यक्ष विजेन्द्र गुप्ता, सांसद मनोज तिवारी, योगेन्द्र चांदोलिया एवं बाँसुरी स्वराज, प्रदेश महामंत्री विष्णु मित्तल, महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डा. हर्षवर्धन एवं आदेश गुप्ता, पूर्व सांसद रमेश बिधूड़ी, प्रदेश पदाधिकारी गजेन्द्र यादव, प्रवीण शंकर कपूर, राजीव बब्बर, सुनीता कांगड़ा, सोना कुमारी, सारिका जैन, बृजेश राय, शुभेन्दू शेखरअवस्थी, अमित गुप्ता, विधायक मोहन सिंह बिष्ट, अभय वर्मा, अजय महावर, कुलवंत राणा, रवि नेगी, संजय गोयल, निगम नेता जयभगवान यादव एवं प्रवेश वाही और सभी जिलाध्यक्ष आदि उपस्थित रहे।

अतिथियों ने चित्रकला प्रतियोगिता में पेंटिंग का अवलोकन कर किया पौधरोपण



चित्रकला प्रतियोगिता का संयोजन दिल्ली भाजपा के मोर्चों के प्रभारी सुमित भसीन ने किया। पूर्वांचल मोर्चा अध्यक्ष संतोषा ओझा द्वारा संचालित कार्यक्रम की व्यवस्था मोर्चा कार्यकर्ताओं ने संभाली।

डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने जिस विचार को अंकुरित किया था आज एक वृक्ष के रुप में पूरे देश में सबसे बड़ी पार्टी बनकर सामने हैं : वीरेंद्र सचदेवा, दिल्ली प्रदेश भाजपा अध्यक्ष

केंद्रीय मंत्री अश्वनी वैष्णव ने अपने संबोधन में कहा कि आज के भारत के निर्माण में डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बहुत बड़ा योगदान रहा। उनके विचार से हजारों हजारों की संख्या में कार्यकर्ता राष्ट्र निर्माण के कार्य में लगे। उनके विचारों से भारत सरकार की नीतियों में एक ऐसा परिवर्तन आया जो जन जन के विकास के लिए माध्यम बन रहा है।

उन्होंने कहा कि उनके विचारों और संघर्षों से एक ऐसा कार्य हुआ जो भारतीय एकता अखंडता भौगोलिक, सांस्कृतिक और राजनीति में एक विशेष परिवर्तन लेकर आया।

दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने अपने संबोधन में कहा कि हमने पहले भी कहा था कि आपको राष्ट्रवाद और राष्ट्रीयता को समझना है और अगर आपको हिंदुस्तान और उसकी संस्कृति को समझना है तो आपको डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी को पढ़ना चाहिए। उनकी यात्रा एक राष्ट्रवादी यात्रा है। कैसे उन्होंने बाल्यकाल से लेकर सबसे युवा कुलपति बनने का सफर तय किया और कैसे उन्होंने जब बंगाल में हिंदुओं के उपर अत्याचार हो रहा था तो उस वक्त हिंदुओं को बचाने के लिए और मुस्लिम तुष्टिकरण के खिलाफ आवज उठाने का काम डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने किया था।

वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा कि दिल्ली में जब भारतीय जनसंघ की स्थापना हो रहा थी तो उस वक्त जो विचार राष्ट्रवाद का था, उस विचार की परिणीती है भारतीय जनता पार्टी। जिस विचार को अंकुरित डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने किया था आज एक वृक्ष के रुप में पूरे देश में सबसे बड़ी पार्टी बनकर सामने हैं। उन्होंने कहा कि जब जम्मू कश्मीर की यात्रा के लिए निकले थे तो श्री केदारनाथ साहनी ने उनके साथ 8 दिन गुजारे थे। उस वक्त जलंधर विश्वविद्यालय में युवाओं ने उन्हें हिंदी में भाषण देने के लिए कहा। डॉ मुखर्जी ने कहा था कि राष्ट्र को जोड़ने वाली हिंदी हमारी राष्ट्रभाषा है।

# कैपिटल ज़ोन

**उवाच** “प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 14वां विशाल भंडारा कांवड़ शिविर का आयोजन गाजियाबाद नगर निगम द्वारा किया जा रहा है कांवड़ यात्रियों तथा श्रद्धालुओं के लिए विश्राम की व्यवस्था साइ मंदिर परिसर में की जाएगी। जिसके लिए लगभग 200 तख्त लगवाए जाएंगे जिन पर कालीन बिछाया जाएगा ताकि थके हुए कांवड़ यात्री विश्राम कर सके व्यवस्था कराई जाएगी, प्रकाश व्यवस्था के बड़ी लिए तथा लड़ियां लगाई जाएगी : **विक्रमादित्य मलिक, नगर आयुक्त।**

## नोएडा के कामर्शियल हब में बनेगा कार्निवल मार्केट

**नोएडा,** 6 जुलाई (देशबन्धु)। नोएडा के कामर्शियल हब सेक्टर-18 में स्ट्रीट मार्केट का मजा ले सकेंगे। ये ऐसा बाजार होगा जो अक्सर कार्निवल के दौरान लगाया जाता है।

खास ये है कि परमानेंट होगा और वाहनों की आवाजाही इस रोड पर नहीं होगी। इसके लिए रोड के दोनों ओर पोलार्ड बैरियरल को इंस्टाल कर दिया गया है। ये बैरियर ऑटोमैटिक खुलते और बंद होते है। यानी मार्केट में लगने वाले टैंट के लिए जो भी सामान आएगा उसके लिए पोलार्ड बैरियर अपने आप नीचे हो जाएंगे। उसके बाद रोड को वाहनों को ब्लाक कर दिया जाएगा।

अधिकारियों ने बताया कि ये रोड नोएडा सेक्टर-18 के बीच में करीब 200 मीटर तक है। इसमें 16 स्टॉल जैसी दुकान होंगी।

**■ सड़क पर लगेंगे 16 स्टॉल ये होगा नो व्हीकल जोन**

जिनका संचालन कंपनी द्वारा कराया जाएगा। अभी तैयारी की जा रही है। आरएफपी जल्द जारी की जाएगी। ये कार्निवल की तरह लगने वाली दुकानों के समान होंगी। जिससे लोगों को मनोरंजन भी मिले। वहीं सेक्टर-18 में बन रहे टाइम्स स्कायर का काम भी लगभग पूरा कर लिया गया है। इसके लिए एलइडी लगा दी गई है। बाकी लोगों के बैठने के लिए काम किया जा रहा है।

**अगस्त में तैयार होगा पहला क्लॉक टावर**

नोएडा सेक्टर-18 और जीआईपी मॉल के श्रीनगर के लाल चौक की तर्ज पर घंटाघर बनाया जा रहा है। उम्मीद है कि इस घंटाघर का काम इसी महीने पूरा कर लिया जाएगा। नोएडा प्राधिकरण का यह प्रयास है कि इसका शुभारंभ 15 अगस्त को कर दिया जाए।

इसे क्लॉक टावर नाम दिया गया है। यह घंटाघर जीआईपी मॉल की पुलिस चौकी के पास बनाया जा रहा है। आने वाले दिनों में पुलिस चौकी को शिफ्ट किया जाएगा। नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि इस घंटाघर की ऊंचाई करीब 70 फीट की होगी। इसको बनाने में करीब एक करोड़ 40 लाख रुपए का खर्च आएगा। यह लाल रंग का होगा। इस घंटाघर में चारों ओर बड़ी-बड़ी घड़ियां होंगी। यह घड़ियां रोमन अंक में होंगी, जो सौर ऊर्जा पर आधारित होंगी। घंटाघर बनाने वाली कंपनी ही घड़ी भी लगाएगी।

## बदमाशों ने पुलिस से सर्विस रिवाल्वर छीनकर चलाई युवक पर गोली

**गाजियाबाद।** थाना लिंक रोड के अमित किशोर जैन पर गोली चलाकर हत्या का प्रयास करने वाले दो बदमाशों ने पुलिस के सिपाही की सर्विस रिवॉल्वर छीनकर गोलियां चला दी। पुलिस ने भी जवाब में गोलियां चलाई, जिसमें दोनों बदमाश लंगड़े हो गये। यह घटना उस समय हुई जब पुलिस हत्या में प्रयुक्त रिवॉल्वर बरामद करने के लिए बदमाशों को अपने साथ ले जा रही थी।

एसीपी श्वेता कुमार यादव ने बताया कि थाना लिंक रोड पर 18 जून को अमित किशोर जैन पर वीरेन्द्र किशोर जैन की हत्या के प्रयास आरोप में अश्वनी उर्फ दिलावर निवासी अम्बेडकर नगर भूड, थाना कोतवाली नगर जनपद बुलन्दशहर एवं अमित यादव निवासी शाहपुर बम्हैटा के नाम प्रकाश में आये, दोनों को हिरासत में लिया गया। दोनों से मोटर साइकिल व मोबाइल फोन के बारे पूछताछ की गई तो उन्होंने घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल व घटना में प्रयुक्त मोबाइल फोन की बरामदगी को मौके पर जाकर बरामद कराने को कहा। बरामदगी के दौरान आरोपी ने अमित यादव ने मोटर साइकिल की बरामदगी के समय कौशाम्बी बस अड्डे के पीछे खाली जगह पर थाना लिंक रोड पुलिस टीम के एक जवान की



**■ हथियार बरामद करने के लिए बदमाशों को ले जा रही थी पुलिस**
**■ जवाबी करवाई ने दोनों बदमाश लंगड़े**

सर्विस रिवाल्वर को छीनकर पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायर कर दिया। आत्मरक्षार्थ पुलिस टीम द्वारा की गई जवाबी फायरिंग में अमित यादव के पैर में गोली लग गई जिससे अभियुक्त घायल हो गया। इसी क्रम में आरोपी अश्वनी उर्फ दिलावर के बताए अनुसार बरामदगी स्थल बृजविहार रेलवे फाटक के पास पड़े खाली मैदान के पास झाड़ियों से घटना में प्रयुक्त मोबाइल फोन बरामद करते समय मौके का फायदा उठाकर वहां पर पूर्व से रखे अवैध हथियार को निकालकर पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से सीधा फायर कर दिया।

## साई उपवन में 14वां कांवड़ शिविर आयोजित करेगा निगम

**गाजियाबाद,** 6 जुलाई (देशबन्धु)। नगर निगम 14वां भव्य कांवड़ शिविर का आयोजन करेगा। जिसको लेकर नगर आयुक्त विक्रमादित्य मलिक ने रविवार को अधिकारियों तथा समिति के सदस्यों के साथ साइ उपवन में निरीक्षण।

नगर आयुक्त ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 14वां विशाल भंडारा कांवड़ शिविर का आयोजन गाजियाबाद नगर निगम द्वारा किया जा रहा है कांवड़ यात्रियों तथा श्रद्धालुओं के लिए विश्राम की व्यवस्था साइ मंदिर परिसर में की जाएगी। जिसके लिए लगभग 200 तख्त लगवाए जाएंगे जिन पर कालीन बिछाया जाएगा ताकि थके हुए कांवड़ यात्री विश्राम कर सके व्यवस्था कराई जाएगी, प्रकाश व्यवस्था के बड़ी लिए तथा लड़ियां लगाई जाएगी इसके अलावा पंखे कलरों की व्यवस्था भी की जाएगी, स्नान के लिए शौचालय की व्यवस्था तथा मोबाइल टॉयलेट भी लगाए जाएंगे 24 घंटे भोजन की व्यवस्था भी कराई जाएगी लगभग 6 दिन में एक लाख से अधिक कांवड़ यात्रियों के लिए व्यवस्था की योजना बनाई गई है।

इस दौरान साइ मंदिर ट्रस्ट गाजियाबाद



**■ नगर आयुक्त ने अधिकारियों तथा समिति के साथ लिया जायजा**

नगर निगम की ओर से मयूर गिरधर, चोब सिंह, विनोद त्यागी, विशाल गौरव में अन्य उपस्थित रहे।

## सार संक्षेप

### पानी माफियों द्वारा जलदोहन से धरातल में जा रहा है भूजलस्तर

**खोड़ा।** निकाय क्षेत्र के अंतर्गत पानी माफियों द्वारा अवैध बोरो के द्वारा जलदोहन करने से भूजलस्तर धरातल में जा रहा है। स्थित भयावह हो गई है। वह दिन संभवतः दूर नहीं जब एक दिन धरती माता की कोख सूख जाने पर पानी धरती माता पानी देने से मना कर दे। शंकर विहार निवासी विनोद बिहारी सिंह ने बताया कि खोड़ा में सैकड़ों पानी माफिया सक्रिय है। अवैध बोर के द्वारा आधे अधूरे मानकों पर संचालित आर ओ के द्वारा जल का शोधन करके जगह जगह गाड़ियों से सप्लाई कर रहे है। जिससे कालोनी में भूजलस्तर गिरकर 500 से 1000 फिट तक नीचे चला गया है। जरूरतमंद लोग पानी की बूंद बूंद के लिए तरस रहे है। पानी माफिया गाड़ियों से जल सप्लाई करके मोटा मुनाफा कमा रहे है। और पानी को निकाय क्षेत्र के नजदीकी क्षेत्रों इंदिरापुरम सेक्टर 62 वसुंधरा वैशाली में बेचकर धरती की कोख खाली कर रहे है। उन्होंने नगर पालिका परिषद जिला प्रशासन के अधिकारियों से पानी माफियों के विरुद्ध सख्त नियम बनाकर कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

### कार की टक्कर से बाइक सवार दो युवक घायल

**नोएडा।** महामाया बस स्टैंड के पास तेज रफ्तार कार के चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए सामने जा रही बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों का एक निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। सेक्टर-39 थाने में दी शिकायत में अमित ने बताया कि बीते 30 जून को उनका भाई विकास बाइक से अपने साथी बब्लू के साथ रात तीन बजे के करीब मथुरा जा रहा था। महामाया बस स्टैंड के पास तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार युवकों को टक्कर मार दी। हादसे में दोनों युवकों के हाथ-पैर समेत शरीर के अन्य हिस्से में चोट लगी। राहगीरों की मदद से घायलों को नजदीक के अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया। शिकायतकर्ता का दावा है हादसे के समय कार सवार शराब के नशे में धुत था। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए। शिकायतकर्ता ही घायल भाई और उसके साथी का उपचार करा रहा है। हादसे के छह दिन बाद मामले में केस दर्ज कराया गया है।

### 15 लाख की ठगी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**नोएडा।** गढ़ी चौखंडी गांव के कारोबारी से 15 लाख रुपए की ठगी करने वाले आरोपित को सेक्टर 113 थाना पुलिस ने रविवार को सेक्टर 76 मेट्रो स्टेशन के पास से दबोच लिया। उसने अपने तीन साथियों संग मिलकर कारोबारी को 15 करोड़ का एमएसएमई लोन दिलाने के जाल में फंसाया था। पुलिस तीन आरोपितों की तलाश में जुटी है। एसीपी ट्विंकल जैन ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर जांच कराई जा रही है। टीम ने धोखाधड़ी में शामिल एक आरोपित को रविवार को सेक्टर 76 मेट्रो स्टेशन के पास से गिरफ्तार किया। उसकी पहचान गाजियाबाद शालीमार गार्डन के अजर खान के रूप में हुई। पूछताछ में बताया कि उसने अपने तीन साथी हेमलता, शोएब खान व शोक कुमार उर्फ इरफान खान के साथ मिलकर लोन के नाम पर फर्जीवाड़ा करने की योजना बनाई थी।

## एमआईपी बाइक धोखाधड़ी में 25 हजार का इनामी गिरफ्तार

**नोएडा,** 6 जुलाई (देशबन्धु)। थाना सेक्टर-58 व क्राइम ब्रांच की टीम ने एमआईपी बाइक धोखाधड़ी के मामले में वांछित चल रहे 25 हजार के इनामी को गिरफ्तार किया है। इसका नाम राजेंद्र सिंह निवासी गढ़ी चौखंडी है। इसकी गिरफ्तारी सेक्टर-59 मेट्रो स्टेशन के पास हुई है। पूछताछ के दौरान राजेंद्र सिंह ने बताया कि मेरे साथी लोग



एमआईपी कंपनी के प्रमोटर थे। हम मिलकर लोगों को सलाह देते थे कि आप एक बाइक लगाने के लिए 62,100 जमा करेंगे तो उससे आपको एक साल तक 10,100 रुपए प्रतिमाह मिलेंगे। 5,000 रुपया कमीशन उसी वक्त मिलेगा। मैपल इनोवेटिव प्रमोटिव के नाम से यह कंपनी बनाई गयी थी। जिसमें लोगों का कई करोड़ रुपया इकट्ठा हुआ था। राजेन्द्र सिंह के खातों में भी लाखों रुपये आये थे। इसके बाद में यह कंपनी पैसा लेकर भाग गई। इस मामले में राजेंद्र पिछले 05 सालों से से फरार चल रहा था। इसकी गिरफ्तारी के लिए 25 हजार रुपए इनाम रखा गया था। पुलिस इस मामले में और लोगों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है।

## विदेश में नौकरी दिलाने का झांसा देने वाला आरोपी गिरफ्तार

**नोएडा,** 6 जुलाई (देशबन्धु)। थाना सेक्टर-58 पुलिस व साइबर टीम ने विदेश भेजने और वहां नौकरी लगाने का झांसा देने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। ये बेरोजगार और खासकर मर्चेंट नेवी में नौकरी करने के इच्छुक लोगों से सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर संपर्क करता है। उनके फर्जी दस्तावेज, वर्क आर्डर, फर्जी गारंटी कार्ड बनाकर उनको प्रलोभन और प्रोसेसिंग फीस के नाम पर मोटा पैसा लेता था। आरोपी की पहचान गली प्रेम कुमार संदीप हुई है। इसकी गिरफ्तारी आइथम टावर सेक्टर-62 से गिरफ्तार किया गया। एडीसीपी सुमित शुक्ला ने बताया कि केरल निवासी और उनसे साथी पीड़ित ने थाना सेक्टर-58 पुलिस से शिकायत की कि उन लोगों द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से नोएडा स्थित आइथम टॉवर में एक मोबाइल नंबर से बात की गयी थी।



**■ सोशल मीडिया पर लोगों से करता था संपर्क**

जिसने बातचीत करने के बाद उन्हें विदेश में नौकरी लगवाने व विदेश भेजने का झांसा देकर आइथम टॉवर बुलाया। वहां पर आरोपी ने उन्हे अपनी बातों में बहला-फुंसलाकर उनके पासपोर्ट व अन्य प्रपत्र जमा करा लिए। उनसे धोखाधड़ी कर क्रमशः एक बार में 84 हजार दूसरी बार में 1.80 लाख रुपए ठग लिए। इसके बाद उनको फर्जी नियुक्ति पत्र व एअर लाइंस का फर्जी टिकट व एक सऊदी कंपनी अरोया क्रूज का फर्जी गारंटी लेटर व्हाट्सएप के माध्यम से भेजा गया। लेकिन वो सब फर्जी निकला। इसके बाद जब फोन किया तो फोन नंबर बंद है।

## शहर में निकाला गया मुहर्रम का जुलूस

**नोएडा,** 6 जुलाई (देशबन्धु)। नोएडा में मुहर्रम का जुलूस निकाला गया। जुलूस सेक्टर-8 जामा मस्जिद से शुरू होकर सेक्टर-9, बांस बल्ली मार्केट, बैंक ऑफ इंडिया से सेक्टर-21 स्टेडियम चौराहा, सेक्टर-12 शिमला पार्को, स्वामी फर्नीचर सेक्टर-10, सेक्टर-11 झुंडपुरा होते हुए सेक्टर-8 कोहली धर्म कांटा से पानी टंकी सेक्टर-5 हरोला होते हुए सेक्टर 4 के पार्क में पहुंचा। यहां सभी अखाड़ा का जुलूस पहुंचा। उसके बाद सभी अखाड़ा वापस अपने स्थान पर पहुंचकर समापन किया गया। नोएडा पुलिस प्रशासन का सहयोग करने के लिए सभी अखाडों के खलीफो ने पुलिस प्रशासन का तहे दिल से धन्यवाद आभार व्यक्त किया। नोएडा कांग्रेस पूर्व अध्यक्ष शाहबुद्दीन ने कहा कि मुहर्रम, हज़रत इमाम हुसैन की शहादत को याद करते हुए अन्याय के खिलाफ उनकी लड़ाई और सच्चाई के साथ मजबूती से खड़े रहने का संदेश हम सबको प्रेरणा देता है।

मुहर्रम के अवसर पर कर्बला के शहीदों एवं हजरत इमाम हुसैन की कुर्बानियों को नमन। इस मौके पर मुख्य रूप से सभी सम्मानित अखाड़ा खलीफा मुन्ना आलम खलीफा, रुबि खान, खलीफा, तनवीर हुसैन, दाऊद खान, मोहम्मद गुड्डू, ओसाम, साहिल, फिरोज, इंतजामिया अखाड़ा, फकर अली खलीफा, अंजार, जियाउल



मास्टर खलीफा, तनवीर हुसैन खलीफा, रहमानिया अखाड़ा फिरोज खलीफा, बच्चा अखाड़ा, इस्लामिया अखाड़ा, गोसिया अखाड़ा व हुसैनिया अखाड़ा व अन्य सभी अखाड़ों का जुलूस एक साथ एकजुट होकर निकाला। इस मौके पर मुख्य रूप से समाजवादी पार्टी महानगर अध्यक्ष आश्रय गुप्ता, समाजवादी पार्टी महासचिव विकास यादव, सीटू जिला अध्यक्ष गंगेश्वर दत्त शर्मा, महानगर कांग्रेस नोएडा पूर्व अध्यक्ष शाहबुद्दीन, अली हसन, उम्मर, युनुस अल्वी आदि मौजूद रहे।

## व्यापारी सुरक्षा फोरम द्वारा 'व्यापारी सुरक्षा' महासम्मेलन आयोजित

**बुलन्दशहर,** 6 जुलाई (देशबन्धु)। रविवार को व्यापारी सुरक्षा फोरम बुलन्दशहर द्वारा आज होने वाले व्यापारी सुरक्षा महासम्मेलन के संबंध में अंसारी रोड स्थित मेनका साड़ी संसार पर प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। जिसमें जिला कार्यकारी के सदस्य मौजूद रहे। प्रेस वार्ता में मुख्य वक्ता व प्रदेश महामंत्री अनिल देशभक्त ने बताया कि सोमवार को बुलंदशहर के स्याना स्थित रामा रेजिडेंसी रोड पर व्यापारी सुरक्षा फोरम इकाई बुलन्दशहर द्वारा व्यापारी सुरक्षा महासम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है और यह ऐतिहासिक महासम्मेलन होगा। जिसमें हजारों की संख्या में व्यापारी सम्मिलित होंगे। और प्रदेश सरकार व शासन प्रशासन से व्यापारियों की पूर्ण सुरक्षा की मांग की है। अनिल देशभक्त ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार में जब से प्रदेश के मुख्य योगी आदित्यनाथ आए हैं तब से व्यापारियों को सुरक्षा तो बढ़ी है लेकिन पूर्ण रूप से सुरक्षा नहीं दी गई है। व्यापारियों के साथ लूट चोरी अपहरण जैसी घटनाएं अभी भी लगातार हो रही हैं। व्यापारियों को पूर्ण रूप से सुरक्षा दी जाए। और व्यापारियों को असहला का लाइसेंस मिले ताकि वह अपनी सुरक्षा कर सकें। इस मौके पर व्यापारी सुरक्षा फॉर्म कोर कमेटी के जिला अध्यक्ष रविंद्र गोयल, कोषाध्यक्ष हरीश मित्तल, जिला मीडिया प्रभारी युगल गोस्वामी, लोकसभा अध्यक्ष प्रियतम प्रेम, नगर प्रभारी पवन मित्तल, युवा जिला महामंत्री मनोज कुमार सिंह, नगर अध्यक्ष सर्वेश गुप्ता, नगर महामंत्री नीतीश अग्रवाल, जिला उपाध्यक्ष राजेश गुप्ता मदन मेडिकल, नरेश वर्मा उपस्थित रहे।




## निवेश पर 30 प्रतिशत मुनाफा दिलाने का झांसा देकर 12.75 लाख रुपए ऐंठे

**नोएडा,** 6 जुलाई (देशबन्धु)। शेयर ट्रेडिंग कर पांच से तीस प्रतिशत तक मुनाफा कमाने का झांसा देकर साइबर जालसाजों ने एक महिला के साथ 12 लाख 75 हजार रुपए की ठगी कर ली। इस मामले में महिला ने तथाकथित श्रुति सिंधवानी के खिलाफ साइबर क्राइम थाने में केस दर्ज कराया है। जिन खातों में ठगी की रकम ट्रांसफर हुई है, पुलिस उन खातों की जानकारी जुटा रही है। पुलिस को दी शिकायत में सेक्टर-28 के यमुना एंकलेव में रहने वाली रजिता कूपर ने बताया कि उनके पास डिमैट और ट्रेडिंग अकाउंट पहले से है। इसे उन्होंने 25 अप्रैल को खोला था। इस प्लेटफॉर्म पर रजिता नई थी और छोटे-छोटे कारोबार में ट्रेडिंग कर रही थी। कुछ समय पहले रजिता सोशल मीडिया के जरिये एक व्यक्ति के संपर्क में आई। उसने शेयर ट्रेडिंग कर रोजाना अच्छा मुनाफा कमाने की सलाह दी। महिला ने उसकी पूरी बातों को सुना पर दरकिनार कर दिया। इसके बाद महिला को एक व्हाट्सऐप ग्रुप पर जोड़ दिया गया। यहां ऐसी कंपनियों के बारे में जानकारी साझा की जा रही थी, जहां निवेश करने या ट्रेडिंग करने पर मुनाफा होता है। महिला को आखिर ठग ने ट्रेडिंग के लिए राजी कर लिया। इसके बाद उसे एक अन्य ग्रुप में जोड़ा गया। इसमें एक व्यक्ति जो खुद को प्रोफेसर बताता था वह निवेश संबंधी प्रशिक्षण देने लगा। यह सिलसिला कई दिन तक चला। ग्रुप में कथित प्रोफेसर द्वारा बताया जाता था कि अगर उसकी बताई गई कंपनी में निवेश किया गया तो मुनाफा पक्का होगा। इसके पीछे का कारण उसने कुछ नामी कंपनियों से सीक्रेट टाईअप होना बताया। ग्रुप के लोग मुनाफे का स्क्रीनशॉट लगातार साझा कर रहे थे। आखिर में झांसे में आने के बाद महिला ने कई बार में 12 लाख 75 हजार रुपये ट्रेडिंग में मुनाफा कमाने के चक्कर में ट्रांसफर कर दिए।

## मुठभेड़ के बाद टप्पेबाज को किया गिरफ्तार



**नोएडा,** 6 जुलाई (देशबन्धु)। नोएडा की फेस-3 पुलिस ने एक अंतरराज्यीय टप्पेबाज को मुठभेड़ में पकड़ा है। पुलिस ने आरोपी के पास से 10 लाख रुपए की ज्वैलरी बरामद की है। पुलिस सेक्टर 61 कट पर चेकिंग कर रही थी। इस दौरान एक बाइक सवार को रुकने का इशारा किया। आरोपी ने भागने की कोशिश की। पुलिस ने पीछा किया। आरोपी ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस

**■ 10 लाख रुपए की जुलरी बरामद**

ने भी गोली चलाई। इसमें आरोपी के पैर में गोली लग गई। घायल बदमाश की पहचान शिवा उर्फ शिव कुमार उर्फ लखविंदर बावरिया के रूप में हुई है। वह पंजाब के लुधियाना का रहने वाला है। फिलहाल दिल्ली के कृष्णा गंज में रहता है। पुलिस ने उसके पास से एक तमंचा, दो जिंदा कारतूस और एक खोखा कारतूस बरामद किया है। एक चोरी की स्प्लेंडर बाइक भी मिली है। पूछताछ में पता चला कि आरोपी दिल्ली-एनसीआर के अलावा गोवा, जयपुर, हरिद्वार, मनाली और मसूरी में भी वारदात करता था। वह हवाई जहाज से यात्रा करता था। पांच सितारा होटलों में रुकता था। चोरी के जेवर प्रतिष्ठित ज्वैलर्स को बेच देता था।

## त्रिभाषा फार्मूला लागू किए जाने की मांग की गई

**खोड़ा,** 6 जुलाई (देशबन्धु)। वयोवृद्ध समाजसेवी ब्रह्मेश्वर नाथ मिश्र ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू व प्रधानमंत्री कार्यालय को पत्र सौंपकर सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालयों में त्रिभाषा फार्मूला लागू किए जाने की मांग की है। राष्ट्रपति प्रधानमंत्री कार्यालय को सौंपे गए पत्र में कहा गया कि भारतीय शिक्षा आयोग द्वारा 1964 में त्रिभाषा सूत्र का सुझाव देकर शिक्षा क्षेत्र में मौलिक परिवर्तन की अपेक्षा की गई थी। भारत के छठे केंद्रीय शिक्षा मंत्री डॉक्टर त्रिगुण सेन द्वारा 1968 में राष्ट्रीय शिक्षा नीति बनाई गई। कोठारी कमीशन द्वारा 1964 में त्रिभाषा फार्मूले को मातृ भाषा या क्षेत्रीय भाषा केंद्रीय राज भाषा या क्षेत्रिय सह राज भाषा तीसरी आधुनिक भारतीय भाषा या विदेशी भाषा मातृ भाषा या राजभाषा के अंतर्गत न चुनी गई हो और शिक्षा का माध्यम न हो अपनाने की सिफारिश की गई थी ताकि हिंदी भाषा को समृद्धि मिल सके।

संविधान के अनुच्छेद 343 के अनुसार संघ की राजभाषा हिंदी और लिपि देवनागरी का स्पष्ट उल्लेख किया गया है। संघ के शासकीय प्रयोजनों के लिए प्रयोग होने वाले अंकों का रूप भारतीय अंकों का अंतरराष्ट्रीय रूप होगा। खंड 1 में किसी बात के होते हुए भी संविधान के प्रारंभ से पंद्रह वर्ष की अवधि तक संघ के उन सभी शासकीय प्रयोजनों के लिए अंग्रेजी भाषा का प्रयोग किया जाता रहेगा। जिनके लिए उसका ऐसे प्रारंभ से ठीक पहले प्रयोग किया जा रहा था। परन्तु राष्ट्रपति द्वारा उक्त अवधि के दौरान आदेश द्वारा संघ के शासकीय प्रयोजनों में किसी के लिए अंग्रेजी भाषा के अतिरिक्त हिंदी भाषा का और भारतीय अंकों के अंतराष्ट्रीय रूप के अतिरिक्त देवनागरी रूप का प्रयोग प्राधिकृत कर सकेगा। अनुच्छेद 344 के अंतर्गत राष्ट्रपति संविधान के प्रारंभ से पांच वर्ष की समाप्ति पर और प्रारंभ से दस वर्ष की समाप्ति पर आदेश द्वारा एक आयोग गठित करके एक अध्यक्ष और आठवीं अनुसूची में उल्लिखित विभिन्न भाषाओं का प्रतिनिधत्व करने वाले अन्य सदस्यों से मिलकर बनाया जा सकेगा जिसकी नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा की जाएगी। आयोग का कर्तव्य होगा कि वह राष्ट्रपति को संघ के शासकीय प्रयोजनों के लिए हिंदी भाषा का अधिकाधिक प्रयोग का जिक्र किया गया है।

राष्ट्रपति द्वारा 30 सदस्यीय समिति गठित करके जिसमें बीस लोकसभा और 10 राज्य सभा के सदस्य होंगे जो लोकसभा और राज्यसभा के सदस्यों द्वारा आनुपातिक प्रतिनिधित्व के अनुसार एकल संक्रमणीय मत द्वारा ही निर्वाचित किए जाएंगे। गठित आयोग राष्ट्रपति को समीक्षा के उपरांत प्रतिवेदन कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 348 के अनुसार उच्चतम न्यायालय और सभी उच्च न्यायालय की सभी कार्यवाहियां अंग्रेजी भाषा में होंगी।

राष्ट्रपति द्वारा आयोग गठित करके हिंदी भाषा को सम्मान मिलना चाहिए। उन्होंने राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री कार्यालय को पत्र देकर सहानुभूति पूर्वक विचार किए जाने की मांग की है।

## राजनगर एक्सटेंशन में भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा ने बिखेरा भक्ति का प्रकाश

**गाजियाबाद,** 6 जुलाई (देशबन्धु)। राजनगर एक्सटेंशन में भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा रविवार को निकाली गई। जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। भगवान श्री जगन्नाथ रथ यात्रा महोत्सव का भव्य आयोजन इस्कॉन टेंपल के तत्वावधान में किया गया। उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री सुनील शर्मा ने मुख्य अतिथि थे।

यह रथ यात्रा स्थानीय शिव मंदिर से प्रारंभ होकर पूरे राजनगर एक्सटेंशन में भ्रमण करते हुए पुन: वहीं संपन्न हुई। हजारों की संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया और भक्ति संगीत पर नृत्य कर भगवान के प्रति प्रेम व्यक्त किया।कार्यक्रम के दौरान श्रीमन् दामोदर लीला प्रभु जी (वरिष्ठ भक्त, इस्कॉन) ने इस्कॉन के कुमाऊं एवं उत्तराखंड के ज़ोनल सुपरवाइज़र श्रीमान आदि करता प्रभु जी का स्मृति चिन्ह, पुष्प माला और



फूलों से भव्य स्वागत किया। महोत्सव की शोभा बढ़ाने के लिए बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं भगवान की झांकियों का मनोहारी प्रस्तुतीकरण किया। इस्कॉन के ब्रह्मचारियों द्वारा संकीर्तन पर किया गया नृत्य तथा आधुनिक रॉक बैंड के साथ कीर्तन ने भक्तों को भावविभोर कर दिया।

आयोजकों का कहना है कि आयोजन का उद्देश्य समाज के विभिन्न वर्गों के बीच प्रेम, एकता और भगवान के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देना। इस्कॉन का सदैव प्रयास रहा है कि श्रीकृष्ण और श्रीजगन्नाथ जी की लीलाओं और उपदेशों को जन-जन तक पहुंचाया जाए।

गाजियाबाद विकास मंच के संयोजक अभिषेक शर्मा व उनकी पूरी टीम एवं वरिष्ठ समाजसेवी निखिल त्यागी व उनकी टीम ने प्रसाद वितरण, यात्रा प्रचार-प्रसार और जन-जागरण जैसे विभिन्न कार्यों में उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाई।

उवाच

हमारे चिकित्सक बन्धु भगवान के बाद चिकित्सक का रुप आता है, शिक्षक जीवन गढ़ने का काम करता है और चिकित्सक जीवन बचाने का काम करता है। यह बात जनजन तक पहुंचाना चाहिए कि ट्रामा न हो। उन्होंने जीवन के गति को नियंत्रित करने के लिए प्रथम कर्तव्य बताया। मानव जीवन अमूल्य है, हम उसपर ध्यान ही नहीं देते हैं, जो मिल गया उसे खा लिया। जितना जरुरत हो उतना ही खाना चाहिए। प्रत्येक व्यक्ति को 40-45 मिनट प्रतिदिन पसीना निकालना ही है : **बृजेश पाठक, उप मुख्यमंत्री।**



# यीडा फेस-दो में कारोबार के लिए किसानों को जल्द जारी होगी एनओसी

- यीडा के बफर जोन के बाहर शुरू होगा सुविधाओं का विकास
- प्राधिकरण बोर्ड में फेज-2 के अधिसूचित क्षेत्रों में उद्योग और अन्य गतिविधियों के लिए एनओसी जारी करने की मिली थी मंजूरी
- शासन से बोर्ड बैठक के एजेंडें को मिली मंजूरी, आवेदन करने की प्रक्रिया शुरू

**ग्रेटर नोएडा,** 6 जुलाई (देशबन्धु)। यमुना प्राधिकरण बोर्ड ने फेज दो में शामिल जिलों के ग्रामीणों को अधिसूचित क्षेत्र में कारोबार के लिए निर्माण की अनुमति दी थी। बोर्ड के प्रस्ताव को अब शासन से मंजूरी मिल चुकी है। फेस-दो के किसान अब कारोबार करने के लिए प्राधिकरण में एनओसी के लिए आवेदन कर सकते है। लेकिन यह अनुमति फेज दो में नियोजित शहरी केंद्र, उनके चारों ओर बने बफर जोन के बाद ही मान्य होगी। ग्रामीणों को अनुमति के लिए प्राधिकरण में मानचित्र के साथ आवेदन करना होगा। एसीईओ की समिति के परीक्षण के बाद उन्हें अनुमति दी जाएगी। यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) के अधिसूचित क्षेत्र के दोनों ओर पांच किलोमीटर क्षेत्र के बफर जोन के बाहर भी सुविधाओं का विकास किया जाएगा। अर्बन नोड की 200 मीटर के की त्रिज्या में स्कूल, पेट्रोल पंप सहित जनसुविधाओं से जुड़ी गतिविधियों के लिए अनापत्ति जारी की जाएगी। यमुना प्राधिकरण की 18 जून को हुई बोर्ड बैठक में निर्णय लिया गया था। एनओसी जारी करने के लिए एसीईओ की अध्यक्षता में कमेटी गठन को भी अनुमोदित किया है। इस बफर जोन में किसी भी तरह की औद्योगिक, संस्थागत या आवासीय गतिविधियों की अनुमति नहीं दी जाती थी। यह क्षेत्र भविष्य में प्राधिकरण की नियोजित नगरी के विस्तार के लिए आरक्षित रखा गया है। दरअसल, यमुना प्राधिकरण के अंतर्गत कुल छह जिले अधिसूचित हैं। इनमें गौतमबुद्ध नगर और बुलंदशहर पहले चरण (फेज-1) में आते हैं, जबकि अलीगढ़, हाथरस, मथुरा और आगरा को फेज-2 में शामिल किया गया है। लेकिन अब तक फेज-2 में विकास की कोई ठोस शुरुआत नहीं हो सकी है। इसका सीधा असर उन किसानों पर पड़ा है जिनकी जमीनें अधिसूचित तो हैं, लेकिन वहां बुनियादी सुविधाओं का विकास न होने से वे न तो उद्योग लगा पा रहे हैं और न ही जमीन का वैकल्पिक उपयोग कर पा रहे हैं। बोर्ड के इस निर्णय के बाद किसानों को अपनी भूमि पर खेती के साथ-साथ उससे जुड़े लघु उद्योग, गोदाम, पेट्रोल पंप या प्रोसेसिंग यूनिट जैसी गतिविधियों की अनुमति दी जाए।

### यह समिति जारी करेगी अनापत्ति प्रमाण पत्र

बफर जोन के बाहर अर्बन नोड में जनसुविधाओं के विकास के लिए बोर्ड ने एसीईओ की अध्यक्षता में समिति को भी अनुमोदित की है। इसमें महाप्रबंधक परियोजना, नियोजन और वित्त के साथ ही तहसीलदार और कुछ अन्य अधिकारियों को शामिल किया जाएगा। यह समिति किसी भी आवेदन को 10 कार्यदिवस पर परीक्षण कर एक महीने में अपना निर्णय जारी करेगी।

### यह है बफर जोन की परिभाषा

प्राधिकरण द्वारा नियोजित नगर और अन्य क्षेत्रों के बीच के संक्रमण क्षेत्र को बफर जोन कहते हैं। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि अनियोजित विकास, योजना के तहत विकसित क्षेत्रों को प्रभावित न करे। यीडा ने इसे 5 किलोमीटर रेडियस में तय किया है, जो मास्टर प्लान के बाहर रहेगा।

# प्रदेश सरकार सभी के लिए सुलभ व प्रभावी चिकित्सा सेवा के लिए निरंतर है प्रयासरत : बृजेश पाठक




- उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ग्रेटर नोएडा में ऑल इंडिया ट्रॉमा कॉन्क्लेव में हुए शामिल

**ग्रेटर नोएडा,** 6 जुलाई (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक रविवार को ग्रेटर नोएडा में यथार्थ अस्पताल द्वारा द्वितीय ऑल इंडिया ट्रॉमा कॉन्क्लेव में शामिल हुए। इस कॉन्क्लेव का आयोजन ट्रॉमा केयर और आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं में नवाचारों और प्रगति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया गया था। उप मुख्यमंत्री का यथार्थ अस्पताल ग्रुप के सीएमडी अजय त्यागी व मैनेजिंग डायरेक्टर कपिल त्यागी ने स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुआ कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे चिकित्सक बन्धु भगवान के बाद चिकित्सक का रुप आता है, शिक्षक जीवन गढ़ने का काम करता है और चिकित्सक जीवन बचाने का काम करता है। यह बात जनजन तक पहुंचाना चाहिए कि ट्रामा न हो। उन्होंने जीवन के गति को नियंत्रित करने के लिए प्रथम कर्तव्य बताया। मानव जीवन अमूल्य है, हम उसपर ध्यान ही नहीं देते हैं, जो मिल गया उसे खा लिया। जितना जरुरत हो उतना ही खाना चाहिए। प्रत्येक व्यक्ति को 40-45 मिनट प्रतिदिन पसीना निकालना ही है। उपमुख्यमंत्री पाठक ने यथार्थ अस्पताल के इस पहल की सराहना की और कहा कि ट्रॉमा केयर के क्षेत्र में ऐसे आयोजन स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि यथार्थ अस्पताल जैसे संस्थान न केवल उच्च गुणवत्ता वाली चिकित्सा सुविधाएं प्रदान कर रहे हैं, बल्कि ट्रॉमा और आपातकालीन देखभाल के क्षेत्र में जागरूकता और प्रशिक्षण को बढ़ावा देकर समाज की सेवा कर रहे हैं।

कार्यक्रम के दौरान, पाठक ने कॉन्क्लेव में प्रदर्शित अत्याधुनिक ट्रॉमा केयर उपकरणों और तकनीकों का अवलोकन किया। उन्होंने चिकित्सकों, विशेषज्ञों और स्वास्थ्य कर्मियों से बातचीत की और उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा की। उन्होंने योगी आदित्यनाथ सरकार की स्वास्थ्य क्षेत्र में प्रतिबद्धता को दोहराते हुए कहा कि सरकार प्रदेश में सभी के लिए सुलभ और प्रभावी चिकित्सा सेवाएं सुनिश्चित करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। यथार्थ अस्पताल के प्रबंध निदेशक ने उपमुख्यमंत्री का स्वागत करते हुए कहा कि उनकी उपस्थिति ने कॉन्क्लेव के महत्व को और बढ़ा दिया है। इस अवसर पर देश भर से आए चिकित्सा विशेषज्ञों, ट्रॉमा केयर विशेषज्ञों और स्वास्थ्य कर्मियों ने भाग लिया। कॉन्क्लेव में ट्रॉमा प्रबंधन, आपातकालीन प्रतिक्रिया और नवीनतम चिकित्सा तकनीकों पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में 15-16 राज्य के चिकित्सक शामिल हुए।

# अंतरराष्ट्रीय पहलवान राजेश भाटी का पुलिस गेम में स्वर्ण पदक जीतने पर हुआ स्वागत

**ग्रेटर नोएडा,** 6 जुलाई (देशबन्धु)। जमालपुर के अंतरराष्ट्रीय पहलवान राजेश भाटी ने वर्ल्ड पुलिस गेम में देश के लिए स्वर्ण पदक जीता। इस प्रतियोगिता का आयोजन 27 जून से 7 जुलाई तक अमेरिका के बर्मिंघम शहर में हुआ। राजेश भाटी ने 79 किलो भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीता राजेश भाटी देश लौटने पर दिल्ली के इंदिरा गांधी एयरपोर्ट पर पहलवानों का जब आगमन हुआ तो तमाम भीड़ एयरपोर्ट पर भव्य स्वागत के लिए इंतजार कर रही थी। रंजीत पहलवान ने बताया कि इस मौके पर सीआईएसएफ के बड़े अफसर व क्षेत्रीय लोगों ने राजेश भाटी को फूलों की व पैसों की माला पहनाई और आशीर्वाद दिया।



देश लौटने पर अब क्षेत्र के सामाजिक व खेल प्रेमी लोग पहलवान राजेश भाटी का स्वागत जगह जगह करना चाहते हैं। राजेश भाटी सीआईएसफ में सब इंस्पेक्टर के पद कार्यरत है। इस मौके पर चतर सिंह गुरुजी ब्लॉक प्रमुख ईश्वर पहलवान, अंतरराष्ट्रीय पहलवान रविंद्र भाटी, जोंटी पहलवान, एडवोकेट पवन भाटी, ब्रजेश भाटी, दिनेश नागर, अमित भाटी, काफी पहलवानों आदि क्षेत्रीय लोगों ने बधाई दी और उज्जवल भविष्य की कामना की।

# किसानों को आवंटित आबादी भूखंड पर मूलभूत सुविधा होगी उपलब्ध

- किसान आबादी में विद्युतीकरण के कार्य के लिए निविदा जारी
- आठ करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे

**किसान आबादी वाले सेक्टरों में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने का काम किया जा रहा है। घोड़ी बछेड़ा, चूहड़पुर, खानपुर, घरबरा व कासना आदि गांवों के किसानों को मिले आबादी भूखंड वाले सेक्टर में विद्युतीकरण का काम एक माह में शुरू करा दिया जाएगा। इसकी निविदा जारी कर दी गई है। साथ ही अंधेरे वाले सभी स्थानों पर भी स्ट्रीट लाइट और हाई मास्ट लाइट लगाने का काम किया जाएगा। ऐसे स्थान चिन्हित कर लिए गए हैं।**
**अभिषेक पाठक, ओएसडी, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण**

**ग्रेटर नोएडा,** 6 जुलाई (देशबन्धु)। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण क्षेत्र के घोड़ी बछेड़ा, चूहड़पुर, खानपुर, घरबरा व कासना सहित नौ गांवों के किसानों को आवंटित किए गए आबादी भूखंड वाले सेक्टरों में एलईडी स्ट्रीट लाइट और हाई मास्ट लाइट लगाकर जगमग किया जाएगा। इसके लिए निविदा जारी की गई है। एक माह में काम शुरू होने की उम्मीद है।

प्राधिकरण अधिकारी के मुताबिक घोड़ी बछेड़ा, चूहड़पुर, खानपुर, घरबरा, कासना, नटो की मढ़ैया, क्यामपुर, डाबरा और अजायबपुर में छह फीसदी आबादी भूखंड वाले सेक्टरों में मूलभूत सुविधाएं सड़क, नाली व सीवर के साथ विद्युतीकरण का कार्य कराने की तैयारी शुरू कर दी गई है। इन सेक्टरों में लगभग 8 करोड़ रुपए की लागत से विद्युतीकरण का कार्य जल्द कराया जाएगा।

बेहतर प्रकाश व्यवस्था के लिए एलईडी स्ट्रीट लाइट और हाई मास्ट लाइट लगाई जाएगी। बता दें कि बीते साल हुए किसान आंदोलन के बाद शासन के निर्देश पर प्राधिकरण ने किसानों से जुड़ी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर शुरू कर दिया है। बीते छह माह के दौरान चार से अधिक गांवों के किसानों को छह फीसदी आबादी भूखंड आवंटि किए जा चुके हैं। भूखंड आवंटित करने के साथ उन सेक्टरों में जरूरी विकास कार्य कराए जा रहे हैं। बता दें ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण में विकास परियोजनाओं के लिए जमीन लेने के एवज में किसानों को 6 फीसदी आबादी भूखंड देने का नियम है। किसानों की शिकायत रहती है कि आबादी भूखंडों वाले सेक्टरों में जरूरी विकास कार्यों की अनदेखी की जा रही है। भूखंड आवंटित होने के बाद भी विकास नहीं किया गया।

# आईआईए ग्रेनो चैप्टर में सरबजीत सिंह ने चेयरमैन पद का संभाला कार्यभार




**ग्रेटर नोएडा,** 6 जुलाई (देशबन्धु)। इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (आईआईए) ग्रेटर नोएडा चैप्टर के नेतृत्व में एक महत्वपूर्ण परिवर्तन हुआ। चैप्टर के पूर्व सचिव और पलक टेप्स के प्रबंध निदेशक, सरबजीत सिंह ने औपचारिक रूप से चेयरमैन पद का कार्यभार ग्रहण किया। पूर्व चेयरमैन राकेश बंसल (संस्थापक, एमएम पॉलीविनाइल) ने संगठन का ध्वज उन्हें सौंपते हुए शुभकामनाएं दीं।

राकेश बंसल, जिन्होंने चैप्टर में वर्षों से योगदान दिया है, विशेष रूप से उनके दो वर्षीय चेयरमैनशिप और तीन वर्षीय कोषाध्यक्ष कार्यकाल को संस्था के लिए अत्यंत योगदानकारी माना गया है। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि यह संस्था मेरे लिए परिवार समान रही है और मुझे गर्व है कि नेतृत्व अब एक सक्षम हाथों में जा रहा है। चेयरमैन के रूप में अपने पहले संबोधन में सरबजीत सिंह ने कहा कि यह जिम्मेदारी मेरे लिए गौरव की बात है। मेरी टीम समर्पण, समावेशिता और नवाचार के साथ चैप्टर को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए प्रतिबद्ध है। हम सदस्य संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि और उद्यमियों के सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान प्राथमिकता के आधार पर करेंगे। इस दौरान नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई, जिसमें सचिव हिमांशु पांडे, संयुक्त सचिव यशराज खंडेलिया, कोषाध्यक्ष जगदीश सिंह। सरबजीत सिंह ने टीम को लक्ष्य दिया कि दिसंबर 2025 तक 200 नए सदस्यों को जोड़ा जाए, और कहा कि संगठन हर उद्यमी की आवाज बनेगा। इस अवसर पर चैप्टर के कई वरिष्ठ सदस्यों को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया, जिनमें प्रमुख थे राजीव सूद, ए.डी. पाण्डेय, राजीव बंसल, विशारद गौतम, जेड रहमान, सर्वेश गुप्ता आदि। 150 से अधिक गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति ने समारोह को गरिमा प्रदान की। आईआईए ग्रेटर नोएडा चैप्टर की यह नई कार्यकारिणी निश्चित रूप से संगठन और औद्योगिक क्षेत्र को एक नई दिशा देने की क्षमता रखती है।

# मूर्ति स्थापना से पूर्व निकाली शोभायात्रा

**रबूपुरा,** 6 जुलाई (देशबन्धु)। रविवार को कस्बे स्थित गंगा मंदिर में खाटू श्याम और सत्यनारायण भगवान की मूर्ति स्थापना की गई। मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा से पहले कस्बे में धूमधाम



के साथ शोभा यात्रा निकाली गई। तदुपरांत मंदिर परिसर में विधिवत हवन यज्ञ किया गया। रविवार को खाटू श्याम और सतनारायण भगवान की प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा विधिवत पूजा अर्चना के साथ स्थापना की गई। प्रतिमाओं की स्थापना से पूर्व कस्बे में खाटू श्याम और सतनारायण भगवान की शोभायात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा गंगा मंदिर से प्रारंभ होकर कस्बे के मुख्य-मुख्य मार्गो से होती हुई मंदिर परिसर में आकर संपन्न हुई तथा इस दौरान गली मोहल्ला बाजार आदि भक्तिमय जयकारों से गूंज उठा और जगह-जगह लोगों द्वारा पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। देव प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा के दौरान महिलाओं ने भक्ति संगीत व नृत्य किया गया। इस दौरान सलेख चंद्र, राकेश गर्ग, रजत सिंघल, उमेश गर्ग, राकेश शर्मा, डोबिल शर्मा, दीपू गर्ग, योगेश गर्ग, गौरव सिंघल, गिल्लु आदि मौजूद रहे।

# एक ही छत के नीचे सभी प्रकार की सुविधा उपलब्ध कराने का हमारा प्रयास : अंकुर मित्तल




**ग्रेटर नोएडा,** 6 जुलाई (देशबन्धु)। श्री विनायक ग्रुप ने नॉलेज पार्क में इंडिया एक्सपोमार्ट में अपने प्रोजेक्ट इंडिया एक्सपो प्लाजा को समय से पहले पूरा करने पर रविवार को प्रेस वार्ता में प्रोजेक्ट के बारे में जानकारी दी है। प्रेस वार्ता को सम्बोधित करते हुए अंकुर मित्तल, सीएमडी श्री विनायका ग्रुप ने कहा कि इंडिया एक्सपो प्लाजा दिल्ली एनसीआर का सबसे खुबसूरत है। यह प्लाजा अब पूरी तरह से शुरु हो चुका है। यहां पर भारतीय व अंतरराष्ट्रीय ब्रांड को यहां पर लाया गया है। उन्होंने बताया कि एक ही छत के नीचे लोगों को सबकुछ मिल जाएगा। यहां पर बच्चों के लिए गेमिंग जोन व मनोरंजन के लिए सिनेमा हाल बनाया गया है। लोगों के खाने-पीने की पूरी सुविधा है, लोग अपने परिवार के साथ आकर पूरा लुफ्त उठा सकते हैं। अंकुर मित्तल ने बताया कि यहां पर आने वालों के लिए पार्किंग व सुरक्षा की पूरी व्यवस्था की गई है। कुछ ब्रांड कुछ दिनों में शुरु हो जाएंगे। कई ब्रांड जगह मांग रहे हैं जो पूरी तरह से बुक हो चुका है।

# सोशल मीडिया पर ठगी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार



- 4.5 लाख की ठगी का खुलासा

**ग्रेटर नोएडा,** 6 जुलाई (देशबन्धु)। थाना सूरजपुर पुलिस ने सोशल मीडिया पर लड़की बनकर दोस्ती और शादी का झांसा देकर ठगी करने वाले दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। अभियुक्तों की पहचान अमित उर्फ आरव और मोहम्मद रिजवान के रूप में हुई है। उनके कब्जे से ठगी में प्रयुक्त दो मोबाइल फोन और एक मोटरसाइकिल बरामद की गई है। थाना सूरजपुर पर पीड़ित द्वारा दर्ज शिकायत के अनुसार, अज्ञात व्यक्तियों ने फेसबुक, इंस्टाग्राम और व्हाट्सएप जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से खुद को अविवाहित लड़की बताकर पीड़ित से संपर्क किया। अभियुक्तों ने काल्पनिक नामों जैसे मानसी, संजू और नंदनी की फर्जी इंस्टाग्राम आईडी बनाकर पीड़ित को शादी का प्रस्ताव दिया और विश्वास में लेकर मेडिकल इमरजेंसी, पारिवारिक संकट और शादी की तैयारी जैसे बहानों से कुल 4,50,000 रुपए की ठगी की। इसके बाद अभियुक्तों ने पीड़ित से मिलकर गाली-गलौज की, जान से मारने की धमकी दी और 20,000 रुपए नगद भी ऐंठ लिए। पीड़ित की तहरीर के आधार पर थाना सूरजपुर में बीएनएस और 66डी आईटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से डेटा एकत्र किया और तकनीकी साक्ष्यों व इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस की मदद से दोनों अभियुक्तों को थाना क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि दोनों अभियुक्तों के खिलाफ आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है और अन्य संभावित पीड़ितों से भी जानकारी जुटाई जा रही है।

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उतर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोनः- 0120-4270009

देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida

# वनवासी रक्षा परिवार फाउंडेशन का कार्यकर्ता चिंतन शिविर आयोजित

- शिविर में ग्रेटर नोएडा नगर तथा गौतम नगर की नगर समिति के दायित्वों की हुई घोषणा


**ग्रेटर नोएडा,** 6 जुलाई (देशबन्धु)। वनवासी रक्षा परिवार फाउंडेशन नोएडा विभाग ने जीएनआईओटी इंस्टीट्यूट ग्रेटर नोएडा में कार्यकर्ता चिंतन वर्ग का आयोजन किया गया। वर्तमान में वनवासी रक्षा परिवार फाउंडेशन भारतवर्ष के 17 प्रांतों में 1300 प्रतिभा विकास केंद्र संचालित कर रहा है। कार्यक्रम का प्रारंभ मां सरस्वती की मूर्ति के समक्ष द्वीप प्रज्वलित कर तथा मां भारती के चित्र के सम्मुख पुष्प अर्पित कर किया गया। प्रतिभागियों को संस्था संस्कार पक्ष से परिचय शिवांशी शर्मा ने करवाया तथा राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के पूर्वी संभाग प्रमुख भरत ने भावपूर्ण गीत द्वारा प्रतिभागियों को प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन वीरेंद्र प्रताप सिंह ने किया तथा अध्यक्षता मयूर कालरा ने की। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता एवं वनवासी रक्षा परिवार फाउंडेशन के केंद्रीय प्रभारी वीरेंद्र शर्मा ने अपने प्रेरक उद्बोधन में कहा कि अगर दुनिया को बदलना है तो पर्यावरण को नहीं अपितु मनुष्य के स्वभाव को बदलना होगा। अगर मनुष्य




का स्वभाव बदल गया तो सारी समस्याएं हल हो जाएंगी।

हमारा उद्देश्य मनुष्य में स्वभावगत परिवर्तन लाना है। परिवार पूर्व में मुखिया के निर्देश पर चलते थे। मध्यकाल में विमर्श का कल आ गया। आधुनिक काल में बहस का प्रभाव ज्यादा है, जिसमें स्वच्छंदता का प्रभाव अधिक है। संस्कार देने में व्यक्तिगत जीवन संस्कार की महती भूमिका है। अगर हम अपनी भाभी पीढ़ी को संस्कार देना चाहते हैं तो हमें अपने जीवन को आदर्श रूप में प्रस्तुत करना पड़ेगा। समृद्धि, शांति सुख और संस्कार सम्यक जीवन का आधार है। संस्कार युक्ति, नशा मुक्ति और अन्य सभी विकारों का निर्मूलन सुनिश्चित करता है। कार्यक्रम उपरांत ग्रेटर नोएडा नगर तथा गौतम नगर की नगर समिति के दायित्वों की घोषणा की गई, जिसमें ग्रेटर नोएडा नगर का अध्यक्ष राजेंद्र सोनी और महामंत्री डॉ. नीरज कौशिक को बनाया गया तथा गौतम नगर का अध्यक्ष विमलेश और महामंत्री डॉ. दिव्या अग्रवाल को बनाया गया। कार्यक्रम में वीरेंद्र, राजेश दत्ता, विवेक अग्रवाल, संगीता वर्मा, शैलजा सक्सैना, प्रो विवेक कुमार, डॉ. मोनिका यादव, किसलय, भोला ठाकुर, शैलेन्द्र, अनिल, संदीप, सुशील, यतेंद्र सिंघल, विद्यालयों के आचार्य तथा संचालन समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

# डॉ. श्यामप्रसाद मुखर्जी की जयंती पर भाजपा के सभी मंडलों पर संगोष्ठी आयोजित




**ग्रेटर नोएडा,** 6 जुलाई (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी ने डॉक्टर श्यामप्रसाद मुखर्जी की जयंती पर 11 मंडलों सूरजपुर मंडल दनकौर मंडल कासना मंडल बादलपुर, दादरी, दादरी देहात, जारचा, जेवर, रबूपुरा, ग्रेटर नोएडा, बिसरख मंडल, पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। सूरजपुर मंडल के साकीपुर गांव में आयोजित गोष्ठी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष अभिषेक शर्मा ने कहा कि डॉक्टर श्यामप्रसाद मुखर्जी का जन्म 6 जुलाई 1901 को कलकत्ता में हुआ। बहुमुखी प्रतिभा के धनी महान शिक्षाविद महान क्रांतिकारी एक देश दो प्रधान दो निशान जम्मू कश्मीर परमिट व्यवस्था का विरोध करने वाले भारतीय जन संघ के संस्थापक देश के करोड़ो लोगों के मार्ग दर्शक राजनीति कौशल ऐसा देश के पहले उद्योग मंत्री बने राष्ट्र नीति ऐसी मंत्री पद को भी ठोकर मार दी।

लोकप्रियता ऐसी कांग्रेस को छोड़कर चुनाव लड़ कर जीते संगठन क्षमता ऐसी 21 अक्टूबर को जन संघ की स्थापना की जिसका आज विराट स्वरूप भारतीय जनता पार्टी के रूप में सबके सामने है दृढ़ता ऐसी अनुच्छेद 370 का विरोध करते हुए 1952 ई. में जम्मू कश्मीर की विशाल रैली में कहा या तो आपको भारतीय संविधान प्राप्त कराऊंगा चाहे इसके लिए मेरा बलिदान क्यों ना हों जाये और वो 1953 में बगेर परमिट कश्मीर गए वहां की तत्कालीन सरकार ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया और उनकी षड्यंत्र के तहत उनकी हत्या करदी गई थी। उनका सपना देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने 5 अगस्त 2019 को संसद में कानूनी कार्रवाई करके धारा 370 को हटाकर भारत को अखंड बनाने का काम किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से जिला महामंत्री दीपक भारद्वाज, धर्मेन्द्र कोरी, वीरेन्द्र भाटी, मीडिया प्रभारी कर्मवीर आर्य, मनोज भाटी, श्यामवीर भाटी, मनोज प्रधान, अरुण प्रधान, अंकित भाटी, नवीन भाटी, शिवम मावी, शेखर नागर, अर्पणा सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

# { संपादकीय }

नई दिल्ली, सोमवार 7 जुलाई 2025
*संस्थापक-सम्पादक* : स्व. मायाराम सुरजन

## विपक्ष की ताकत ने लोकतंत्र को बचा लिया

बिहार में चुनाव से पहले लोकतंत्र को कुचलने की बड़ी तैयारी चल रही थी, जिसे विपक्ष ने रोक लिया है। अक्टूबर-नवंबर में होने वाले चुनाव से पहले 25 जून से 26 जुलाई तक मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान चुनाव आयोग ने शुरु किया। लेकिन यह फैसला लगातार विवादों में था और विपक्ष इस पर सवाल उठा रहा था कि बिहार में करोड़ों मतदाता आखिर कहां से उन चुनिंदा दस्तावेज को उपलब्ध करा पाएंगे, जिन्हें दिखाने के बाद ही उनके नाम मतदाता सूची में शामिल करने की शर्त चुनाव आयोग ने रखी थी। अगर ये दस्तावेज नहीं दिखाए जा सके तो फिर आयोग उन्हें अवैध करार देता। यानी एक साथ करोड़ों लोग मतदान के अधिकार से वंचित रह जाते, इस पर विपक्ष ने शुरु से कड़ी आपत्ति दर्ज की थी, चुनाव आयोग से इसकी शिकायत भी की थी। अब विपक्ष की मुहिम रंग लाई है। चुनाव आयोग को अपने इस बड़े फैसले को लगभग पलटना पड़ा है और इसका विज्ञापन बाकायदा अखबारों में दिया गया है। आयोग ने अब कहा है कि जिन 11 दस्तावेज की सूची दी गई थी उनमें से अगर एक भी कागज किसी के पास नहीं है तब भी उसका गणना प्रपत्र यानी एन्यूमरेशन फॉर्म जमा हो सकता है। इससे साफ़ पता चलता है कि चुनाव आयोग ने जो शुरुआती तेवर दिखाए थे वह अब ढीले पड़ चुके हैं। वैसे भी चुनाव आयोग का यह फैसला अटपटा है, क्योंकि हिंदुस्तान में आजादी के बाद से नागरिक को मतदान का अधिकार मिला और इसके लिए व्यवस्था की गई कि चुनाव आयोग मतदाता के दरवाजे तक जाकर उसे यह अधिकार सौंपेगा। यही असली लोकतंत्र था, लेकिन अब इसमें उल्टी गंगा बहाते हुए चुनाव आयोग ने मतदाता पर ही यह जिम्मेदारी डाल दी कि वह फार्म भरे, दस्तावेज दिखाए और अपने वैध मतदाता होने को साबित करे।

बिहार में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण का आदेश जिस तरह आया और उस पर काम शुरु भी हुआ तो कई सवाल खड़े हो गए। इसे नोटबंदी और लॉकडाउन यानी देशबंदी के बाद वोटबंदी कहा जा रहा था। हालांकि यह केवल शब्दों की तुकबंदी नहीं थी, बल्कि इसके पीछे लोकतंत्र पर पड़ने वाली चोट को लेकर गहरी चिंता थी। भाजपा की आंखों पर तो इस समय सत्ता की पट्टी बंधी हुई है, इसलिए उसे इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ रहा कि करोड़ों लोग अगर चंद कागजात की वजह से वोट देने का अधिकार खो देते हैं, तो इसका कितना बड़ा नुकसान होगा। भाजपा को यह लगा होगा कि गरीब, अल्पसंख्यक, दलित, पिछड़े वर्ग के वोट बड़ी संख्या में कटेंगे और उसका नुकसान केवल महागठबंधन को होगा, लेकिन हो सकता है कि दूसरे के लिए खोदे जा रहे गड्ढे में खुद भाजपा भी धंस जाए।

एनडीए में भाजपा के साथी दल भी इस कवायद से होने वाले नुकसान को समझ रहे थे, लेकिन खुल कर कहने की हिम्मत नहीं दिखा रहे थे। खास तौर पर जनता दल यूनाइटेड के कई नेताओं का मानना था कि इस तरह की दस्तावेज की शर्तों से उनके अति पिछड़े और महिला वोटरों पर काफी बुरा असर पड़ेगा। गौरतलब है कि चुनाव आयोग ने सरकारी कर्मचारी/पेंशनर पहचान पत्र, जन्म प्रमाणपत्र, पासपोर्ट, मैट्रिक का सर्टिफिकेट, डोमिसाइल, वन अधिकार और ओबीसी, एससी, एसटी प्रमाणपत्र, राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर, पारिवारिक रजिस्टर, और जमीन या मकान आबंटन प्रमाणपत्र इन दस्तावेज के आधार पर वोटर को वैध या अवैध निश्चित करने का फैसला लिया। इसमें कहीं भी आधार कार्ड, पैन कार्ड, मनरेगा या राशनकार्ड का जिक्र नहीं था। जबकि हिंदुस्तान की कम से कम 90 प्रतिशत आबादी अपनी पहचान बताने के लिए इन्हीं में से किसी एक कागज को दिखाती है। कोरोना वैक्सीन लगवाने से लेकर, स्कूल-कॉलेज में दाखिला, बैंक खाता खोलने, पासपोर्ट बनवाने या हवाईजहाज से सफर करने तक हर जगह पहचान के नाम पर आधार कार्ड, पैन कार्ड, राशनकार्ड ही दिखाया जाता है। जिन दस्तावेज को रहने, खाने, काम करने, सफर करने, आजीविका के लिए जरूरी माना गया, उनमें से किसी को भी वोट डालने के लिए जरूरी क्यों नही माना गया, यह सवाल भी उठा। अगर चुनाव आयोग किसी को वोट देने के योग्य नहीं मानेगा, तो इसका मतलब है कि वह इन्हें भारत का नागरिक भी नहीं मानेगा। इसमें एक बड़े चुनावी घोटाले की बू आई, जिसके बाद ही विपक्ष ने बड़ी तेजी से इस मसले पर मोर्चा खोला और अब इसमें उसे जीत भी मिली है।

25 जून से लागू हुए इस आदेश में रोजाना की तब्दीलियां हो रही हैं, जो बता रही हैं कि इस फैसले को हड़बड़ी में लिया गया है। ठीक वैसे ही जैसे आधी रात को संसद लगाकर जीएसटी तो लागू की गई थी, फिर रोजाना नियम बदले जाते थे। जब नोटबंदी लागू की गई, उसके बाद भी यही आलम रहा कि बार-बार नियम बदले गए और अब मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण अभियान में भी यही हो रहा है। ताजा बदलाव यही है कि अब दस्तावेज दिखाना ही जरूरी नहीं है।

मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण को लेकर चुनाव आयोग के तेवर कई बार ढीले पड़े हैं लेकिन याद रखने की बात यह है कि अब भी इसने इसमें एक पेच लगा रखा है। चुनाव आयोग के विज्ञापन में यह बात बताई गई है कि अगर आप जरूरी दस्तावेज उपलब्ध कराते हैं तो निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी यानी ईआरओ को आवेदन को प्रोसेस करने में आसानी रहेगी। इसके ठीक बाद चुनाव आयोग का विज्ञापन कहता है कि अगर आप जरूरी दस्तावेज उपलब्ध नहीं करा पाते हैं तो निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी यानी ईआरओ द्वारा स्थानीय जांच या अन्य दस्तावेज के साक्ष्य के आधार पर निर्णय लिया जा सकेगा। यानी अब दस्तावेज देना ज़रूरी तो नहीं रहा लेकिन अगर चुनाव आयोग का अधिकारी यह मान ले कि आपको दस्तावेज की जरूरत है तो उसे देना पड़ेगा।

यानी खिलवाड़ की गुंजाइश अब भी है, मगर इस बीच बिहार में 9 जुलाई को मतदाता सूची अपडेशन के खिलाफ चक्काजाम का ऐलान विपक्ष ने किया है। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव इस मामले में तीखे तेवर दिखा रहे हैं। कांग्रेस, राजद, वामदल समेत सारा विपक्ष ताल ठोंक कर मैदान में आ चुका है। तो अब उम्मीद बंध गई है कि बिहार में चुनाव की वो चोरी नहीं हो पाएगी, जिसके आरोप राहुल गांधी ने महाराष्ट्र और हरियाणा चुनाव में लगाए हैं और बिहार में इसी की आशंका जाहिर की थी।

# आंशिक फैसला वापस मगर विपक्ष को पूर्ण फैसला वापसी तक लड़ना होगा

हम थोड़ा संभल कर कह रहे हैं कि गलत काम करने वाले डरपोक होते हैं। तेजस्वी यादव ने तो अभी सीधे कायर कह दिया और असर दिखने लगा है। तेजस्वी ने कहा तो मीडिया को है। बहुत ही सख्त भाषा में देश और बिहार को बर्बाद कर दिया। बिके हुए लोग हैं। बेशर्म। चुनौती दी कि अख़बार लाओ। दिखाओ कितनी जगह विपक्ष को दी है कितनी भाजपा को। बायकाट की चेतावनी दी। क्या नहीं कहा। सब कह दिया। यह भी कि देश को बर्बाद करने में सबसे बड़ी भूमिका मीडिया की है और मैं तुम्हारे एडीटर फेडिटर किसी से नहीं डरता। नेता के कहने का असर होता है और उसका तो बहुत ज्यादा जिसके पास बड़ी तादाद में मजबूत समर्थक हों। तेजस्वी ने कहा कि हम अपने समर्थकों से कह देंगे गांव में अख़बार नहीं घुस पाएगा। सही बात है। मुलायम सिहं यादव ने यूपी में किया था- हल्ला बोल के नाम से। जिस अख़बार के खिलाफ किया था उसे माफी मांगना पड़ी थी।

तो असर मीडिया में तो इतनी जल्दी दिखेगा नहीं। क्योंकि विपक्ष की ही कुछ बड़ी पार्टियों के नेता उन्हें पुचकारते रहते हैं। अपने स्वार्थ से कि हमारा चेहरा दिखाते रहो। बाकी देश के बर्बाद करना या हमारी पार्टी के नेता को ही बदनाम करना जो भी करना है करते रहो। अभी राहुल गांधी के खिलाफ बीजेपी ने एक गंदा अभियान चलाया। बिहार से ही संबंधित है। महिलाओं को बांटे जाने वाले सेनेटरी पेड़ पर राहुल का फोटो चिपका कर राहुल के बारे में अनाप शनाप लिखा गया। पूरी तरह फर्जी फोटो था मगर कांग्रेस द्वारा समय पर काउंटर नहीं करने से उसी तरह लोगों ने यकीन कर लिया जैसे इस बात पर कर लिया था कि राहुल ने आलू से सोना बनाने की बात कही है।

खुद कांग्रेस के लोगों ने कहा था कि देखिए राहुल कैसी बात कर रहे हैं। उस समय के मीडिया संभालने वालों ने कोई प्रतिकार नहीं किया कि वीडियो फर्जी है। बाद में उसे बनाने वाली ऐजेंसी ने भी माना कि उसे पैसे देकर यह फर्जी वीडियो बनवाया गया था। मगर कांग्रेस ने उस वीडियो के खंडन में कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई। वैसे ही आज भी सोशल मीडिया के दूसरे एक्टीविस्टों ने इस सेनेटरी पेड़ वाली खबर की झूठ का पर्दाफाश करने की कोशिश की। मगर बीजेपी की आई टी सेल की बड़ी ताकत के सामने छुट-पुट कोशिशें कितनी कामयाब हो सकती हैं?

जैसा अभी तेजस्वी ने किया वैसे ही राहुल भी मीडिया को आईना दिखाते रहते हैं। मगर फर्क यह है कि तेजस्वी की पार्टी का कोई आदमी अकेले में मीडिया से यह नहीं कह सकता कि अरे छोड़िए वह तो ऐसे ही कहते रहते हैं। कांग्रेस में तो बुला-बुला कर मीडिया को राहुल के खिलाफ बताया जाता है और पत्रकार कांग्रेस के बड़े पदाधिकारियों से कहते हैं कि आप राहुल को क्यों नहीं समझाते?

कांग्रेस में राहुल का यह संघर्ष बड़ा है कि वह अपनी पार्टी के होस्टाइल ( राहुल की नीचा दिखाने वाले) नेताओं के बीच रहकर इतने शांत और संयत बने रहते हैं। कांग्रेस के नेताओं की मजबूरी है कि बिना राहुल के पार्टी एक रह नहीं सकती। नहीं तो वे राहुल को ही यह आरोप लगाकर पार्टी के बाहर कर सकते हैं कि यह आदमी मीडिया की बहुत आलोचना करता है। मीडिया उनके लिए सगी हो जाएगी और राहुल सौतेले!


शकील अख्तर

> भाजपा के मनुवाद और जिसे अभी तेजस्वी ने कहा सामंतवाद के कारण उससे दूर रहते हैं। भाजपा फंस गई है। पहलगाम के आतंकवादी हमले फिर अचानक सीज फायर और उसके बाद सेना द्वारा लगातार यह बताए जाने कि किस तरह भारत अकेला पड़ गया था मोदीजी का ग्राफ लगातार गिरता जा रहा है। उनकी बातें बेअसर होने लगी हैं।

खैर बात तेजस्वी की थी। उन्होंने मीडिया को जिस तरह टाइट किया उसका असर चुनाव आयोग पर भी दिखा। हमने पहले ही कहा था डीबी लाइव पर बात करते हुए भी और अखबारों में लिखते हुए भी कि चुनाव आयोग को यह असंवैधानिक और अलोकतांत्रिक फैसला वापस लेना पड़ेगा। एक महीने में आठ करोड़ लोगों के वोटों की जांच संभव ही नहीं है। और मूल सवाल विधानसभा चुनाव के तीन महीने पहले ही क्यों याद आया आपको? पत्रकार इसको नहीं लिख रहे कि बरसात में बिहार की सबसे बड़ी खबर बाढ़ ही हुआ करती है। कौन सा अख़बार, टी वी चैनल है जो हर साल बिहार की बाढ़ की भयावह खबरें नहीं छापता नहीं दिखाता? जहाज से सहायता पहुंचाना बाढ़ से घिरे पानी में पेड़ के ऊपर चढ़े आदमी और साथ में सांप तक दिखाना। मगर अब कोई नहीं लिख रहा कि बरसात के मौसम में यह विशेष गहन पुनरीक्षण ( एसआईआर) कैसे होगा?

बहरहाल तेजस्वी का रौद्र रूप देखकर मीडिया तो सहमा ही चुनाव आयोग भी घबरा गया। पटना में जब तेजस्वी बिहार चुनाव आयुक्त से मिलने गए तो समर्थकों की भारी भीड़ उनके साथ थी। नारे लगाती हुई उस भीड़ का आक्रोश देखकर कोई भी समझ सकता था कि लोग किस मूड में हैं। तेजस्वी से मुलाकात के अगले दिन ही शनिवार को चुनाव आयोग को कहना पड़ा कि बीएलओ द्वारा बांटे गए फार्म के साथ कोई दस्तावेज जरूरी नहीं हैं। केवल साइन करके वैसे ही फार्म जमा करा दें। इससे पहले पासपोर्ट जैसे डाक्यूमेंट मांगे गए थे और आधार को अमान्य कर दिया था। यह फैसला वापस लेने की शुरूआत है। 9 जुलाई बुधवार को विपक्षी दलों ने बिहार बंद का आह्वान किया है। जैसा माहौल है उसे देखते हुए बंद अभूतपूर्व होगा। मीडिया, चुनाव आयोग और भाजपा सब समझ रहे हैं। और यह भी कि अगर ऐतिहासिक बंद हो गया तो महागठबंधन को चुनाव डिक्लेयर होने से पहले ही निर्णायक बढ़त मिल जाएगी।

जनता फैसला करती है मुख्यमंत्री का चेहरा कौन? तेजस्वी के इस समय के फार्म के सामने नीतीश कुमार का थका-मांदा चेहरा नहीं चलेगा। और भाजपा में इतनी हिम्मत नहीं है कि वह अपना कोई चेहरा अभी से सामने ला सके। अगर भाजपा ने ऐसा किया तो नीतीश का समर्थक एकदम से उससे टूट जाएगा। और बिना नीतीश के जनाधार के भाजपा के लिए महागठबंधन से लड़ना बहुत मुश्किल है। भाजपा और चुनाव आयोग ने यह गहन पुनरीक्षण उन वोटों को छांटने के लिए किया था जो गरीब कमजोर हैं, दलित महादलित, पिछड़े महापिछड़े हैं, काम करने के लिए बिहार के बाहर गए हुए हैं। आमतौर पर लोग समझ रहे थे कि यह मुस्लिम वोट काटने के लिए है। मगर बिहार की जैसी राजनीति है वहां सत्ता पक्ष ही मुस्लिम वोट काटने नहीं देगा। नीतीश के 20 साल मुख्यमंत्री बने रहने में मुस्लिम वोटों का बड़ा हाथ है। सत्ता पक्ष की दूसरे बड़े नेता चिराग पासवान को भी मुस्लिम वोटों का सहारा है। इसके अलावा जीतनराम मांझी की पार्टी, उपेन्द्र कुशवाहा की पार्टी को भी मुस्लिम वोट मिलता है। इसलिए तलवार वहां मुस्लिम पर कम और उन दलित पिछड़े समुदायों पर ज्यादा लटकी है।

जो भाजपा के मनुवाद और जिसे अभी तेजस्वी ने कहा सामंतवाद के कारण उससे दूर रहते हैं। भाजपा फंस गई है। पहलगाम के आतंकवादी हमले फिर अचानक सीज फायर और उसके बाद सेना द्वारा लगातार यह बताए जाने कि किस तरह भारत अकेला पड़ गया था मोदीजी का ग्राफ लगातार गिरता जा रहा है। उनकी बातें बेअसर होने लगी हैं। विदेश नीति की असफलता सबको दिखने लगी है।


ऐसे में बिहार चुनाव मोदी जी के लिए बड़ी परीक्षा है। उसी के लिए यह गहन परीक्षण की स्कीम लाई गई थी मगर अब यह उलटी पड़ गई है। चुनाव आयोग भारी दबाव में है। देखना है कब तक वह अपने फैसले पर कायम रह पाता है। आंशिक शुरूआत तो हो गई है फैसला वापस लेने की। लेकिन विपक्ष को पूर्ण फैसला वापसी से पहले अपने तेवर ढीले नहीं करना चाहिए। तभी उसे इसका फायदा विधानसभा चुनाव में मिल पाएगा।

**( लेखक वरिष्ठ पत्रकार है )**

# नरेंद्र मोदी के 11 साल के शासन ने भी लोकतंत्र और मानवाधिकारों पर किया आघात

जून 2025 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अधीन देश ने आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ मनायी, जिसे इंदिरा गांधी ने 1975 में लगाया था। इस अवधि के बारे में बहुत कुछ लिखा गया है, जब कई लोकतांत्रिक स्वतंत्रताएं निलंबित कर दी गयी थीं, हजारों लोगों को जेल में डाल दिया गया था और मीडिया पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। इस अवधि को कुछ दलित नेता बहुत अलग तरीके से देखते हैं, जो पिछले दशक में इंदिरा गांधी द्वारा उठाये गये क्रांतिकारी कदमों जैसे बैंकों के राष्ट्रीयकरण और प्रिवीपर्स को खत्म करने को याद करते हैं। अब, जबकि बहुत कुछ लिखा जा चुका है, तब उसका नये सिरे से विश्लेषण किया जाना चाहिए।

इस अवसर पर भारत सरकार के केंद्रीय मंत्रिमंडल ने उस अवधि की निंदा करते हुए तथा आपातकाल की घटना के विरोध में बलिदान देने वालों की प्रशंसा करते हुए एक प्रस्ताव पारित किया। इसमें 'अनगिनत व्यक्तियों के बलिदान को याद करने तथा उनका सम्मान करने का संकल्प लिया गया, जिन्होंने आपातकाल तथा भारतीय संविधान की मूल भावना को नष्ट करने के प्रयास का बहादुरी से विरोध किया, एक ऐसा विध्वंस जिसकी शुरुआत 1974 में नवनिर्माण आंदोलन तथा सम्पूर्ण क्रांति अभियान को कुचलने के एक कठोर प्रयास से हुई थी।'


डॉ. राम पुनियानी

> आज जहां एक ओर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्रीय मंत्रिमंडल और आरएसएस 1975 के आपातकाल का विरोध करने का सारा श्रेय ले रहे हैं, वर्तमान शासन दूसरे तरीकों से उसी आपातकाल को थोप रहा है। वैश्विक स्तर पर भारत में लोकतंत्र का सूचकांक लगातार गिरता जा रहा है। भारत में वर्तमान में जो अघोषित आपातकाल है, उस पर आत्मचिंतन करने और उससे उबरने की आवश्यकता है।

भाजपा उस अवधि के 21 महीनों के दौरान अपनी 'महान भूमिका' पर बहुत जोर दे रही है। यह आरएसएस के उन दावों से मेल खाता है, जिसमें कहा गया है कि आपातकाल का विरोध करने वाली प्रमुख ताकत वे ही थे परन्तु इसके अधिकांश अन्य दावों की तरह यह दावा भी सत्य के किसी भी तत्व से रहित है।

कुछ गंभीर पत्रकारों के प्रयासों तथा कुछ लोगों द्वारा पुस्तकों की खोज से एक और कहानी सामने आती है। पत्रकारिता के दिग्गजों में से एक प्रभाष जोशी ने लिखा, 'तत्कालीन आरएसएस प्रमुख बालासाहेब देवरस ने इंदिरा गांधी को एक पत्र लिखकर संजय गांधी के कुख्यात 20सूत्री कार्यक्रम को लागू करने में मदद करने का वचन दिया था। यह आरएसएस का असली चरित्र है' आप एक कार्यशैली, एक पैटर्न को समझ सकते हैं। आपातकाल के दौरान भी, जेल से बाहर आए आरएसएस और जनसंघ के कई लोगों ने माफ़ीनामा (माफ़ीनामा) दिया। वे सबसे पहले माफ़ी मांगने वाले थे-'अटल बिहारी वाजपेयी( अधिकांश समय अस्पताल में) थे' लेकिन आरएसएस ने आपातकाल का मुकाबला नहीं किया। तो भाजपा उस स्मृति को अपने नाम करने की कोशिश क्यों कर रही है?' वे निष्कर्ष निकालते हैं कि 'वे कोई लड़ाकू ताकत नहीं हैं, और वे कभी भी लड़ने के लिए उत्सुक नहीं होते हैं। वे मूलरूप से समझौता करने वाले लोग हैं। वे कभी भी वास्तव में सरकार के खिलाफ नहीं होते हैं'।

उत्तर प्रदेश और सिक्किम के राज्यपाल रह चुके टीवी राजेश्वर ने 'इंडिया: द क्रूशियलइयर्स' (हार्परकॉलिन्स द्वारा प्रकाशित) नामक पुस्तक लिखी है, जिसमें उन्होंने इस तथ्य की पुष्टि की है कि 'न केवल वे (आरएसएस) इस (आपातकाल) के समर्थक थे, बल्कि वे श्रीमती गांधी के अलावा संजय गांधी से भी संपर्क स्थापित करना चाहते थे।'

जबकि कई समाजवादी और कम्युनिस्ट जेल की सजा काट रहे थे, आरएसएस के कार्यकर्ता जेल से रिहा होने के लिए बेचैन थे। भाजपा के सुब्रमण्यम स्वामी ने द हिंदू में एक लेख में आपातकाल की कहानी सुनाई जो 13 जून 2000 को प्रकाशित हुई थी। उन्होंने दावा किया कि आरएसएस प्रमुख बालासाहेब देवरस और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने इंदिरा गांधी को माफी के पत्र लिखकर आपातकाल विरोधी आंदोलन को धोखा दिया। 'महाराष्ट्र विधानसभा की कार्यवाही में यह रिकॉर्ड पर है कि तत्कालीन आरएसएस प्रमुख बालासाहेब देवरस ने पुणे की यरवदा जेल के अंदर से इंदिरा गांधी को कई माफी पत्र लिखे, जिसमें जेपी के नेतृत्व वाले आंदोलन से आरएसएस को अलग कर दिया और कुख्यात 20-सूत्री कार्यक्रम के लिए काम करने की पेशकश की। उन्होंने उनके किसी भी पत्र का उत्तर नहीं दिया।' (भारत को पुनर्जीवित करने के अपने प्रयास में आपातकाल लागू करने को सही ठहराने के लिए कांग्रेस शासन द्वारा 20सूत्री कार्यक्रम और संजय गांधी के पांच सूत्री कार्यक्रम का हवाला दिया जाता है)।

मेरे एक मित्र, राष्ट्र सेवा दल के पूर्व अध्यक्ष डॉ. सुरेश खैरनार भी इस दौरान जेल में थे। जब उन्होंने आरएसएस कार्यकर्ताओं को माफ़ीनामे पर हस्ताक्षर करते देखा, तो वे इस विश्वासघात के कृत्य पर क्रोधित हो गये और उनसे भिड़ गये। अपनी शैली के अनुसार उन्होंने कहा कि वे जो कर रहे हैं वह तात्याराव (वीडी सावरकर) द्वारा अपनाये गये मार्ग के अनुसार है। हिंदू राष्ट्रवादियों की रणनीतियों के बारे में यह सच है!

यह भी याद रखें कि जब ए.बी.वाजपेयी को आगरा के पास बटेश्वर में जंगल सत्याग्रह में भाग लेने वाले जुलूस की निगरानी करते समय गिरफ्तार किया गया था, जिसमें सरकारी भवन से यूनियन जैक को हटा दिया गया था और तिरंगा फहराया गया था। वाजपेयी ने तुरंत एक पत्र लिखा और 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन से खुद को अलग कर लिया। उन्हें तुरंत रिहाई मिल गयी। इस विचारधारा के अनुयायियों के चरित्रों को प्रभाष जोशी ने अच्छी तरह से चित्रित किया है।

जहां एक ओर उनकी मौखिक भाषा आक्रामक और जोरदार होती है वहीं व्यवहार में वे बिल्कुल अलग होते हैं। जब 1998 में वाजपेयी के नेतृत्व में एनडीए सरकार थी, तब मानवाधिकार कार्यकर्ताओं ने अंतर महसूस किया था। अब तक मानवाधिकारों के लिए प्रतिबद्ध कई कार्यकर्ता कांग्रेस और भाजपा को एक ही सिक्के के दो पहलू मानते थे। उनके शासन के इस दौर ने हममें से कई लोगों की आंखें खोल दीं कि भाजपा एक अलग पार्टी है। यह इस तथ्य के बावजूद था कि उस समय भाजपा के पास अपने दम पर पूर्ण बहुमत नहीं था।

अब नरेन्द्र मोदी करीब ग्यारह साल से प्रधानमंत्री के रुप में सत्ता में हैं। 2014 और 2019 में उन्हें पूर्ण बहुमत मिला। इस पूर्ण बहुमत के साथ उनकी साख का असली रंग जोर से सामने आ गया है। जहां एक ओर आपातकाल ने उसे लागू करने वाली नेता इंदिरा गांधी को सत्ता से बेदखल कर दिया, जबकि आपातकाल संविधान के प्रावधानों के तहत था, अब हम नरेन्द्र मोदी का एक 'अघोषित आपातकाल' देख रहे हैं। 2015 में इंडियन एक्सप्रेस के शेखर गुप्ता को दिये गये एक साक्षात्कार में लालकृष्ण आडवाणी ने कहा था,' आज (उस समय) आपातकाल की घोषणा हुए 40 साल हो चुके हैं। लेकिन पिछले एक साल से भारत में अघोषित आपातकाल चल रहा है।' ('इंडियन एक्सप्रेस' दिनांक 26-27 जून 2015)।

अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर पूरी तरह से अंकुश लगा दिया गया है। सच बोलने की हिम्मत करने वाले कई लोगों को जेल में डाल दिया गया है। धर्म की स्वतंत्रता का हनन हो रहा है। न्याय की जगह बुलडोजर न्याय ले रहा है। लव जिहाद, गोमांस के बहाने अल्पसंख्यकों को डराना-धमकाना और प्रताड़ित करना घृणित है। भीमा कोरेगांव मामले में कई प्रतिष्ठित सामाजिक कार्यकर्ताओं को जेल में डाल दिया गया है। उमर खालिद, गुलफिशा फातिमा जैसे मुस्लिम कार्यकर्ता जेल में बंद हैं, जबकि उनके मामलों की सुनवाई नहीं हो रही है। कॉरपोरेट नियंत्रित मीडिया सरकार की नीतियों की पैरवी करने और असहमति की आवाजों को दबाने के लिए हमेशा तैयार रहता है।

आज जहां एक ओर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्रीय मंत्रिमंडल और आरएसएस 1975 के आपातकाल का विरोध करने का सारा श्रेय ले रहे हैं, वर्तमान शासन दूसरे तरीकों से उसी आपातकाल को थोप रहा है। वैश्विक स्तर पर भारत में लोकतंत्र का सूचकांक लगातार गिरता जा रहा है। भारत में वर्तमान में जो अघोषित आपातकाल है, उस पर आत्मचिंतन करने और उससे उबरने की आवश्यकता है।

## आपके पत्र

### कृत्रिम बुद्धिमत्ता का यंत्र

कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) आज नई रचनात्मकता का माध्यम बन चुकी है, पर यह बहस का विषय है कि क्या यह नवाचार, रचनाकारों की मेहनत की चोरी पर टिका है? अमेरिका में अदालतों ने एआई द्वारा 'सीखी गई' सामग्री को उचित प्रयोग माना, पर रचनाकार असंतुष्ट हैं। भारत में समाचार एजेंसी एएनआई ने ओपनएआई के खिलाफ कॉपीराइट उल्लंघन की शिकायत की है। देश में मौजूदा कानून इस तकनीकी चुनौती के लिए नाकाफी हैं। भारत को चाहिए कि वह अपने बौद्धिक संपदा कानूनों को अद्यतन करे ताकि तकनीकी विकास के साथ रचनात्मक अधिकारों की भी रक्षा हो सके।

जनरेटिव कृत्रिम बुद्धिमत्ता वाले मॉडल — जैसे कि ओपनएआई का चैटजीपीटी या मेटा का लामा — करोड़ों पुस्तकों, वेबसाइटों, गीतों, समाचारों और चित्रों का अध्ययन करके प्रशिक्षित किए जाते हैं। इनका प्रशिक्षण इस तरह होता है जैसे कोई छात्र पुस्तकें पढ़कर ज्ञान प्राप्त करता है, लेकिन यह छात्र उस पुस्तक को पढ़ने से पहले लेखक से न अनुमति लेता है, न ही लेखक को श्रेय या पारिश्रमिक देता है। यहीं से विवाद आरंभ होता है।

2024 में अमेरिका में पहला मामला आया जिसमें कुछ उपन्यासकारों ने कंपनी 'एंथ्रॉपिक' पर आरोप लगाया कि उसने उनकी पुस्तकों का उपयोग अपने कृत्रिम बुद्धिमत्ता मॉडल को प्रशिक्षित करने के लिए किया। लेखकों का कहना था कि यह उनकी बौद्धिक संपदा का उल्लंघन है। परंतु अदालत ने निर्णय दिया कि यह मॉडल जो नई सामग्री उत्पन्न कर रहा है, वह मूल रचना से अलग, नया और परिवर्तित है। इसलिए यह 'उचित प्रयोग' की श्रेणी में आता है और कंपनी को अपराधी नहीं माना जा सकता।

दूसरे मामले में कंपनी मेटा पर साहित्य और पत्रकारिता सामग्री को बिना अनुमति इस्तेमाल करने का आरोप था। अदालत ने माना कि कंपनी ने सचमुच संरक्षित रचनाएं पढ़ी थीं, लेकिन उसका उद्देश्य कुछ नया सीखना और बनाना था, इसलिए इसे भी 'परिवर्तनकारी उपयोग' मानते हुए मेटा को दोषमुक्त कर दिया गया।

इन दोनों फैसलों से एक संदेश यह गया कि न्यायालय फिलहाल तकनीकी नवाचार को प्राथमिकता दे रहे हैं, लेकिन लेखक समुदाय और बौद्धिक श्रमिकों के मन में यह सवाल घर करता जा रहा है कि यदि यह 'उचित प्रयोग' है, तो उनकी मेहनत, मौलिकता और अधिकारों का क्या?

अब दृष्टि भारत की ओर मोड़ते हैं। समाचार एजेंसी एएनआई ने वर्ष 2024 में ओपनएआई पर आरोप लगाया कि उसके संवाद आधारित मॉडल (जैसे चैटजीपीटी) उनकी समाचारों की भाषा, शैली और विषय-वस्तु की हूबहू नकल कर रहा है। इसके अलावा प्रकाशक संघों ने भी आरोप लगाए कि भारत में कॉपीराइट पंजीकरण की अनदेखी कर इन एआई कंपनियों ने भारतीय सामग्री का व्यावसायिक दोहन किया। ओपनएआई का पक्ष यह था कि वह भारत में न तो अपने सर्वर चलाता है, न ही उसका कोई स्थायी कार्यालय है। उसका तर्क था कि उसकी तकनीक कुछ नया, परिवर्तित और जनहित में उपयोगी सामग्री तैयार करती है— और यह बौद्धिक चोरी नहीं कहलाती।

यह मामला अब दिल्ली उच्च न्यायालय में विचाराधीन है, और इसकी सुनवाई जुलाई के पहले सप्ताह में निर्धारित है। इससे यह स्पष्ट होता है कि भारत में अब यह बहस न्यायिक गलियारों में पहुंच चुकी है। प्रश्न यह है कि क्या भारत का मौजूदा बौद्धिक संपदा कानून इस नई तकनीकी चुनौती के लिए तैयार है? 1957 में बनाए गए कॉपीराइट अधिनियम में 'उचित प्रयोग' की धारणा है, पर उसमें कृत्रिम बुद्धिमत्ता जैसे मामलों की स्पष्ट व्याख्या नहीं है। ना ही भारत में ऐसा तंत्र है जो यह जांच सके कि कोई एआई मॉडल प्रशिक्षण के लिए किन सामग्रियों का उपयोग कर रहा है और वे सामग्री कॉपीराइट के अंतर्गत आती हैं या नहीं।

**– प्रियंका सौरभ**



## ललित सुरजन की कलम से

### चुनावी हार को जीत में बदलने की तरकीबें

*'चुनाव के दौरान अपने पक्ष में माहौल तो बनाना ही पड़ता है। यह काम भी अब सीधे-सादे तरीके से कोई नहीं करता। अनेक चतुर सुजान अपने दूतों को विरोधी पक्ष के मतदाताओं के पास पठाते हैं। वे जाकर बताते हैं कि उनकी तो हार हो रही है, भैयाजी या नेताजी बात ही नहीं सुनते, इत्यादि। इससे सामने वाले के गफलत में पड़ जाने की संभावना बन जाती है। जब उनके ही लोग हार मान बैठे हैं तो हमें कुछ करने की क्या जरूरत है? हमें तो जनता खुद ही जिता रही है। बस, इसी खुशफहमी में पत्ता साफ। यह तो एक तरकीब है। इससे बढ़कर महीन तरकीब चुनाव पूर्व सर्वे के इस्तेमाल की है। पहले किसी पार्टी या प्रत्याशी की जीत का अनुमान पेश करो, फिर कुछ दिन बाद उस के हारने का अनुमान घोषित कर दो। प्रत्याशी का और उसके पक्षधर मतदाताओं का मनोबल तोड़ने, उन्हें हतोत्साह करने की यह तरकीब कई बार सफलतापूर्वक आजमाई गई है। राजनैतिक दल इन सर्वे करने वालों और उन्हें प्रकाशित-प्रचारित करने वालों का ऐहसान चुकाने में कोई कमी नहीं रखते।'*

**( देशबन्धु में 10 नवंबर 2018 को प्रकाशित )**

https://lalitsurjan.blogspot.com/2018/11/blog-post_9.html

## गुरूवाणी विचार

### भक्त कबीरदास

देही गांवा जीओ हर महतौ बसहि पंच किरसाना
नैनू नकह सुवण रसपति इंद्रो कहिआ न माना
बाबा अब न बसहो ऐह गांवो
घड़ी घड़ी का लेखा मांगे काहिथ चेते नांवो।

गुरुवाणी की इन पंक्तियों द्वारा भक्त कबीर दास जी मानव मन को समझाईश देते हुए फरमा रहे हैं कि हमारा यह शरीर मानो एक नगर है और इसमें जो जीवात्मा है वह इस नगर की चौधरी है, मुखिया हैं, लंबरदार है। इस शरीर रूपी नगर में पांच किसान रूपी आंखें, नाक, कान, जीभ और इंद्रिय विराजमान है। यह पांचों ही किसान अपने मालिक मुखिया का कहना न मानते हुए उसे उलटी ही सलाह देते रहते हैं और अपनी मनमानी करते रहते हैं। चौधरी आंखों को आदेश देता है कि ये मेरे नेत्रों तुम हर वक्त प्रभु परमात्मा का ध्यान लगाया करो।

ये नेत्रों मेरियो हर तुममें जोति, धरी हरि
बिन अवर ने देखो कोई।

नेत्र है कि मुखिया का कहना न मानते हुए अपनी मनमानी करते हैं और प्रभु परमात्मा का ध्यान न लगाते हुए सांसारिक नाटक - चेटकों में टीवी इत्यादि में ही गलतान रहते हैं। कानों को चौधरी कहता है कि प्रभु संकीर्तन सुना करो पर वे ठीक इसके विपरीत पराई निंदा चुगली सुनने में ही मस्त रहते हैं।

ऐ सरवनो मेरियो साचै सुनने नूं पठाये।
सरीर लाये सुनो सत वाणी।।

वह उसे सुनने को तैयार ही नहीं रहते। फिर जीभ को आदेश देता है कि अपने स्वादों में भी हर वक्त मत लगे रहा कर थोड़ा बहुत प्रभु गुण भी बखान कर लिया कर। क्योंकि प्रभु गुण गान करते रहने पर ही तेरा कल्याण हो सकता है पर जीभ भी चौधरी का कहना न मानते हुए मनमानी करती है और सिमरन बंदगी करने से कतराती है। हर तरह के व्यंजनों के स्वाद चखने में ही लगी रहती है। इसी तरह नाक और इंद्रिय चौधरी का कहना न मानते हुए सांसारिक विषय विकारों में ही गलतान रहती है और बुरी संगत में ही फंसी रहती है। इसीलिए भक्त कबीर जी प्रभु परमात्मा से बिनती कर रहे हैं कि ऐ मेरे परमात्मा मैं इस तरह के गांव में नहीं रहना चाहता क्योंकि यहां हर क्षण तो मेरी आज्ञा का उल्लंघन हो रहा है। मैं इस बात को अच्छी तरह जानता हूं कि आपके यहां मेरे द्वारा किए जा रहे क्षण प्रतिक्षण उल्लंघन हो रहा है। मैं अच्छी तरह जानता हूं कि आपके यहां मेरे द्वारा किए जा रहे कर्मों का लेखा-जोखा धर्मराज की कचहरी में चित्रगुप्त जी के द्वारा रखा जा रहा है तो चब ये मेरे किसान पांचों मेरा कहना न मानते हुए उलटा ही काम कर रहे हैं तब मैं आपकी कचहरी में कहां से उजले मुख आ पाऊंगा। इसलिए मैं इस गांव में नहीं रहना चाहता।

प्रभु परमात्मा ने मानुस देही देकर उसके किसी पूर्व जनम के पुण्य फल के कारण इस धरा पर भेजा है अतएव हर इंसान का कर्तव्य बनता है कि वह अपनी मानव देही पाने का संपूर्ण लाभ उठा ले ताकि वह फिर प्रभु परमात्मा के सांचे दरबार में उजले मुख से जा सके तभी उसका मानव देही पाना सार्थक हो सकेगा। हमें चाहिए कि इन पांचों इंद्रियों को अपने वश में कर रखें और उन्हें अपनी मर्जी न करने दे। उन पर काबू पाकर प्रभु सिमरन बंदगी में अपना ध्यान लगावें। प्रारंभ में थोंड़ी दिक्कत जरूर आ सकती है पर धीरे-धीरे उन पर काबू पाया जा सकता है और फिर एक बार काबू हो जाने पर रसना समझने लगेगी कि कीरत प्रभु की गावो मेरी रसना।

तुम करो दया मेरे साईं
ऐसी बुद्धि करो परमात्मा
सदा सदा तुध धिआई।।

**-ईंदर सिंह आहुजा**

प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770
ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in

## एफ-35बी फाइटर जेट की मरम्मत के लिए तिरुवनंतपुरम एयरपोर्ट पहुंची यूके की टीम

**तिरुवनंतपुरम,** 6 जुलाई (एजेंसियां)। ब्रिटिश उच्चायोग ने शनिवार को बताया कि यूके की एक इंजीनियरिंग टीम तिरुवनंतपुरम हवाई अड्डे पर पहुंच गई है। यह टीम आपातकालीन लैंडिंग करने वाले ब्रिटेन के एफ-35बी फाइटर जेट का आकलन और उसकी मरम्मत का कार्य करेगी। इस फाइटर जेट ने 14 जून को तिरुवनंतपुरम अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आपातकालीन लैंडिंग की थी। इस मामले में ताजा अपडेट देते हुए एक ब्रिटिश हाई कमीशन के प्रवक्ता ने बताया कि यूके की एक इंजीनियरिंग टीम तिरुवनंतपुरम इंटरनेशनल एयरपोर्ट पहुंच गई है। यह टीम ब्रिटेन के एफ-35बी फाइटर जेट का आकलन करेगी और उसकी मरम्मत करेगी। इस जेट को इमरजेंसी में यहां उतारा गया था।



# अमेरिका में बाढ़ से 49 लोगों की मौत, कई लापता

**ह्यूस्टन,** 6 जुलाई (एजेंसियां)। अमेरिका मध्य टेक्सास में आई भीषण बाढ़ में कम से कम 49 लोगों की मौत हुई है और कई लोग लापता हैं। कई क्षेत्रों में बचाव अभियान जारी है। स्थानीय अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि केर काउंटी में शुक्रवार सुबह मूसलाधार बारिश के कारण अचानक बाढ़ आने से 28 वयस्कों और 15 बच्चों सहित कम से कम 43 लोगों की मौत हो गई। काउंटी के शेरिफ लैरी लीथा ने यह जानकारी दी। केरविले के सिटी मैनेजर डाल्टन राइस ने बताया कि 27 अन्य बच्चे अभी भी लापता हैं, जिनमें से अधिकांश कैंप मिस्टिक के हैं। यह ग्वाडालूप नदी के किनारे इसाइयों का एक निजी ग्रीष्मकालीन शिविर है। इस शिविर में आमतौर पर हर साल लगभग 750 बच्चे आते हैं। उन्होंने कहा कि हम पूरे दिन सैकड़ों लोगों को इन शिविरों से बचाते रहे हैं।

**पूर्वानुमान में वर्षा की मात्रा को कम करके आंका था**

स्थानीय प्रसारक केएक्सएओ-टीवी ने काउंटी के जज एंडी ब्राउन के हवाले से बताया कि ट्रैविस काउंटी में चार लोगों की मौत हुई है और 13 अन्य लापता बताए गए हैं। बर्नेट काउंटी में शनिवार को अपराह्न तक बचाव कार्य जारी था। शेरिफ कार्यालय ने दो मौतों की पुष्टि की और कहा कि दो अन्य लापता हैं। टेक्सास के गवर्नर ग्रेग एबॉट ने शनिवार को मध्य टेक्सास में छह और काउंटियों को शामिल करने के लिए एक विस्तारित आपदा घोषणा पर हस्ताक्षर किए, जिसके बाद बाढ़ से प्रभावित कुल काउंटियों की संख्या 20 हो गई। अमेरिका के राष्ट्रीय मौसम सेवा (एनडब्ल्यू ) के अनुसार केर काउंटी में ग्वाडालूप नदी का जल स्तर शुक्रवार सुबह केवल तीन घंटे के भीतर 7.5 फीट (2.3 मीटर) से बढ़कर 29.5 फीट (9 मीटर) हो गया, जो रिकॉर्ड पर दूसरे सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंच गया। टेक्सास डिवीजन ऑफ इमरजेंसी मैनेजमेंट के प्रमुख निम किड ने कहा कि मौसम विभाग के पहले के पूर्वानुमान में क्षेत्र में भयावह बाढ़ में योगदान देने वाली वर्षा की मात्रा को कम करके आंका गया था।



## पाकिस्तान में बारिश व बाढ़ से 66 लोगों की मौत, 127 घायल



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में 26 जून से मूसलाधार की बारिश और अचानक आई बाढ़ के कारण कम से कम 66 लोगों की मौत हुई है और 127 अन्य घायल हैं। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) ने शनिवार को पिछले दो दिनों में बारिश से संबंधित घटनाओं में दो और मौतों तथा 10 अन्य लोगों के घायल होने की जानकारी दी। एनडीएमए के अनुसार सबसे ज्यादा मौतें उत्तर-पश्चिमी प्रांत खैबर पख्तूनख्वा में हुई है। इस राज्य में 11 बच्चों सहित 24 लोगों की जान चली गई। इनमें से 14 लोग पिछले सप्ताह स्वात घाटी में आई अचानक बाढ़ में बह गए। पंजाब में भारी बारिश के कारण घर ढहने और अचानक आई बाढ़ में 11 बच्चों सहित 22 लोगों की मौत हुई है। वहीं, सिंध में 15 लोगों की मौत की खबर है, जबकि बलूचिस्तान में पांच लोगों की मौत हुई है। पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर में भी तीन लोगों के घायल होने की खबर है। पाकिस्तान मौसम विभाग ने अगले 48 घंटों में कई क्षेत्रों में और अधिक बारिश और आंधी-तूफान का अनुमान लगाया है।

## अफ़गानिस्तान में बाढ़ से दो बच्चों की मौत, भारी तबाही



**काबुल।** अफ़गानिस्तान के नांगरहार प्रांत के कई हिस्सों में मूसलाधार बारिश के बाद आई बाढ़ में दो बच्चों की मौत हो गई और बड़े पैमाने पर तबाही हुई है। मूसलाधार बारिश के कारण देश के पूर्वी क्षेत्र में तबाही का मंज़र देखने को मिला है। सूचना और संस्कृति विभाग के प्रांतीय निदेशक कुरैशी बदलॉन ने संवाद समिति शिन्हुआ को बताया कि मूसलाधार बारिश के बाद आई बाढ़ ने कई जिलों को प्रभावित किया है, जहां कम से कम 280 घर बह गए हैं। उन्होंने बताया कि इस आपदा से इस क्षेत्र की कृषि भूमि को गंभीर नुकसान हुआ है और लगभग 5,000 एकड़ कृषि भूमि जलमग्न हो गई है। अधिकारी के अनुसार, हताहतों की संख्या और नुकसान की सीमा बढ़ सकती है। नुकसान का पता लगाने और प्रभावित क्षेत्रों का सर्वेक्षण करने के लिए आकलन दल भेजे गए हैं।

## सुडोकू 6966

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | 8 | | | 1 | | |
| 3 | | 8 | 6 | | | | | 4 |
| 6 | | | | 2 | | 7 | | |
| | | | | 9 | | | | 2 |
| | | 9 | | | | 6 | | |
| 4 | | | | 1 | | | | |
| | | 1 | | 3 | | | | 9 |
| 2 | | | | | 1 | 5 | | 7 |
| | | 3 | | | 7 | | 2 | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम, कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारुवाला

**ग्रह स्थिति : सोमवार 7 जुलाई , 2025 आषाढ़ शुक्ल पक्ष 11**

### राशिफल

मेष - आज आपको विशेष प्रकार के आध्यात्मिक अनुभव होंगे। आपको रहस्य और गूढ़ विद्याओं का ज्ञान प्राप्त करने में रुचि होगी। आप आध्यात्म के क्षेत्र में भी सिद्धि प्राप्त कर सकेंगे।

वृषभ - आप अपने वैवाहिक जीवन का आनंद ले सकेंगे। परिवार के साथ कोई सामाजिक प्रसंग अथवा छोटे प्रवास पर जाने से आपको अनंद का अनुभव होगा। मित्रों और सगे संबंधियों के साथ स्वादिष्ट भोजन का आनंद उठाएंगे।

मिथुन - आपके कई दिनों से रूके हुए काम पूरे हो सकेंगे। सफलता तथा प्रतिष्ठा प्राप्त मिलेगी। घर में सुख- शांति और आनंद आपको मानसिक रूप से प्रफुल्लित रखेंगे। तंदुरुस्ती अच्छी रहेगी। वित्तीय लाभ होगा।

कर्क - आपको आज चित्त को शांत रखकर दिन व्यतीत कर लेना चाहिए। शारीरिक मानसिक अस्वस्थता से भय पैदा होगा। अचानक खर्च होने की संभावना है। प्रेमियों के बीच विवाद और मतभेद हो सकता है।

सिंह - आज आपको शारीरिक- मानसिक चिंता बनी रहेगी। पारिवारिक सदस्यों के साथ विवाद होने की आशंका है। मां के स्वास्थ्य की चिंता रह सकती है। गलत और नकारात्मक विचारों के कारण निराशा रह सकती है।

कन्या - बिना विचारें किसी भी तरह के काम में रुचि ना लें। आप किसी से इमोशनल संबंध में जुड़ सकते हैं। भाई-बहनों के साथ अच्छे संबंध अच्छे बने रहेंगे। मित्रों और स्नेहीजनों से मिलना- जुलना होगा।

तुला - मानसिक परेशानी रहने के कारण आज आपको कोई महत्वपूर्ण निर्णय नहीं लेना चाहिए। आज कोई नया काम न करें। पारिवारिक सदस्यों के साथ विवाद टालना चाहते हों तो वाणी पर संयम रखें।

वृश्चिक - आज का दिन आपके लिए बहुत अच्छा है। आपका तन-मन प्रफुल्लित रहेगा। परिजनों के साथ सुख के पल गुजार सकेंगे। मित्रों और स्नेहीजनों के पास से किसी तरह का उपहार मिलेगा।

धनु - आज का दिन कष्टदायक रहेगा। पारिवारिक सदस्यों के साथ मनमुटाव होगा। स्वभाव में क्रोध और आवेश रहेगा। इससे किसी के साथ उग्र तकरार हो सकता है। स्वास्थ्य खराब होगा। वाणी और व्यवहार में संयम रखें। दुर्घटना से बचें।

मकर - आज का दिन लाभदायक है। मित्रों और स्नेहीजनों से मिलकर आनंद का अनुभव करेंगे। प्रियजनों के साथ किसी रोमांचक यात्रा पर जा सकते हैं। थोड़े प्रयत्नों से विवाहोत्सुक लोगों का रिश्ता पक्का हो सकता है।

कुंभ - आप सभी काम सरलतापूर्वक पूरा कर सकेंगे। व्यापार और नौकरी में प्रगति कर सकेंगे। सरकारी कामकाज आसानी से पूरे हो सकेंगे। उच्च अधिकारियों की ओर से मदद मिलती रहेगी। आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

मीन - आज आप अस्वस्थता का अनुभव करेंगे। शारीरिक ताजगी का अभाव रहेगा। कोई काम विलंब होने से आपको निराशा का अनुभव होगा। भाग्य आपका साथ नहीं देगा, ऐसा आपको लग सकता है।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

# ईरान-इजरायल संघर्ष के बाद पहली बार नजर आए खामेनेई

**तेहरान,** 6 जुलाई (एजेंसियां)। ईरान-इजरायल के 12 दिन तक चले संघर्ष और फिर युद्धविराम के बाद ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई शनिवार को पहली बार जनता के सामने आए। खामेनेई ने धार्मिक कार्यक्रम में मौजूदगी दर्ज कराई।

इजरायल-ईरान के बीच सीजफायर 24 जून को हो गया था, लेकिन 86 साल के खामेनेई लंबे वक्त तक सामने नहीं आए थे। जब मुहर्रम के जुलूस में उन्हें देखा गया, तो समर्थकों ने उनका स्वागत किया। इस बीच खामेनेई ने हाथ हिलाकर और सिर झुकाकर जनता का अभिवादन स्वीकार किया। हालांकि, खामेनेई ने जनता की उम्मीदों के मुताबिक मंच से उन्हें कोई संदेश नहीं दिया।

यहां नमाजियों ने इमाम हुसैन की शहादत को याद किया। यह शिया मुसलमानों के लिए एक महत्वपूर्ण दिन है। खामेनेई इस समारोह के दौरान काले रंग के कपड़ों में नजर आए। समारोह में उपस्थित लोगों ने इस दौरान लब्बैक या हुसैन के नारे लगाए। राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार, अयातुल्ला अली खामेनेई की सार्वजनिक तौर पर मौजूदगी उनके आत्मविश्वास को दर्शाती है, जो उनके विरोधियों के लिए एक संदेश भी है। इस मौजूदगी के साथ खामेनेई ने संदेश दिया है कि संघर्ष के बावजूद ईरान स्थिर और सक्रिय है।




■ 24 जून को इजरायल-ईरान के बीच हो गया था सीजफायर

ईरान-इजरायल के बीच संघर्ष शुरू होने के बाद खामेनेई के सिर्फ वीडियो और कुछ सोशल मीडिया पोस्ट ही सामने आए थे। ऐसे में खामेनेई को लेकर कई तरह के दावे किए जा रहे थे। माना जा रहा था कि खामेनेई दोनों देशों के बीच संघर्ष के दौरान बंकर में थे। इस बीच उन्होंने रिकॉर्डेड वीडियो संदेश के जरिए ही जनता से संवाद किया था। ईरानी प्रशासन बार-बार खामेनेई के स्वस्थ होने का दावा करता रहा। ईरान की न्यायपालिका के अनुसार इजरायल के साथ 12 दिनों तक चले इस संघर्ष में 900 से ज्यादा लोग मारे गए हैं। अमेरिका की ओर से किए गए हमलों से ईरान की न्यूक्लियर फैसिलिटी को काफी नुकसान पहुंचा है।

## ईरान में इंटरनेट संचार बड़ी रुकावट के बाद बहाल

**तेहरान।** ईरान में इंटरनेट सेवा एक बड़ी रुकावट के बाद बहाल हो गई है। नेटब्लॉक इंटरनेट निगरानी सेवा की एक रिपोर्ट के मुताबिक अधिकारियों ने इंटरनेट सेवा बाधित होने का कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया है। नेटब्लॉक ने रविवार रात को बताया कि ईरान में इंटरनेट कनेक्शन में गंभीर व्यवधान दर्ज किया गया था। नेटब्लॉक ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर कहा कि ईरान में राष्ट्रव्यापी व्यवधान के बाद इंटरनेट सेवा को बड़े पैमाने पर बहाल कर दिया गया है, अधिकारियों ने कोई स्पष्टीकरण जारी नहीं किया है। नेटब्लॉक के अनुसार, पूरे देश में लगभग दो घंटे तक इंटरनेट सेवा बाधित रही। जून के अंत में इस्लामिक गणराज्य ईरान के कई क्षेत्रों में निवासियों ने बताया था कि ईरान पर इजरायली हमलों के कारण देश में इंटरनेट सेवा को सीमित कर दिया गया था लेकिन बाद में वैश्विक इंटरनेट तक लोगों की पहुंच को बहाल किया जाने लगा।

## वर्ग पहेली 6966




**बायें से दायें:-**

१. आंख की पुतली
३. विधानसभा का सदस्य
५. प्रबंध इंतजाम
६. असुर, दैत्य
७. पिता का पिता
९. प्रेम, प्यार, इच्छा
१०. मदिरा बनाने या इसका व्यवसाय (उर्दू)
१२. रिश्ता, नाता, लगाव
१३. सारा, संपूर्ण
१४. बांटना, बांटने की क्रिया
१६. समाधान
१८. श्रीमान, महोदय (उर्दू)
२१. राहगीर
२१. इच्छा, कामना, अभिलाषा (उर्दू)
२३. दिखाई देना (उर्दू)

**ऊपर से नीचे:-**

१. कर देने वाला
२. बेसहारा, निराश्रित
३. जिसे उसके स्थान से हटा दिया गया हो
४. अनाथ (उर्दू)
५. दुश्चरित्र, कुमार्ग गामी
८. बलराम
१०. जिस पर आक्रमण किया गया हो, पराभूत जिस पर कब्जा किया गया हो, कष्टग्रस्त
११. वजह
१२. ग्रहण करना, एकत्र करना
१३. बुजुर्ग, बुद्धिमान
१४. चिढ़ाना, नकल उतारना, उपहास का विषय
१५. नीरस
१७. फौज, सेना (उर्दू)
१८. टूटा-फूटा
१९. प्रवाहित होना
२२. गीला, नम

### वर्ग पहेली-6965



युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## ब्राजील में प्रधानमंत्री मोदी का किया स्वागत, ऑपरेशन सिंदूर की प्रस्तुति रही खास

**रियो डी जेनेरियो,** 6 जुलाई (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चार दिवसीय यात्रा पर ब्राजील पहुंचे। इस दौरान वे 17वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे और एक राजकीय यात्रा भी करेंगे। ब्राजील के रियो डी जेनेरियो पहुंचने पर भारतीय प्रवासी ने पीएम मोदी का भव्य स्वागत किया।

ब्राजील में आयोजित ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए पहुंचे पीएम मोदी का पारंपरिक नृत्य, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और देशभक्ति से भरे चित्रों से स्वागत किया गया। लोगों ने हाथों में तिरंगा लिए प्रधानमंत्री का स्वागत किया। इस स्वागत में सबसे खास बात 'ऑपरेशन सिंदूर' की प्रस्तुति रही। यह भारत की ओर से पाकिस्तान स्थित आतंकियों के खिलाफ चलाए जा रहे एक निर्णायक अभियान पर आधारित प्रस्तुति थी, जिसे नृत्य और चित्रों के माध्यम से दर्शाया गया।

प्रवासी भारतीयों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत पेंटिंग और 'ऑपरेशन सिंदूर' पर आधारित नृत्य के साथ किया। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने स्वागत समारोह में प्रस्तुति देने वाली भारतीय महिला नर्तकियों से मुलाकात की।





नर्तकियों में से एक ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी हमारे लिए बड़े भाई जैसे हैं। हमारे लिए यह बहुत गर्व की बात है कि वे यहां आए। हमारी प्रस्तुति को उन्होंने बहुत धैर्यपूर्वक देखा, हमसे बातचीत की और इसकी बहुत सराहना की। हमने अपने बहादुर सैनिकों को श्रद्धांजलि देने और भारत माता का सम्मान करने के लिए 'ऑपरेशन सिंदूर' को अपनी थीम के रूप में चुना था। बता दें कि प्रधानमंत्री मोदी चार दिवसीय यात्रा पर ब्राजील पहुंचे हैं। अपनी यात्रा के दौरान, 6 और 7 जुलाई को वह रियो डी जेनेरियो में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे, उसके बाद एक राजकीय यात्रा करेंगे।

## अमेरिकी विदेश मंत्री ने दलाई लामा को 90वें जन्मदिन पर दी शुभकामनाएं



**धर्मशाला,** 6 जुलाई (एजेंसियां)। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने दलाई लामा को उनके जन्मदिन पर शुभकामनाएं दीं है।

दलाई लामा रविवार को 90 साल के हो गए। यूएस डिपार्टमेंट ऑफ स्टेट ने एक बयान में कहा कि अमेरिका तिब्बतियों के मानवाधिकारों और मौलिक स्वतंत्रता के सम्मान को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। हम तिब्बतियों की विशिष्ट भाषाई, सांस्कृतिक और धार्मिक विरासत को संरक्षित करने के प्रयासों का समर्थन करते हैं, जिसमें हस्तक्षेप के बिना धार्मिक नेताओं को स्वतंत्र रूप से चुनने और उनका सम्मान करने की उनकी क्षमता भी शामिल है। 14वें दलाई लामा, जिन्हें बेजुबानों की आवाज कहा जाता है, और दशकों तक जीने का लक्ष्य रखते हैं। अपने 90वें जन्मदिन से पहले, नोबेल शांति पुरस्कार विजेता ने पुष्टि की कि उनका उत्तराधिकारी होगा, जिससे इस बात की अटकलों पर विराम लग गया कि क्या उनके निधन के बाद 600 वर्ष पुरानी संस्था समाप्त हो जाएगी।

## आज का इतिहास

1456- फ्रांस में जोन ऑफ आर्क को विधर्मी होने के मामले में मृत्यु के 25 साल बाद दोषमुक्त करार दिया गया।
1656- सिखों के आठवें गुरु हर किशन का जन्म।
1758- आधुनिक त्रावणकोर के निर्माता राजा मार्तंड वर्मा का निधन
1896- भारत में सिनेमा का प्रवेश। मुंबई के वाटसन होटल में ल्यूमिर बंधुओं ने फिल्मों का पहली बार प्रदर्शन किया।
1912- अमेरिकी खिलाड़ी जिम थोर्पे ने स्टॉकहोम ओलम्पिक में चार स्वर्ण जीतकर तहलका मचाया।
1928- स्लाइस्ड ब्रेड की पहली बार बिक्री हुई। इसे मशीन से काट कर तैयार किया गया।
1930- ब्रिटिश लेखक आर्थर कॉनन डॉयल का निधन
1948- बहुउद्देश्यीय परियोजना के लिए दामोदर घाटी निगम की स्थापना।
1978- सोलोमन द्वीप ने यूनाइटेड किंगडम से अपनी आजादी का ऐलान किया।
1985- महज 17 साल की उम्र में बोरिस बेकर ने विम्बलडन जीता
1981- क्रिकेट के सफलतम खिलाड़ियों में शुमार महेंद्र सिंह धोनी का जन्म।
1999- परमवीर चक्र विजेता कैप्टन विक्रम बत्रा देश की रक्षा करते हुए शहीद हुए।
2005- लंदन में 4 आत्मघाती हमलों में 700 से ज्यादा लोग घायल हुए और 39 लोगों की मौत हुई।
2007- न्यू 7 वंडर्स फाउंडेशन ने दुनिया के सात अजूबों की घोषणा की। भारत के ताजमहल को भी इस लिस्ट में शामिल किया गया।

**मामला** प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू हमास के साथ बातचीत के लिए तैयार

# इजरायली प्रतिनिधिमंडल को कतर जाने का दिए निर्देश

**यरूशलम, 6 जुलाई (एजेंसियां)। इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने हमास के साथ युद्ध बंधकों पर बातचीत करने के लिए रविवार को एक वार्ता दल को कतर जाने का निर्देश दिया है। इजरायली प्रधानमंत्री कार्यालय ने शनिवार रात एक बयान में यह जानकारी दी। बयान के अनुसार, स्थिति का आकलन करने के बाद इजरायल ने इस वार्ता के निमंत्रण को स्वीकार कर लिया है। वह गाजा में बंधक बनाए गए इजरायलियों की रिहाई के लिए कतर के प्रस्ताव के आधार पर बातचीत जारी रखने पर सहमत हो गया है।**

प्रस्ताव में 60 दिन का युद्ध विराम, पांच चरणों में 10 इजरायली बंधकों की रिहाई, 18 बंधकों के शवों को सौंपना तथा इजरायली जेलों में बंद फिलिस्तीनी कैदियों की रिहाई शामिल है।

इस बीच, बयान में कहा गया कि इजरायल को कल शाम जानकारी दी गई कि हमास ने प्रस्ताव में बदलाव की मांग की है जो इजरायल को अस्वीकार्य है। इजरायली सरकार के स्वामित्व वाले कान टीवी न्यूज ने कहा कि हमास ने जो बदलाव किए है उनमें युद्ध समाप्त करने के लिए वार्ता में शीघ्र बदलाव की गारंटी, समझौते की गारंटी देने वाले देशों में तुर्की को शामिल करना, मानवीय सहायता संबंधित विवरण और गाजा पट्टी से इजरायली सैन्य बलों की वापसी शामिल है।



उल्लेखनीय है कि चार जुलाई को हमास ने एक बयान में कहा था कि उसने गाजा युद्ध विराम प्रस्ताव पर मध्यस्थों को सकारात्मक जवाब दिया है और वह इस रूपरेखा को लागू करने की प्रकिया संबंधी बातचीत में हिस्सा लेने के लिए तैयार है।

## मिस्र के विदेश मंत्री व अमेरिकी राजदूत ने गाजा युद्धविराम पर की चर्चा

**काहिरा।** मिस्र के विदेश मंत्री बद्र अब्देलती और मध्य पूर्व के लिए विशेष अमेरिकी राजदूत स्टीव विटकॉफ ने शनिवार को फोन पर गाजा युद्धविराम वार्ता पर चर्चा की। मिस्र के विदेश मंत्रालय ने कहा कि दोनों पक्षों ने समझौते के लिए संबंधित पक्षों के बीच अप्रत्यक्ष बैठकें आयोजित करने की तैयारियों पर चर्चा की। मंत्रालय के एक बयान के अनुसार, श्री अब्देलती ने युद्ध विराम होने के बाद गाजा के शीघ्र पुनर्निर्माण एवं पुनरुद्धार पर एक अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित करने की तैयारियों पर बातचीत की। जबकि श्री विटकॉफ ने गाजा में युद्ध विराम के लिए मिस्र के निरंतर प्रयासों तथा क्षेत्र में सुरक्षा एवं स्थिरता को बनाए रखने में उसकी भूमिका की सराहना की। शुक्रवार को हमास ने कहा था कि उसने गाजा युद्ध विराम प्रस्ताव पर मध्यस्थों को सकारात्मक जवाब दिया है और कहा कि वह इस रूपरेखा को लागू करने की प्रकिया मे हिस्सा लेने लिए तैयार है।

## दुनिया को जानें

### जापान में भीषण गर्मी का प्रकोप, 19 प्रांतों में हीटस्ट्रोक अलर्ट जारी

**टोक्यो,** 6 जुलाई (एजेंसियां)। जापान में भीषण गर्मी के चलते रविवार को मौसम विभाग ने देश के 19 प्रीफेक्चर्स (प्रांतों) में हीटस्ट्रोक अलर्ट जारी किया, जिसमें इस सीजन का पहला अलर्ट टोक्यो और कनागावा के लिए भी जारी किया गया है। जापान मौसम विज्ञान एजेंसी (जेएमए) के अनुसार, पश्चिमी जापान और अन्य हिस्सों में उच्च दबाव प्रणाली का प्रभाव बना हुआ है, जिससे ज्यादातर क्षेत्रों में धूप और अत्यधिक गर्म मौसम बना रहेगा।

रविवार को देशभर में दिन के तापमान में भारी वृद्धि दर्ज की गई। मिए प्रीफेक्चर के कुओवाना में तापमान 38.3 डिग्री सेल्सियस, आइची प्रीफेक्चर के टोयोटा में 37.9 डिग्री, जबकि गिफू प्रीफेक्चर के ताजिमी, शिजुओका के हमामात्सु और यामानाशी के कोफू में 37.7 डिग्री सेल्सियस तापमान रिकॉर्ड किया गया। अधिकारियों ने लोगों को सलाह दी है कि वे एयर कंडीशनर का उपयोग करें, पर्याप्त मात्रा में पानी और नमक लें, और बाहर काम करते समय बार-बार आराम करें। टोक्यो फायर डिपार्टमेंट के अनुसार, टोक्यो में 9 से 89 वर्ष की उम्र के 28 लोगों को हीटस्ट्रोक के लक्षणों की वजह से अस्पताल ले जाया गया।

# प्रादेशिकी

## हिंदू मंदिरों को प्रस्तावित बेअदबी विधेयक में शामिल किया जाए: चुघ

**चंडीगढ़।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय महामंत्री तरुण चुघ ने पंजाब सरकार से मांग किया है कि प्रस्तावित बेअदबी विधेयक में प्राण प्रतिष्ठित हिंदू मंदिरों एवं मूर्तियों को भी शामिल किया जाए। श्री चुघ ने रविवार को कहा कि भगवंत मान सरकार यह विधेयक तीन साल से अधिक कार्यकाल बीत जाने के बाद ला रही है जबकि इसका वादा उनके चुनावी घोषणापत्र में पहले ही किया गया था लेकिन अब यह विधेयक अधूरा नहीं रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि पंजाब में हाल ही में कई ऐसी घटनाएं हुई हैं जिनमें हिंदू मंदिरों को निशाना बनाया गया है ऐसे में यह आवश्यक है कि विधेयक में प्राण प्रतिष्ठित हिंदू मंदिरों की सुरक्षा और गरिमा का भी स्पष्ट प्रावधान हो। श्री चुघ ने कहा कि भाजपा श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी को सर्वोच्च श्रद्धा देती है इसलिए पार्टी इस विधेयक का स्वागत करती है लेकिन साथ ही यह ज़रूरी है कि हिंदू मूर्तियों और मंदिरों को भी वैसा ही सम्मान मिले।

# दलाई लामा के कारण से धर्मशाला को मिली वैश्विक पहचान : मुकेश अग्निहोत्री

■ हिमाचल की विविधता को समृद्ध करती है तिब्बती संस्कृति



**शिमला,** 6 जुलाई (देशबन्धु)। तिब्बती समुदाय के आध्यात्मिक गुरू परम पावन दलाई लामा के 90वें जन्म दिवस के अवसर पर छोटा शिमला स्थित सम्भोटा तिब्बतन स्कूल में भव्य समारोह आयोजित किया गया। समारोह में उप-मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की।

उप-मुख्यमंत्री ने दलाई लामा को विश्व शांति, करुणा, एकता और मानवता का प्रतीक बताते हुए कहा कि उनका जीवन सत्य, अहिंसा और करुणा की मिसाल है और वह न केवल तिब्बती समुदाय के लिए बल्कि पूरी दुनिया के लिए प्रेरणास्रोत हैं। मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि हिमाचल की भूमि धर्मशाला में उनका निवास हम सभी के लिए गर्व की बात है। धर्मशाला को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिलने का श्रेय भी परम पावन दलाई लामा को ही जाता है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक भारतीय को तिब्बती संस्कृति और इतिहास के बारे में जानकारी हासिल करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत और हिमाचल प्रदेश सरकार ने तिब्बती समुदाय के साथ सदैव ही स्नेह व भाईचारे का व्यवहार किया है। हम तिब्बती समुदाय के साथ एक परिवार की तरह रहते हैं तथा तिब्बती समुदाय को यहां अच्छा वातावरण मिला है। उप-मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ने तिब्बती समुदाय के हितों की रक्षा के लिए समय-समय पर अनेक अहम कदम उठाए हैं और इसमें पूर्व की कांग्रेस सरकारों का अहम योगदान रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह की बौद्ध धर्म एवं परम पावन दलाई लामा के प्रति गहरी आस्था थी। उन्होंने कहा कि तिब्बती समुदाय को वोट देने का अधिकार भी दिया गया है, जो भारत की लोकतांत्रिक परंपराओं की मिसाल है। उप-मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया कि प्रदेश में होने वाले मेलों व उत्सवों में तिब्बती कलाकारों को अपनी संस्कृति के प्रदर्शन का अवसर प्रदान किया जाएगा। उन्होंने भाषा, कला एवं संस्कृति विभाग को तिब्बती सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने तिब्बती पारंपरिक चिकित्सा प्रणाली को सहेजने और आगे बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया। इस दौरान उन्होंने नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का शुभारंभ भी किया गया। कार्यक्रम में तिब्बती समुदाय के लोगों और स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इस अवसर पर भारत-तिब्बत मैत्री संघ के अध्यक्ष प्रो. वी एस नेगी ने तिब्बती संस्कृति और इतिहास पर प्रकाश डाला।

## धामी ने दलाई लामा के 90वें जन्मदिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग किया



**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने दलाई लामा जी के 90वें जन्मदिवस के अवसर पर रविवार को क्लेमेनटाउन, देहरादून में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग करते हुए समस्त देशवासियों और तिब्बती समाज को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि बुद्धा टेंपल मार्ग का चैड़ीकरण किया जाएगा और तिब्बती श्मशान घाट के टिन शेड का निर्माण किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि परम पूज्य दलाई लामा जी ने पूरी दुनिया को शांति, अहिंसा और करुणा का मार्ग दिखाया है। उनकी शिक्षाएं आज के समय में और भी अधिक प्रासंगिक हैं, जब विश्व अनेक चुनौतियों का सामना कर रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि दलाई लामा जी स्वयं कहते हैं । 'मेरा धर्म करुणा है' दृ यही विचार उन्हें विश्व का सच्चा आध्यात्मिक गुरु बनाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड ने हमेशा से तिब्बती समाज को प्रेम, सम्मान और सुरक्षा प्रदान की है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार तिब्बती समुदाय के हितों की रक्षा करने के साथ-साथ उनके सांस्कृतिक, शैक्षिक और सामाजिक विकास के लिए हर संभव सहयोग करती रहेगी।

# सुक्खू ने केंद्र से शिपकी-ला के रास्ते कैलाश मानसरोवर यात्रा मार्ग खोलने का किया आग्रह



**शिमला,** 6 जुलाई (एजेंसियां)। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर केंद्र सरकार से किन्नौर जिले में शिपकी-ला दर्रे के माध्यम से कैलाश मानसरोवर यात्रा (केएमवाई) की व्यवहार्यता का पता लगाने का आग्रह किया है।

मुख्यमंत्री ने अपने पत्र में इस बात का उल्लेख किया कि शिपकी-ला मार्ग, ऐतिहासिक रूप से एक महत्वपूर्ण भारत-तिब्बत व्यापार और सांस्कृतिक गलियारा है, जो भारतीय तीर्थयात्रियों के लिए एक रणनीतिक और आध्यात्मिक रूप से अहम मार्ग प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि यह मार्ग हिंदुओं, बौद्धों और जैनियों के पवित्र तीर्थ स्थलों कैलाश पर्वत और मानसरोवर झील के साथ गहरे सभ्यतागत संबंधों को दर्शाता है।

मुख्यमंत्री सुक्खू ने इस बात पर जोर दिया कि स्पीति जैसे वर्षा छाया क्षेत्र में स्थित किन्नौर मानसून संबंधी व्यवधानों से अपेक्षाकृत मुक्त है, जिससे यह मार्ग वर्ष के अधिकांश समय यात्रा के लिए व्यवहार्य है। उन्होंने कहा कि शिपकी-ला से गार्टोक होते हुए दारचेन और मानसरोवर तक का मार्ग तिब्बती पक्ष के अन्य मार्गों की तुलना में छोटा है। इसके अतिरिक्त यह गलियारा पहुंच और स्थलाकृति के मामले में अधिक स्थिर और स्पष्ट है।

**हिमाचल प्रदेश में पहले से ही रामपुर और पूह होते हुए शिपकी-ला तक सड़क संपर्क है : ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू**

मुख्यमंत्री ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में पहले से ही रामपुर और पूह होते हुए शिपकी-ला तक सड़क संपर्क है। उन्होंने कहा कि आधार शिविरों और सहायक बुनियादी ढांचे के विकास पर ध्यान केंद्रित करके, इस मार्ग को कैलाश मानसरोवर यात्रा ढांचे में सहज रूप से एकीकृत किया जा सकता है। इस मार्ग के खुलने से भारत सरकार के वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम के अनुरूप किन्नौर में जनजाति समुदायों के सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने आश्वासन दिया कि अगर इस मार्ग पर यात्रा को मंजूरी मिल जाती है तो यात्रा को सुविधाजनक बनाने के लिए राज्य सरकार की तरफ से पूर्ण रसद और प्रशासनिक सहयोग दिया जाएगा। इस प्रस्ताव को तीर्थयात्रा तक पहुंच बढ़ाने और सीमावर्ती क्षेत्र के विकास को मजबूत करने की दिशा में एक कदम के रूप में देखा जा रहा है।

## सार संक्षेप

### मिड डे मील कर्मचारी नौ जुलाई की राष्ट्रीय हड़ताल में होंगी शामिल : आनंद

**सोनीपत।** हरियाणा के सोनीपत में भारतीय ट्रेड यूनियन केंद्र (सीटू) के वरिष्ठ नेता आनंद शर्मा ने कहा कि मिड डे मील कर्मचारी भी नौ जुलाई की राष्ट्रीय हड़ताल में शामिल होंगी। वह रविवार को यूनियन कार्यालय में मिड डे मील कर्मचारी ब्लॉक सोनीपत की बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक की अध्यक्षता मीना देवी ने की और इसका संचालन सीमा ने किया। उन्होंने कहा कि मिड डे मील कर्मचारियों को पक्के कर्मचारी का दर्जा दिया जाए और जब तक पक्का नहीं किया जाता उन्हें 26 हजार रुपरे न्यूनतम वेतन दिया जाए। मिड डे मील कर्मचारियों को 10 माह का मानदेय मिलता है उन्हें पूरे 12 माह का मानदेय दिया जाए, कई महीनों से केंद्र का बकाया मानदेय तुरंत दिया जाए, श्रम सुरक्षा कानून शक्ति से लागू किए जाएं, हर महीने की सात तारीख से पहले मानदेय भुगतान किया जाए आदि मुद्दों को लेकर मिड डे मील कर्मचारी हड़ताल में शामिल होंगी।

### खेत में पड़ा मिला महिला का शव,हत्या की आशंका

**हरिद्वार।** रविवार की सुबह, लक्सर क्षेत्र में एक महिला का शव संदिग्ध परिस्थितियों में खेत से पड़ा मिला।। महिला की हत्या की आशंका जताई गई है। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के अनुसार रविवार सुबह निर्माणाधीन न्यायालय भवन के सामने से जंगल मे जा रही सड़क पर एक ट्यूबवैल के निकट खेत में एक महिला का शव पड़ा होने की सूचना मिली। जिस पर कोतवाल राजीव रौथान पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे तथा मामले की जानकारी ली। मृतिका की शिनाख्त कराने पर उसकी पहचान सरोज (50 वर्ष) निवासी न्यू शिवपुरी लक्सर के रूप में हुई। मृतका के गले पर निशान मिले हैं। जिससे उसकी हत्या की आशंका जताई गई है। बताया जा रहा है कि महिला विधवा है तथा उसके चार बच्चे हैं। यह भी बताया जा रहा है कि मृतक महिला पैसों के लेन देन का कार्य करती थी।

### यमुनोत्री मार्ग पर हुए भूस्खलन में लापता दो यात्रियों के शव बरामद

**उत्तरकाशी।** यमुनोत्री पैदल मार्ग पर 23 जून को हुए भूस्खलन में लापता दो यात्रियों के शव आज भगेली गाड़ यमुना नदी में मिले। मृतकों की पहचान कमलेश जेठवा (35) मुंबई निवासी और भाविका शर्मा (11) कृष्णा विहार नई दिल्ली के रूप में हुई है। शवों को सीएचसी नौगांव भेजा गया है। पुलिस स्टेशन प्रभारी गंभीर सिंह तोमर ने बताया कि घटनास्थल से एक शव और एक पैर बरामद हुआ है।

### सुडोकू 6966 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 1 | 5 | 6 |
| 3 | 1 | 8 | 6 | 7 | 5 | 2 | 9 | 4 |
| 6 | 4 | 5 | 1 | 2 | 9 | 7 | 8 | 3 |
| 5 | 8 | 7 | 4 | 9 | 6 | 3 | 1 | 2 |
| 1 | 3 | 9 | 7 | 5 | 2 | 6 | 4 | 8 |
| 4 | 2 | 6 | 3 | 1 | 8 | 9 | 7 | 5 |
| 7 | 5 | 1 | 2 | 3 | 4 | 8 | 6 | 9 |
| 2 | 6 | 4 | 9 | 8 | 1 | 5 | 3 | 7 |
| 8 | 9 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 2 | 1 |

# सीएम धामी ने झिरना और फाटो जोन में की सफारी, मां के नाम पर पौधा रोपित



■ अमरनाथ तिवारी

**रामनगर,** 6 जुलाई (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के भ्रमण पर निकले, इस दौरान उन्होंने झिरना और फाटो पर्यटन जोन में सफारी की. सफारी के दौरान मुख्यमंत्री ने झिरना गेट पर कॉर्बेट टाइगर रिजर्व में तैनात वन कर्मियों से मुलाकात की और उनका उत्साहवर्धन किया। सीएम पुष्कर सिंह धामी ने वन्यजीव संरक्षण और पर्यावरण सुरक्षा को लेकर कर्मचारियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि सरकार वन रक्षकों और टूरिज्म से जुड़े कार्मिकों के हितों के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने आगे कहा कि सरकार संसाधन और सुविधाओं को बढ़ाने पर जोर दे रही है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी शनिवार देर शाम रामनगर पहुंचे। जहां उन्होंने कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के ढेला क्षेत्र स्थित रेस्क्यू सेंटर का निरीक्षण किया। इस दौरान सीएम ने सेंटर में वन्यजीवों के इलाज और देखभाल की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वन्यजीवों के उपचार में किसी भी प्रकार की कमी ना रहे और इसके लिए जो भी संसाधन या सुविधाएं आवश्यक होंगी, सरकार उन्हें उपलब्ध कराएगी। सीएम धामी ने कहा कि सरकार का फोकस सिर्फ विकास कार्यों तक सीमित नहीं है। बल्कि वन्यजीव संरक्षण और पर्यावरण संतुलन को लेकर भी पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि रेस्क्यू सेंटर को और अधिक सशक्त बनाया जाएगा, ताकि घायल या बीमार वन्यजीवों को समय पर इलाज मिल सके। वहीं सीएम धामी ने झिरना और फाटो पर्यटन जोन में सफारी की. सफारी के दौरान मुख्यमंत्री ने झिरना गेट पर कॉर्बेट टाइगर रिजर्व में तैनात वन कर्मियों से मुलाकात की और उनका उत्साहवर्धन किया। सीएम ने कॉर्बेट टाइगर रिजर्व परिसर में फलदार पौधों का पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। सीएम धामी ने कहा कि राज्य सरकार वन्यजीवों के संरक्षण और मानव-वन्यजीव संघर्ष को कम करने के लिए लगातार कार्य कर रही है। इसी क्रम में अब प्रदेश के सभी 40 वन प्रभागों (डिवीजन) में बड़े पैमाने पर फलदार पौधों का रोपण किया जाएगा।

## धामी ने उत्तरकाशी के अतिवृष्टि वाले क्षेत्रों का किया हवाई सर्वेक्षण

**देहरादून।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज उत्तरकाशी जनपद के अतिवृष्टि से प्रभावित क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण कर आपदा की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने प्रभावित क्षेत्रों की वास्तविक स्थिति का आकलन करते हुए राहत एवं बचाव कार्यों की पुन: समीक्षा किए जाने के निर्देश दिए। श्री धामी ने कहा कि राज्य सरकार इस संकट की घड़ी में प्रत्येक प्रभावित नागरिक के साथ मजबूती से खड़ी है। राहत कार्यों में तेजी और प्रभावशीलता लाने के लिए हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि जरूरतमंदों को समय पर सहायता मिल सके। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र भट्ट भी उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि इस जनपद में अभी तक अतिवृष्टि की तीन घटनाओं में कुल ग्यारह लोग लापता हो चुके हैं, जिनकी लगातार तलाश जारी है।

# त्रासदी के समय तेज गति से काम करने की जिम्मेदारी नहीं निभा पाई कांग्रेस सरकार : बिंदल



■ जेपी नड्डा और जयराम के आग्रह पर अमित शाह ने प्रदेश में भेजे हेलीकॉप्टर और सेना

**मंडी,** 6 जुलाई (देशबन्धु)। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने नेरचौक बल्ह मी प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा त्रासदी के समय तेज गति से काम करने की जिम्मेवारी नहीं निभा पाई कांग्रेस सरकार, देरी से शुरू हुआ काम। देर आए दुरुस्त आए पर जिस सामिहिक पैमाना पर काम होना चाहिए वह नहीं हो पा रहा है। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर प्रथम दिन से फील्ड में कार्यरत है और घर-घर जा रहे हैं इसको देखकर जरूर कांग्रेस सरकार ने अपना कार्य शुरू किया। हम आभारी है केंद्रीय मंत्री अमित शाह के, कि जैसे ही केंद्र मंत्री जगत प्रकाश नड्डा एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने उनसे बात की तो तुरंत हिमाचल प्रदेश में राहत कार्य हेतु सेवा एवं हेलीकॉप्टर पहुंचे।

**मुख्यमंत्री स्पष्ट करें कि वह फोर लेन के विरोध या समर्थन में, सवाल की जलेबी ना बाएं : बिंदल**

डॉ राजीव बिंदल ने कहा कि मुख्यमंत्री स्पष्ट करें कि वह फोर लेन के विरोध या समर्थन में, सवाल की जलेबी ना बाएं। लगातार कांग्रेस के नेता, मंत्री, पूर्व मंत्री हिमाचल में फोरलेन के कामों का विरोध कर रहे हैं, हिमाचल प्रदेश में जंगल कटन और अवैध खनन पर रोक क्यों नहीं लग रहा ? जिसके कारण आज इस त्रासदी का सामना करना पड़ रहा है। प्रदेश में 25 नेशनल हाईवे का काम चल रहा है जिनकी कुल लंबाई 2592 किलोमीटर है। इसमें से 785 किलोमीटर एनएचएआई, 1238 किलोमीटर मोर्थ और 569 कम सीमा सड़क संगठन द्वारा बनाए जा रहे हैं। इनके निर्माण और रखरखाव के लिए एक लाख करोड़ पहले ही आवंटित हो चुके हैं। मुख्यमंत्री को स्पष्ट करना चाहिए कि ऐसे विकास कार्यों एवं प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की सड़कों को क्या वह निकारते हैं?

**भाजपा ने पिछले 48 घंटे में 2000 से अधिक राहत कीट क्षतिग्रस्त क्षेत्र में पहुंचाई : बिंदल**

राजीव बिंदल ने कहा कि भाजपा ने पिछले 48 घंटे में 2000 से अधिक राहत कीट क्षतिग्रस्त क्षेत्र में पहुंचाई । कल भाजपा के कार्यकर्ता 5000 से अधिक राहत सामग्री इन इलाकों में पहुंच जाएंगे, इसमें बड़ी और छोटी दो प्रकार की सामग्री है जिसमें 10 किलो चावल, 10 किलो आटा, 1 किलो नमक, 1 लीटर तेल, 2 किलो दाल, मसाले, मोमबती इत्यादि की एक पूरी किट बनाकर एक परिवार को ये राशन है।


# पूर्व सांसद प्रतिभा सिंह प्राकृतिक आपदा प्रभावित क्षेत्र करसोग के परिवारों से मिली



**शिमला,** 6 जुलाई (देशबन्धु) प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद प्रतिभा सिंह ने आज प्राकृतिक आपदा प्रभावित क्षेत्र करसोग के शरकोल,कुटी,मेगली, पुराना बाजार, लोअर करसोग,नेली का दौरा कर बादल फटने व भूस्खलन से प्रभावित परिवारों से मिलकर उनके जानमाल के हुए नुकसान पर दुख जताया। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक आपदा की इस घड़ी में प्रदेश की कांग्रेस सरकार प्रभावित परिवारों के साथ खड़ी है और उनकी हरसंभव मदद की जाएगी। प्रतिभा सिंह ने आपदा प्रभावित शरकोल गांव मे आपदा में मारे गए एक परिवार के व्यक्ति और कुटी में दो लापता लोगों के परिजनों से मिलकर उन्हें सांत्वना देते हुए उन्हें ढांढस बंधाया। उन्होंने मृतक व लापता के परिजन को अपनी जेब से सहायता राशि भी प्रदान की। प्रतिभा सिंह ने प्रभावित परिवारों को भरोसा दिलाया कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार आपदा से प्रभावित सभी लोगों के पुनर्वास और राहत कार्यो को जल्द से जल्द पूरा करने के प्रति पूरी तरह वचनबद्ध है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू सहित पूरी सरकार इस प्राकृतिक आपदा पर पूरी नजर रखें हुए है और जिला प्रशासन को फील्ड में डटे रहने और लोगों को हरसंभव मदद देने के पहले ही आदेश दिए गए है। उन्होंने कहा कि जिन लोगों के घर पूरी तरह उजड़ गए है, उन्हें पांच हजार प्रति महीना आवास का किराया दिया जाएगा,जबतक उन्हें स्थाई आवास उपलब्ध नही हो जाता। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता सबसे पहले उन लोगों की तलाश करने की है जो अभी तक लापता है। उन्होंने कहा कि इसी के साथ संपर्क सड़को,पेयजल आपूर्ति, स्वास्थ्य सेवाओं की बहाली करना है।

# बिजली कर्मचारी नौ जुलाई को राष्ट्रव्यापी हड़ताल में शामिल होंगे

**चंडीगढ़,** 6 जुलाई (एजेंसियां)। इलेक्ट्रिसिटी एम्पलाइज फेडरेशन ऑफ इंडिया और सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के आह्वान पर बिजली कर्मचारी नौ जुलाई को होने वाली राष्ट्रव्यापी हड़ताल में बढ़ चढ़कर शामिल होंगे। बिजली कर्मचारियों के प्रमुख संगठन ऑल हरियाणा पावर कारपोरेशनज वर्कर यूनियन के अध्यक्ष देवेन्द्र सिंह हुड्डा, प्रधान सुरेश राठी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शब्बीर अहमद गनी ने रविवार को बताया कि हड़ताल को सफल बनाने के लिए सोमवार व मंगलवार को डिवीजन व सब यूनिट स्तर पर गठित टीमें सभी कार्यालयों, कंप्लेंट सेंटर,सब स्टेशन व उत्पादन केन्द्रों का दौरा करेंगी और गेट मीटिंग कर कर्मियों से हड़ताल में बढ़ चढ़कर शामिल होने का आग्रह करेंगी। उन्होंने बताया कि हड़ताल में लेबर कोड्स को रद्द करने, निजीकरण पर रोक लगाने, एचकेआरएन को भंग कर सभी प्रकार के आउटसोर्स ठेका कर्मियों को नियमित करने, पुरानी पेंशन बहाली, बिजली कर्मचारियों को पांच हजार रुपए रिस्क अलाउंस देने, आनलाइन ट्रांसफर पालिसी को रद्द करने आदि मांगों को प्रमुखता से उठाया जाएगा।



# आरएमपी चिकित्सकों ने हरियाणा हेल्थ केयर वर्कर बोर्ड के पुनर्गठन की मांग की

**सोनीपत,** 6 जुलाई (एजेंसियां)। हरियाणा के सोनीपत में रविवार को अनुभवी चिकित्सक एसोसिएशन के आरएमपी चिकित्सकों की एक बैठक जागृति धाम सेक्टर 15 में संयोजक डा. महेन्द्र कुमार वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। इस बैठक में हरियाणा हेल्थ केयर वर्कर बोर्ड के पूर्व चेयरमैन एवं अनुभवी चिकित्सक एसोसिएशन के प्रधान डॉ. ऋषिपाल सैनी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता डा. महेन्द्र कुमार वर्मा ने की।बैठक में डॉ. ऋषिपाल सैनी ने कहा कि आरएमपी चिकित्सकों को कई बार प्रशासन द्वारा अनावश्यक रूप से परेशान किया जाता है जबकि ये चिकित्सक समाज के लिए ईमानदारी से कार्य करते हैं। उन्होंने राज्य सरकार से हरियाणा हेल्थ केयर वर्कर बोर्ड के पुनर्गठन की मांग करते हुए कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के कार्यकाल में जिस प्रकार से सकारात्मक पहल की गई थी उसी प्रकार मौजूदा मुख्यमंत्री नायब सैनी से भी उम्मीद है कि वे जल्द ही बोर्ड का गठन कर आरएमपी चिकित्सकों की वर्षों से लंबित मांगों को पूरा करेंगे। बैठक में




जिलेभर से आए सैकड़ों आरएमपी चिकित्सकों ने भाग लिया और उन्होंने मांग किया कि जो आरएमपी चिकित्सक लंबे समय से अनुभव के आधार पर काम कर रहे हैं उनका हरियाणा हेल्थ केयर वर्कर बोर्ड के तहत रजिस्टेशन कर दिया जाएं ताकि वे बिना किसी डर के काम कर सके। उन्होंने कहा कि आरएमपी संगठन को मजबूर करने के लिए हर जिले में बैठक का आयोजन किया जा रहा है। बैठक में जिलेभर के आरएमपी डाक्टर मौजूद रहे।

# देश अमृतकाल में प्रवेश कर विकसित भारत-2047 के लक्ष्य की ओर बढ़ रहा : सैनी

■ तीन नए कार्यालयों से संगठन मजबूत, सेवा भावना प्रगाढ़ तथा संकल्प होगा दृढ़

■ जनसंघ संस्थापक की जयंती पर दो वर्षों तक देशभर में किये जाएंगे कार्यक्रम आयोजित

■ कार्यालयों को जनता की चौपाल बना लोगों की समस्याएं सुनें और उनके समाधान का करें प्रयास



■ अमित नेहरा

**नई दिल्ली,** 6 जुलाई (देशबन्धु)। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश अमृतकाल में प्रवेश कर चुका है और विकसित भारत-2047 के लक्ष्य की ओर तेजी से बढ़ रहा है। ऐसे में पार्टी कार्यालयों की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास का मंत्र दिया है। यह कार्यालय सबके प्रयास को संगठित करने और उसे सही दिशा देने का काम करेंगे। मुख्यमंत्री रविवार को नई दिल्ली स्थित भाजपा कार्यालय में केंद्रीय मंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा द्वारा वर्चुअली हरियाणा के झज्जर, सिरसा व कुरूक्षेत्र सहित तीन जिलों के जिला स्तरीय भाजपा कार्यालय के लोकार्पण समारोह को को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इन तीन नए कार्यालयों से हमारा संगठन और मजबूत होगा, सेवा की भावना और प्रगाढ़ होगी तथा संकल्प और दृढ़ होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनसंघ संस्थापक श्यामा प्रसाद की 25वीं जंयती का यह दिन हरियाणा और भारतीय जनता पार्टी की विकास यात्रा में एक स्वर्णिम अध्याय जोड़ने वाला है। इसके साथ ही यह भाजपा को हर घर तक पहुंचाने के संकल्प की सिद्धि का उत्सव भी है। उन्होंने कहा कि जनसंघ संस्थापक की जयंती के उपलक्ष्य में अगले दो वर्षों तक देशभर में कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। इनमें नई पीढ़ियों को उनके जीवन मूल्यों, आदर्शों और सिद्धांतों से सीख लेने की प्रेरणा दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह राष्ट्र की ओर से उस महापुरुष के प्रति कृतज्ञता की एक विनम्र अभिव्यक्ति है जिन्होंने कश्मीर के लिए अपने संघर्ष में आह्वान किया था कि एक राष्ट्र में दो निशान, दो विधान, दो प्रधान नहीं चलेंगे। उन्होंने भारत की एकता और संवैधानिक अखंडता के लिए अपना जीवन न्योछावर कर दिया। उस बलिदान को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने व्यर्थ नहीं जाने दिया और कश्मीर से धारा 370 और 35ए को हटा कर डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के अखंड भारत के सपने को साकार किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह कार्यालय उन दलों के लिए एक आईना भी हैं जो परिवारवाद और वंशवाद की राजनीति करते हैं। उनके कार्यालय कुछ परिवारों की निजी संपत्ति होते हैं, जहां आम कार्यकर्ता की कोई पूछ नहीं होती। लेकिन भारतीय जनता पार्टी एक ऐसी पार्टी है, जहां एक बूथ पर पोस्टर लगाने वाला कार्यकर्ता भी अपने परिश्रम और प्रतिभा के बल पर मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के पद तक पहुंच सकता है। इसका सबसे बड़ा उदाहरण प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और वे स्वयं हैं।

# प्रादेशिकी

## जौनपुर से श्रद्धालुओं का जत्था अमरनाथ यात्रा को रवाना

**जौनपुर,** 6 जुलाई (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले में विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी रविवार को जय बाबा अमरनाथ बर्फानी सेवा समिति, सुतहट्टी बाजार, जौनपुर के तत्वावधान में 151 श्रद्धालुओं का जत्था अमरनाथ बाबा बर्फानी के पावन दर्शन के लिए रवाना हुआ, जिसको प्रदेश के खेल एवं युवा कल्याण राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार गिरीश चंद्र यादव ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और उनके सफल व सुखद यात्रा की कामना की। यह पवित्र यात्रा 23 वर्षों से लगातार समिति के सेवादारों के नेतृत्व में सफलतापूर्वक आयोजित की जा रही है। सेवा समिति के प्रमुख सेवादार अजय वर्मा (अज्जू) ने बताया कि इस धार्मिक यात्रा में पुरुष, महिलाएं, बच्चे एवं साधु-संत बड़ी संख्या में शामिल होते हैं।

# भारत की एकता व अखंडता को समर्पित रहा श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जीवन : योगी

■ **मुख्यमंत्री ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण**



**बंगाल के अकाल के दौरान डॉ. मुखर्जी की सेवाओं को पूरा देश स्मरण करता है : योगी आदित्यनाथ**

**लखनऊ,** 6 जुलाई (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती के अवसर पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया। इस दौरान सीएम योगी ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जन्म 6 जुलाई 1901 को हुआ था। उन्होंने मात्र 33 वर्ष की उम्र में कोलकाता विश्वविद्यालय के सबसे युवा कुलपति के रूप में अपनी सेवाएं दीं।

वह एक प्रखर वक्ता, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और महान शिक्षाविद थे। सीएम योगी ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का पूरा जीवन राष्ट्र के लिए समर्पित रहा। बंगाल के अकाल के दौरान उनकी सेवाओं को पूरा देश स्मरण करता है। उनका जीवन भारत की एकता और अखंडता के लिए समर्पित रहा। योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने कश्मीर में धारा 370 को समाप्त करके कश्मीर को भारत के संविधान के अनुरूप शेष भारत के साथ जोड़ते हुए एक विधान एक प्रधान और एक निशान के साथ भारत की लोकतांत्रिक धारा के साथ जोड़ने का अभिनव प्रयास किया है। आज जम्मू कश्मीर तेजी के साथ विकास कर रहा है, जो श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के संकल्पों की विजय है। यह प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में संभव हो पाया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत दुनिया भर में इन्वेस्टमेंट के बेहतरीन डेस्टिनेशन के रूप में स्थापित हुआ है।

डॉ. मुखर्जी ने आजादी के बाद पंडित नेहरू के नेतृत्व में बनी पहली सरकार में भारत के खाद्य एवं उद्योग मंत्री के रूप में देश में खाद्य की आत्मनिर्भरता और औद्योगीकरण की नींव रखी थी, जो नए भारत में भी स्पष्ट देखने को मिलता है। उन्होंने नेहरू सरकार के तुष्टिकरण की नीति के विरोध में मंत्रिमंडल से इस्तीफा दिया था। इतना ही नहीं भारतीय जनसंघ का गठन और उसके पहले अध्यक्ष होने के साथ जब भारत के संविधान में नेहरू सरकार ने कश्मीर को 370 धारा के माध्यम से अलग स्टेटस देने का प्रयास किया और परमिट सिस्टम जम्मू-कश्मीर के लिए लागू किया, उसके खिलाफ सबसे पहले डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने ही आवाज उठाई थी। उन्होंने उस समय एक देश में दो प्रधान, दो विधान और दो निशान नहीं चलेंगे का नारा दिया था।

## फूल उत्पादकों के लिए किया मंडी शुल्क माफ

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने फूल उत्पादकों को बड़ी राहत देते हुए सभी प्रकार के फूलों को 'निर्दिष्ट कृषि उपज' की श्रेणी से हटाकर 'गैर-निर्दिष्ट' श्रेणी में डाल दिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि फूल जल्दी खराब होने वाले और समय के लिहाज से बहुत संवेदनशील होते हैं। मंडियों में पहुंचने में देरी होने से उनकी गुणवत्ता खराब हो जाती है, जिससे किसानों को उचित मूल्य नहीं मिल पाता। उन्होंने कहा कि यही कारण है कि मंडी परिसर के बाहर फूल बेचने पर मंडी शुल्क नहीं लिया जाएगा। इस निर्णय से विशेष रूप से छोटे, सीमांत और मौसमी फूल उत्पादकों को महत्वपूर्ण सहायता मिलने की उम्मीद है। योगी की अध्यक्षता में उत्तर प्रदेश राज्य कृषि उत्पादन मंडी बोर्ड की 171वीं बोर्ड बैठक में यह बड़ी घोषणा की गई।

## एएस इंटर कॉलेज मवाना में 6000 वर्ग फीट का लेंटर डला

**मवाना,** 6 जुलाई (देशबन्धु)। एएस इंटर कॉलेज मवाना में हिंदी तथा अंग्रेजी माध्यम की कक्षाओं का संचालन कक्षा 6 से 12 तक किया जा रहा है जिसमें जनपद में सर्वाधिक छात्र संख्या 2910 है विद्यालय में लगातार भवन की कमी पड़ती जा रही है इस कारण विद्यालय की प्रबंध समिति तथा



अन्य क्षेत्र के समाज के द्वारा एक विद्यालय में नया इतिहास रच दिया की 6000 वर्ग फीट लेंटर डाला गया जिससे आने वाले छात्र-छात्राओं को सुविधा प्राप्त होगी विद्यालय लेंटर का शुभारंभ विद्यालय की अंग्रेजी माध्यम की छात्राओं के साथ-साथ प्रबंध समिति के अध्यक्ष एवं पालिका के अध्यक्ष अखिल कौशिक, प्रबंधक पवन कुमार रस्तोगी, उपप्रबंधक शैवाल दुबलिश तथा प्रधानाचार्य डॉ. मेघराज सिंह, सुनील गिर, विशेष रस्तोगी आदि के द्वारा छात्रों के द्वारा मिष्ठान वितरण पूजा अर्चना के साथ किया गया।

## सोशल मीडिया से ढूंढ़कर मनाया गया सहपाठियों संग मिलनोत्सव



■ **स्कूल छोड़ने के 50 साल बाद पहली बार मिले कई सहपाठी**

■ **पत्नियों सहित कार्यक्रम में शिरकत करने पहुंचे करीब 20 पूर्व छात्र**

**मेरठ,** 6 जुलाई (देशबन्धु)। बीएवी इंटर कालेज के 1976 के बायलोजी स्ट्रीम के पास आउट छात्रों के बने बीएवी इंटरमीडिएट लायंस 76 क्लब का प्रथम मिलनोत्सव कार्यक्रम डिलिशियस स्वीट रेस्टोरेंट में समारोह पूर्वक मनाया जाता, जिसमें लगभग 20 पुराने सहपाठी अपनी पत्नियों सहित शामिल हुए जिन्होंने स्कूल छोड़ने के लगभग 50 साल बाद पहली बार मिलकर स्कूली जीवन की भूली बिसरी यादों को ताजा किया।

सहपाठी सर्जन डॉ. अनिल कुमार शर्मा ने बताया कि 50 साल बाद सोशल मीडिया के माध्यम से पुराने सहपाठियों को ढूंढकर एक व्हाट्सएप ग्रुप के द्वारा विभिन्न शहरों में रह रहे सहपाठियों की तलाश की मुहिम चलाई गई थी। जिसे बीएवी इंटरमीडिएट लायंस 76 का नाम दिया गया। कार्यक्रम संयोजक सहपाठी दिनेश कुमार शांडिल्य एडवोकेट ने कहा कि एक सच्चा दोस्त जीवन की अनमोल संपत्ति है। उन्होंने कहा कि क्लब का उद्देश्य 1976 बैच के पुराने सहपाठियों को ढूंढकर एक मंच पर लाना है, ताकि बाकी बचे जीवन का आनंद लिया जा सके। इस क्लब के प्रेरणा स्रोत मेरठ के बाल रोग चिकित्सक डॉ. अनिल कुमार कौशिक है। इसमें सोशल मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। जो एक चिकित्सक के साथ साथ एक बेहतरीन गायक एवं संगीत प्रेमी भी है।

कार्यक्रम में डॉ. अनिल कुमार कौशिक, दिनेश शांडिल्य, देशबंधु भाटी, बृज मोहन साहनी, तारिक मसूद, सर्जक डॉ. अनिल कुमार शर्मा, डॉ. सालिक अहमद सिद्दीकी, मुकेश चंद्र शर्मा, अनिमेष रस्तोगी, अरविंद मिश्रा, विपिन राजवंशी, अनवर कमाल आदि ने अपनी सुंदर प्रस्तुतियां देकर सबका मन मोह लिया। अंत में बैठक कर निर्णय लिया गया कि अगले कार्यक्रम में जिन अध्यापकों ने पढ़ाया था।

## सार संक्षेप

### आयुक्त मेरठ मंडल ने किया पुरा महादेव का स्थलीय निरीक्षण

**मेरठ।** कांवड़ यात्रा के दृष्टिगत रविवार को आयुक्त मेरठ मंडल मेरठ हृषिकेश भास्कर यशोद द्वारा पुरा महादेव का स्थलीय निरीक्षण किया गया। आयुक्त ने सुरक्षा व्यवस्था, साफ-सफाई, विद्युत व्यवस्था, विद्युत खंभों को पालिथीन से कवर कराने, ट्रांसफार्मर को जाली से कवर कराने, सडक मरम्मत, शौचालय, बैरिकेडिंग, पेयजल आदि व्यवस्थाओं का जायजा लिया व संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर संबंधित पुलिस व प्रशासनिक अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### न्यूटिमा अस्पताल में दुर्लभ हुई पोस्ट एमआई वीएसडी की सफल सर्जरी

**मेरठ।** पोस्ट-मायोकार्डियल इन्फार्क्शन वेंट्रीकुलर सेप्टल दोष (पोस्ट एमआई वीएसडी) या वेंट्रीकुलर सेप्टम का टूटना, एक दुर्लभ लेकिन गंभीर यांत्रिक जटिलता है जो दिल के दौरे (मायोकार्डियल इन्फार्शन) के बाद हो सकती है। यह एक जीवन-घातक स्थिति है। जिसमें हृदयाघात से उत्तक क्षति के कारण बाएं और दाएं निलय के बीच छेद हो जाता है। साइंस डायरेक्ट कॉम के अनुसार यह एक दुर्लभ जटिलता है, जो मायोकार्डियल इन्फार्शन के बाद एक प्रतिशत से भी कम रोगियों में होती है। यह आमतौर पर ट्रांसम्यूरल एम.आई. (एक ऐसा हृदयाघात जो हृदय की मांसपेशी की पूरी मोटाई को प्रभावित करता है) के कुछ दिनों के भीतर विकसित होता है, जिसमें सेप्टम शामिल होता है। एमआई के बाद टैक एक चिकित्सीय आपातस्थिति है और इसमें मृत्यु का उच्च जोखिम होता है, विशेष रूप से यदि इसका तुरंत उपचार न किया जाए।

### जुलूसे जुलजनाह में सोगवारों ने जंजीरों से किया मातम

**मवाना।** मोहर्रम की दस तारीख रविवार को शबीहे जुलूसे जुलजनाह बरामद हुआ, जिसमें सोगवारों ने जंजीरों से मातम करके खुद को लहूलुहान कर लिया। रविवार को सुबह नौ बजे कर्बला में आशूरा के आमाल हुवे। उसके बाद डेढ़ बजे दोपहर इमाम बारगाह पंजेतनी शाहपुर गढ़ी में मजलिस शुरु हुई, जिसको आली जनाब मौलाना फिरदौस मेंहदी साहब ने खिताब फरमाया। मरसिया ख्वानी सरूर इकबाल और फूल मियां जैदी, मीसम जैदी ने की और निजामत कम्बर जैदी मोलाई ने की। मजलिस को खिताब फरमाते हुए आली जनाब मौलाना फिरदौस मेंहदी ने ईमाम हुसैन के मसायब बयान किए, जिनको सुनकर मजलिस में बैठे सोगवारान फूट-फूट कर रोने लगे और हाय हुसैन हाय हुसैन की सदाए बुलंद होने लगी। मजलिस के बाद शबीहे जुलजनाह बरामद हुआ।

### नदी में नहाने गए तीन युवक नदी में डूबे, एक की मौत

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश के प्रताप गढ़ जिले में रविवार को चमराउरा नदी में नहाने गए तीन युवक डूब गए जिसमें से एक की मौत हो गई जबकि दो को ग्रामीणों की मदद से बचा लिया गया। दोपहर के समय ग्राम चिलबिला रंजीत पुरकोट कोतवाली नगर के तीन दोस्त प्रखर सिंह, राजवीर सिंह और युवराज सिंह थाना क्षेत्र कोहेंडौर के महादेवन घाट पर चमराउरा नदी नहाने गए थे।

## संपूर्ण समाधान दिवस पर एडीएम ने सुनी समस्या

**मवाना,** 6 जुलाई (देशबन्धु)। शनिवार को माह के प्रथम संपूर्ण समाधान दिवस पर एडीएम सूर्यकांत त्रिपाठी ने तहसील सभागार में फरियादियों की समस्या सुनी और निस्तारण के आदेश दिए। 146 शिकायतों में 8 मामले निपटाए गए। तहसील सभागार में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया।



दिवस अधिकारी के रूप में एडीएम सूर्यकांत त्रिपाठी ने फरियादियों की समस्याएं सुनी और अधीनस्थ अधिकारियों को समय से निस्तारण करने के निर्देश दिए। अवैध कब्जे, बिजली, सड़क इत्यादि शिकायतें आई। इस मौके पर 146 शिकायतों में 8 समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया गया। एडीएम के अलावा एसडीएम संतोष कुमार, सीओ अभिषेक पटेल, तहसीलदार निरंकार सिंह, नायब तहसीलदार नितिन कुमार समेत संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# मवाना में प्राथमिक विद्यालय चार दिनों से बंद

■ **एबीएसए करेंगे जांच**

**मवाना,** 6 जुलाई (देशबन्धु)। मवाना नगर की कालोनी प्रीतनगर का प्राथमिक विद्यालय नंबर तीन कंपोजिट चार दिनों से बंद हैं। बालक कमरों पर लटका ताला देख अपने घरों को लौट जाते हैं। वहीं जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान मवाना खुर्द (डायट) से भेजे गए दो प्रशिक्षु भी कई दिनों से स्कूल बंद देख वापस लौट रहे थे। शनिवार को दोनों प्रशिक्षुओं ने इस मामले की शिकायत डायट प्राचार्य से की। डायट प्राचार्य ने मवाना खंड शिक्षा अधिकारी से चार दिनों से स्कूल बंद की जानकारी मांगी। नगर की कालोनी प्रीतनगर में प्राथमिक विद्यालय नंबर तीन कंपोजिट है, जिसमें आसपास के 36 बालक रजिस्टर्ड हैं। बालकों के अभिभावकों का कहना है कि उनके बालक स्कूल जाते हैं, लेकिन कुछ समय बाद वापस लौट आते है। बालक कहते है कि स्कूल के कमरों पर ताला लगा हुआ रहता है, इस कारण उनकी पढ़ाई नहीं



हो पा रही है। बताया कि स्कूल का मुख्य गेट खोलकर मुख्य अध्यापक कहीं चला जाता है। इस कारण कमरों पर ताला लगा देख उनके बालक वापस आ जाते हैं। चार दिनों से ऐसा ही हो रहा है। इस मामले का खुलास शनिवार को उस समय हुआ, जब दो प्रशिक्षुओं ने चार दिन से स्कूल बंद होने की शिकायत डायट प्राचार्य मनोज कुमार आर्य से कर दी। बताया कि चार दिनों से वे रोजाना स्कूल जा रहे हैं लेकिन वहां पर कमरों में ताला लगा रहता है और कोई बालक स्कूल में नहीं मिलता। मुख्य अध्यापक जमाल कामिल अकेला स्कूल में मिला। उसने बताया कि वह किसी काम से बाजार चला गया था। बालक कहां पर है, कमरों पर ताला क्यों लटका हुआ है, इसका वह जवाब नहीं दे सका। स्कूल का समय सुबह आठ बजे से दोपहर दो बजे तक है। खंड शिक्षा अधिकारी त्रिवेन्द्र कुमार ने बताया कि शनिवार को मुख्य अध्यापक जमाल कामिल की तलाश कराई गई।

### मुख्य शिक्षक पर पहले भी हो चुकी है कार्रवाई

मवाना की कालोनी प्रीतनगर स्थित प्राथमिक विद्यालय नंबर तीन कंपोजिट में 23 अगस्त 24 को मुख्य अध्यापक जमाल कामिल ने कक्षा चार की 11 वर्षीया बालिका के साथ छेड़छाड़ कर दी थी। इस मामले में पीड़िता की मांग की तहरीर पर एससी एक्ट, पॉक्सो एक्ट और छेड़छाड़ की धाराओं में मुकदमा दर्ज हुआ था, जिसमें वह जेल गया था। शिक्षा विभाग ने तत्काल प्रभाव से उसे निलम्बन की कार्रवाई कर दी थी।

## एडवोकेट विजय त्यागी कांग्रेस के जिला सचिव बने

**मवाना,** 6 जुलाई (देशबन्धु)। हस्तिनापुर थाना क्षेत्र के ग्राम गणेशपुर में शनिवार को एडवोकेट विजय त्यागी के आवास पर भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी की बैठक का आयोजन किया गया।



बैठक में श्रीवल्लभ एडवोकेट जिला अध्यक्ष व कार्यकर्ता पहुंचे। विजय त्यागी एडवोकेट को जिला सचिव घोषित कर लेटर दिया गया। जिला सचिव बनने ही सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने विजय त्यागी को बधाई दी। इस मौके पर अवधेश त्यागी, बिजेंद्र त्यागी, राजेंद्र त्यागी, ब्रहमदत्त शर्मा, महेंद्र शर्मा, जीतेन्द्र प्रधान, जुगालकिशोर त्यागी, अनिल त्यागी आदि मौजूद रहे।

# बैरिकेडिंग पर न बांधी जाए कांवड़ : वीके सिंह

■ **यात्रा के संबंध में मंदिर समिति के सदस्यों संग की बैठक**

**मेरठ,** 6 जुलाई (देशबन्धु)। औघडनाथ मंदिर में जिलाधिकारी डा. वी.के. सिंह ने कांवड़ यात्रा की तैयारियों के संबंध में मंदिर समिति के सदस्यों के साथ बैठक आहूत की गई। मंदिर समिति के सदस्यों के साथ चर्चा करते हुए जिलाधिकारी ने की गई तैयारियों के संबंध में बिन्दुवार समीक्षा की। उन्होंने मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं तथा कांवड़ियों के आने-जाने की व्यवस्था, निर्धारित रूट, सीसीटीवी कैमरे, सुरक्षा व्यवस्था, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, साफ-सफाई सहित विभिन्न व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया व संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि बैरिकेडिंग पर कांवड़ ना बांधी जाए यह सुनिश्चित किया जाए। फूलों के ठेलों को मंदिर परिसर से दूर लगाया जाए। उन्होंने कहा कि फुटपाथ से अवैध अतिक्रमण को हटाया जाए। जिलाधिकारी व एसएसपी ने बाबा औघडनाथ मंदिर में जलाभिषेक किया। इस अवसर पर एसएसपी विपिन ताडा, नगर आयुक्त सौरभ गंगवार, अपर जिलाधिकारी नगर बृजेश सिंह, एसपी ट्रैफिक राघवेन्द्र मिश्रा, एसपी सिटी आयुष विक्रम सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी व मंदिर समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

वहीं चौ. चरण सिंह विश्वविद्यालय स्थित नेताजी सुभाष चन्द्र बोस प्रेक्षागृह में कांवड़ ड्यूटी में लगे अधिकारियों, जोनल व सैक्टर मजिस्ट्रेट, पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक आहूत की गई। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा कांवड़ यात्रा ड्यूटी में लगे समस्त जोनल, सैक्टर अधिकारियों के कार्य, दायित्व के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।

### तहसील सदर में सम्पूर्ण समाधान दिवस संपन्न

तहसील सदर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी डा. वीके सिंह ने तहसील दिवस में अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का समय सीमा के अंदर गुणवत्तापरक निस्तारण करने के निर्देश दिए। सम्पूर्ण समाधान दिवस में 56 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें से पांच का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया तथा शेष के समय सीमा के अन्तर्गत निस्तारण के आदेश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। तहसील सदर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस पर जिलाधिकारी सिंह ने कहा कि आमजन की शिकायतों का निस्तारण प्रदेश सरकार की प्राथमिकताओं में है। सभी अधिकारी प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध व गुणवत्तापरक निस्तारण सुनिश्चित करें।

## श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती धूमधाम से मनाई गई

**मवाना,** 6 जुलाई (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी द्वारा निर्देशित डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी जयंती पर नगर पालिका आरो प्लांट पर मवाना मंडल अध्यक्ष सचिन कौशिक की अध्यक्षता में एक संगोष्ठी आयोजित की गई जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में समीर चौहान भाजपा जिला मंत्री राजकुमार शर्मा भाजपा जिला कार्यालय प्रमुख सम्मिलित रहे संगोष्ठी में संचालक मंडल अध्यक्ष सचिन कौशिक ने किया प्रस्तावना राजकुमार शर्मा ने रखी भारत माता के चित्र पर पुष्पांजलि दी समीर चौहान ने विस्तार से बताया श्यामा प्रसाद मुखर्जी का नाम लेना मात्र आज भी भारत की आत्मा को झकझोर देता है। जब देश की राजनीति ने तुष्टिकरण की राह पकड़ी, जब नेहरूवादी सोच ने राष्ट्रहित को विदेशी मानसिकता में गिरवी रखा, तब एक अकेला पुरुष खड़ा हुआ श्यामा प्रसाद मुखर्जी।

## या हुसैन या मौला की सदाओं के बीच ताजिए करबले में हुए दफन



■ **मोहर्रम में डीजे पर लगाई गई रोक**

**फर्रुखाबाद,** 6 जुलाई (देशबन्धु)। मोहर्रम के आखिरी दिन या हुसैन या मौला की सदाओं के बीच आलम व ताजिए कर्बला में दफन हो गए। भूरा वाली गली के नुक्कड़ पर मोहर्रम में डीजे पर रोक लगा दी गई। नगर मजिस्ट्रेट ने एक साउंड बजाने की परमिशन दे दी। पुलिस ने डीजे को कोतवाली खड़ा कर लिया था। जब तक सूरज चांद रहेगा हुसैन तेरा नाम रहेगा के नारे सैदाई लग रहे थे। घेर श्यामू खा उठाए गए आलम एवं ताजिए का जुलूस शिया समुदाय का सैयद आफताब हुसैन के नेतृत्व में मेंहदी बाग से ताजिया एवं अलम जलूस मोहर्रम के दशमी पर निकल गया। जगह-जगह खूनी मातम एवं सीना जनी ब्लेड से जगह-जगह करते हुए चल रहे थे। मेंहदी बाग से प्रारंभ होकर बुरा वाली गली घूमना चौक किराना बाजार पक्का पुल तिकोना से चिलसरा रोड कर्बला दफन किए गए।

**आयोजन** — *सुभारती विवि में कार्यशाला एवं प्रशिक्षण शिविर का समापन*

# युवाओं को तनाव से बचाने में शिक्षकों की अहम भूमिका : पवन

**मेरठ,** 6 जुलाई (देशबन्धु)। स्वामी विवेकानंद सुभारती विवि के वैलनेस सेंटर के द्वारा मानसिक स्वास्थ्य सहायता और कल्याण के लिए क्षमता वर्द्धन विषय पर पंद्रह दिवसीय कार्यशाला एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के समापन सत्र के मुख्य अतिथि सुभारती मेडिकल कॉलेज के कम्युनिटी मेडिसिन के विभागाध्यक्ष डॉ. पवन पाराशर रहे। सुभारती मेडिकल कॉलेज के कम्युनिटी मेडिसिन के विभागाध्यक्ष डॉ. पवन पाराशर ने कहा कि युवाओं को तनाव एवं अवसाद से बचाने में शिक्षकों की अहम भूमिका है।

■ **आज युवाओं को सबसे अधिक तनाव एवं अवसाद कि समस्याओं से ग्रसित पाया जा रहा है**



अपने संबोधन में डा. पाराशर ने कहा कि आज युवाओं को सबसे अधिक तनाव एवं अवसाद कि समस्याओं से ग्रसित पाया जा रहा है। इसका मुख्य कारण सामाजिक, पारिवारिक, आर्थिक एवं पियर समूह का दबाव आदि है इसलिए शिक्षकों को चाहिए कि वे विद्यार्थियों के भीतर अवसाद एवं तनाव के लक्षणों की प्रारंभिक स्तर पर ही जांच अथवा पहचान करके उन्हें इससे बाहर निकलने में सहायता करें। इस दौरान वैलनेस सेंटर के अध्यक्ष डॉ. राहुल बंसल ने आध्यात्मिकता पर जोर देते हुए कहा कि किसी भी तरह के तनाव एवं अवसाद से बाहर निकलने में आध्यात्मिक चेतना का बहुत अधिक महत्व है। उन्होंने कहा कि जब हम स्वयं तनाव एवं अवसाद से दूर रहेंगे तो दूसरों को भी इससे अधिक कारगर तरीके से बाहर निकलने में मदद कर पाएंगे। डा. राहुल ने व्याख्यान में आध्यात्मिक समन्वय एवं अच्छी पुस्तकों की जीवन में भूमिका पर विस्तार से चर्चा की एवं उनसे संबंधित उपयुक्त उदाहरण भी प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के समापन के अवसर पर कम्युनिटी मेडिसिन के विभागाध्यक्ष डॉ. पवन पाराशर, वैलनेस सेंटर के अध्यक्ष डॉ. राहुल बंसल, सह-अध्यक्ष डॉ.नागाराजु कामार्थी, सचिव डॉ. स्वाति गुप्ता एवं डॉ. सरताज अहमद ने कार्यशाला एवं प्रशिक्षण के सभी प्रतियोगियों क्रमशः डॉ. सारिका त्यागी, डॉ. रिजुल रंजन, राम प्रकाश तिवारी, डॉ. मोहिनी मित्तल आदि को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

## मवाना में भगवान जगन्नाथ यात्रा आज

**मवाना,** 6 जुलाई (देशबन्धु)। श्री शिव मन्दिर खोली धाम बाबा मोहनराम बामनी वाला हस्तिनापुर रोड मवाना के महन्त सुनीत दास (खोली वाले की स्मृति में प्रत्येक वर्ष निकाली जाने वाली भगवान जगन्नाथ जी की रथयात्रा के सन्दर्भ में एक बैठक पूजा सामग्री केन्द्र पर सम्पन्न हुई जिसकी अध्यक्षता महन्त सरिता दास ने की। यात्रा में गत वर्षों की भांति उडीसा जगन्नाथपुरी से लाए हुए भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा के विग्रहों को स्थापित करके नगर भ्रमण पर ले जाया जाएगा।

महन्त सहिता दास ने बताया कि भगवान जगन्नाथ जी का रथ कलकत्ता से लाए हुए फूलों द्वारा विशेष कारीगरों की देखरेख में सजाया जाएगा। यात्रा में बैंड, रसाश्कलिक झांकी, कीर्तन मंडली 5 झांकी आदि को साथ लेकर नगर पालिका मैदान से दोपहर 2 बजे प्राप्त होगी। 7 जुलाई को भगवान जगन्नाथ यात्रा 11 दिन की यात्रा पूरी करके वापस मन्दिर में विराजने का विशेष दिन है। इस दिन भगवान जगन्नाथ की उडीसा मे चल रही यात्रा भी पूर्ण हो जाएगी।

## 'चेतना' और 'प्रेम' को समझना के लिए शेखर कपूर ने बताई वजह

**मुंबई।** फिल्म निर्माता-निर्देशक शेखर कपूर ने रविवार को चेतना और प्रेम जैसे गहरे विषयों पर विचार रखे। सोशल मीडिया पर महात्मा बुद्ध की तस्वीर को शेयर करते हुए उन्होंने प्रेम और चेतना के कॉन्सेप्ट और उन्हें समझने में आने वाली मुश्किलों पर बात की। कपूर ने कहा कि चेतना और प्रेम को पूरी तरह परिभाषित करना इंसान के लिए मुश्किल है, क्योंकि ये अहंकार और दिमाग की सीमाओं से परे हैं। उन्होंने लिखा कि चेतना एक ऐसा शब्द है, जो बहुत सुनने को मिलता है, लेकिन इसे समझना उतना ही कठिन है जितना प्रेम को। जैसे सागर की एक बूंद खुद को अलग समझकर पूरे सागर को नहीं समझ सकती, वैसे ही हम चेतना को पूरी तरह नहीं जान सकते।

## 'पंचायत' की सादगी ही उसकी सबसे बड़ी ताकत है : संविका

**मुंबई,** 6 जुलाई (एजेंसियां)। सुपरहिट सीरीज 'पंचायत' में अपने काम के लिए सराहना पा रही एक्ट्रेस संविका ने हाल ही में इस शो की लोकप्रियता और फैंस के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि 'पंचायत' लोगों को इसलिए पसंद आता है क्योंकि इसकी कहानी आम लोगों की जिंदगी से जुड़ी हुई है। इसमें दिखाए गए गांव, लोग, रिश्ते और भावनाएं बहुत ही सच्ची लगती हैं। इस वजह से दर्शक इस शो से खुद को जोड़ पाते हैं। शो के फैंस काफी वफादार हैं। जो भी एक बार शो देख लेता है, वो आगे भी हर सीजन का इंतजार करता है और इसे दिल से पसंद करता है। 'पंचायत' का पहला सीजन कोविड-19 महामारी की पहली लहर के दौरान रिलीज हुआ था। दर्शकों को यह शो बहुत पसंद आया। इसकी सादगी भरी, दिल से जुड़ी कहानी ने लोगों के मन को छू लिया। पिछले कुछ सालों में, 'पंचायत' ने अपना एक खास फैन ग्रुप खड़ा किया है। यह प्राइम वीडियो पर भारत के सबसे लोकप्रिय और सफल शो में से एक बन चुका है। संविका ने बताया कि पंचायत की कहानी और किरदार बाकी ओटीटी प्लेटफॉर्म पर आने वाले शो से बहुत अलग हैं और यही इसकी सबसे बड़ी खासियत है।



उन्होंने कहा कि हमें बहुत खुशी है कि पंचायत को इतनी सफलता मिली है। किसी ने नहीं सोचा था कि इस सीरीज को इतनी बड़ी संख्या में पसंद किया जाएगा। उस समय जो शो बन रहे थे, वो इससे बिल्कुल अलग थे, ज्यादा ग्लैमर और ड्रामा वाले थे। पंचायत ने अपनी अलग पहचान बनाई और लोगों ने इसे जितना प्यार दिया है।

# औषधीय गुणों से भरपूर 'बिटर एप्पल'

**नई दिल्ली,** 6 जुलाई (एजेंसियां)। हमारे देश में प्रकृति हमेशा से इलाज का बड़ा जरिया रही है। जब दवाइयां नहीं थीं, तब लोग जड़ी-बूटियों से ही बीमारियां ठीक करते थे। आज भी लोग देसी नुस्खों पर भरोसा करते हैं। इन्हीं में से एक है 'इंद्रायण' का पौधा, जो देखने में भले ही आम लगे, लेकिन इसके अंदर बहुत सारे औषधीय गुण छिपे हुए हैं। इसे आयुर्वेद में लंबे समय से दवाओं की तरह इस्तेमाल किया जा रहा है। इसका न सिर्फ फल, बल्कि बीज, पत्ता और जड़ भी कई बीमारियों को ठीक करने में मदद करते हैं। इसका फल छोटे तरबूज जैसा लगता है, ऊपर सफेद धारियां हैं, जो पकने पर पीले रंग की हो जाती हैं। हालांकि इसका स्वाद कड़वा होता है, लेकिन इसके गुण शरीर को अंदर से साफ और मजबूत बनाते हैं।

**कुकुर्बिटासिन, फ्लावोनॉइड्स, पॉलीफेनोल्स व अन्य कई जैविक तत्व**

अमेरिका की नेशनल लाइब्रेरी ऑफ मेडिसिन के मुताबिक, इंद्रायण को अंग्रेजी में बिटर एप्पल या सिट्रुलस कोलोसिंथिस भी कहा जाता है। इसमें कुकुर्बिटासिन, फ्लावोनॉइड्स, पॉलीफेनोल्स, और अन्य कई जैविक तत्व होते हैं, जो शरीर को बीमारियों से लड़ने में मदद करते हैं। यह शरीर से गंदगी निकालता है, ब्लड शुगर कम करता है, सूजन घटाता है, और पेट से जुड़ी समस्याओं में फायदेमंद होता है। यह प्राकृतिक तरीके से इम्युनिटी बढ़ाता है और संक्रमण से बचाता है। वैज्ञानिकों ने भी इस पौधे पर काफी रिसर्च की है और माना है कि यह इंसानों और जानवरों दोनों के लिए उपयोगी हो सकता है।



इस पौधे में कई औषधीय गुण हैं, जैसे एंटीऑक्सीडेंट, जो शरीर में जहरीले तत्वों को हटाता है, एंटीबैक्टीरियल और एंटीवायरल, जो संक्रमण से लड़ने में मदद करते हैं, एंटी-डायबिटिक, जो ब्लड शुगर कम करता है और एंटी-इंफ्लेमेटरी, जो सूजन को कम करता है। यह पौधा सिर्फ बीमारी में ही नहीं, सौंदर्य से जुड़ी परेशानियों को दूर करने में भी 'उस्ताद' है। अगर किसी को मुंहासों की शिकायत हो या बालों में डैंड्रफ हो, तो उससे छुटकारा दिलाने में इसके फल का रस बहुत कारगर माना गया है। मोटापा घटाने के लिए भी इंद्रायण का इस्तेमाल किया जा सकता है। इसके बीजों को पीसकर फल के रस में मिलाकर काढ़ा बनाकर पीने से शरीर की चर्बी कम होती है।

**मुंहासे, बालों में डैंड्रफ से छुटकारा दिलाने में फल का रस बहुत कारगर**

महिलाओं में पीरियड्स की अनियमितता आजकल आम बात हो गई है। इंद्रायण का रस और बीज मिलाकर बनाया गया काढ़ा पीने से यह समस्या भी धीरे-धीरे ठीक हो सकती है।


इसके साथ ही, गठिया के रोगियों को भी इंद्रायण से आराम मिलता है, क्योंकि इसमें सूजन और दर्द को कम करने वाले गुण होते हैं। अगर जोड़ों में सूजन हो या चोट की वजह से कहीं दर्द हो, तो इसका रस सीधे उस हिस्से पर लगाने से आराम मिलता है। सांस की तकलीफों, जैसे निमोनिया, में भी इंद्रायण का इस्तेमाल किया जाता है। इसका रस गुनगुने पानी के साथ लेने से खांसी-जुकाम में राहत मिलती है। पेशाब करते समय जलन जैसी समस्या होने पर इसकी जड़ का पाउडर गुनगुने पानी में मिलाकर पीने से आराम मिलता है। हालांकि इसका कितनी मात्रा या कब प्रयोग करना है इसे लेकर चिकित्सीय परामर्श जरूरी है।

# पेट व बाजुओं को मजबूत करता है 'काकासन'

## शरीर के ऊपरी हिस्से की ताकत, एकाग्रता और लचीलापन बढ़ाने में मदद

**नई दिल्ली,** 6 जुलाई (एजेंसियां)। आज के समय में स्वस्थ रहने का बेहतरीन तरीका दवाई नहीं, बल्कि योगासन और प्राणायाम हैं। योग के कई आसनों में 'काकासन' काफी महत्वपूर्ण है, जिसे 'क्रो पोज' या 'बकासन' भी कहा जाता है। यह पेट और बाजुओं को मजबूती के साथ संतुलन बढ़ाने वाला आसन है। काकासन, विशेष तौर पर शरीर के ऊपरी हिस्से की ताकत, एकाग्रता और लचीलापन बढ़ाने में मदद करता है। काकासन का नाम संस्कृत शब्द 'कक' से आया है, जिसका अर्थ है कौआ, क्योंकि इस आसन में शरीर की स्थिति कौए की तरह संतुलित दिखती है। यह आसन शुरुआती और अनुभवी योगियों दोनों के लिए लाभकारी है, बशर्ते इसे सही तकनीक से किया जाए।

भारत सरकार के आयुष मंत्रालय के अनुसार, बकासन, जिसे क्रो पोज या कौआ आसन भी कहा जाता है, एक योगासन है जो संतुलन और ताकत बढ़ाने में मदद करता है। यह आसन हाथों, कंधों और कोर मसल्स को मजबूत करता है, साथ ही एकाग्रता और मानसिक स्थिरता में भी सुधार करता है। योग एक्सपर्ट ककासन करने की सही विधि भी बताते हैं। ककासन करने के लिए सबसे पहले योगा मैट पर उकड़ू मुद्रा में बैठना चाहिए। दोनों हथेलियों को कंधों की सीध में जमीन पर रखें, उंगलियां फैली हुई हों। घुटनों को कोहनियों के पास लाएं और पैरों की उंगलियों पर संतुलन बनाएं। अब धीरे-धीरे शरीर का वजन हथेलियों पर डालते हुए पैरों को जमीन से ऊपर उठाना चाहिए। घुटनों को कोहनियों या ऊपरी बाहों पर टिकाना चाहिए। इस दौरान नजर सामने की ओर रखें ताकि संतुलन बना रहे।



**10-20 सेकंड तक ही रुकना और गहरी सांस लेते रहना चाहिए**

इस स्थिति में 10-20 सेकंड तक ही रुकना और गहरी सांस लेते रहना चाहिए। एक्सपर्ट के अनुसार, शुरुआत में संतुलन बिगड़ने या गिरने का डर हो सकता है, इसलिए नीचे तकिया या गद्दा जैसी मुलायम चीजें सहारा के लिए रखें। धीरे-धीरे अभ्यास बढ़ाएं और सामान्य स्थिति में लौटें। इसे खाली पेट सुबह करना सबसे अच्छा है।


ककासन के नियमित अभ्यास से कई शारीरिक और मानसिक लाभ मिलते हैं। यह बाहों, कंधों और कोर मांसपेशियों को मजबूत करता है। पेट के अंगों पर दबाव पड़ने से पाचन तंत्र बेहतर होता है। यह आसन एकाग्रता और मानसिक स्थिरता भी बढ़ाने में सहायक है, क्योंकि इसे करने के लिए ध्यान की जरूरत होती है। ककासन रीढ़ को लचीला बनाता है और शरीर का संतुलन सुधारता है। यह तनाव के साथ ही चिंता को कम करने में भी मदद करता है। नियमित अभ्यास से आत्मविश्वास बढ़ता है और शरीर में ऊर्जा का संचार होता है। ककासन न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी एक उत्तम आसन है, जो नियमित अभ्यास से जीवन में सकारात्मक बदलाव लाता है। हालांकि, ककासन करने से पहले शरीर को वार्मअप करना जरूरी होता है। गर्भवती महिलाओं और कलाई या कंधे में चोट वाले लोगों को इसे न करने की सलाह दी जाती है।

# बीना काक ने दलाई लामा को 90वें जन्मदिन पर दी खास शुभकामनाएं

**मुंबई,** 6 जुलाई (एजेंसियां)। बॉलीवुड अभिनेत्री बीना काक ने तिब्बती धर्मगुरु दलाई लामा को उनके 90वें जन्मदिन पर हार्दिक शुभकामनाएं दी। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर दलाई लामा के साथ एक प्यारी सी तस्वीर शेयर की, जिसमें दोनों खुलकर हंसते हुए नजर आ रहे हैं। इस फोटो में दलाई लामा के हाथ में एक बाघ की तस्वीर भी है, जो उनकी मुलाकात के अलावा वन्यजीव संरक्षण से जुड़े कार्यों को भी दर्शाती है।

बता दें कि बीना काक ने 2011 में वन मंत्री के रूप में कुंभलगढ़ अभयारण्य को राष्ट्रीय उद्यान बनाने में अहम भूमिका निभाई थी। इसके बाद 2013 में उन्होंने मुकुंदरा हिल्स को भी बाघ अभयारण्य घोषित कराने में मदद की, जो रणथंभौर और सरिस्का के बाद तीसरा बाघ अभयारण्य बना। उन्होंने 'साइलेंट सेंटिनल्स ऑफ रणथंभौर' नामक एक किताब भी लिखी।

बीना काक और दलाई लामा की यह खूबसूरत तस्वीर इंटरनेट पर वायरल हो रही है। अभिनेत्री ने इस तस्वीर को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा कि जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं, आप एक महान आत्मा हैं, आपकी बुद्धिमत्ता और करुणा से दुनिया को हमेशा प्रेरणा मिले। अपने इस कैप्शन में उन्होंने गुड़हल फूल का इमोजी शेयर किया। उनकी इस पोस्ट पर बॉलीवुड एक्टर पुलकित सम्राट समेत कई हस्तियों और फैंस ने लाइक किया।



बीना काक के बारे में बात करें तो वह सलमान खान के परिवार के करीबी मानी जाती हैं। उनका सलमान खान के साथ मां-बेटे जैसा गहरा रिश्ता है। सलमान के कहने पर बीना काक ने कई फिल्मों में काम भी किया है। उन्होंने साल 2005 में आई सलमान खान की फिल्म 'मैंने प्यार क्यों किया' से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। इस फिल्म में उन्होंने सलमान की मां का रोल निभाया। इसके अलावा, साल 2008 में आई फिल्म 'गॉड तुस्सी ग्रेट हो' में भी वह सलमान खान की मां के रोल में नजर आईं। इस फिल्म को सलमान खान के भाई सोहेल खान ने प्रोड्यूस किया था।

इसके अलावा, उन्होंने 'नन्हें जैसलमेर', 'दूल्हा मिल गया', 'ए इश्क ए ट्रिब्यूट टू लव' और 'जानिसार' जैसी फिल्मों में प्रभावशाली भूमिकाएं निभाईं।

## ब्लड डोनेशन को डोनर्स का मोबाइल ऐप बना रही दिल्ली सरकार : रेखा गुप्ता

**नई दिल्ली** 6 जुलाई (देशबन्धु)। आनंद विहार स्थित श्रीराम मंदिर में अंतरराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन द्वारा महा रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, केंद्रीय मंत्री हर्ष मल्होत्रा, प्रदेश बीजेपी अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा और विधायक ओपी शर्मा ने शिविर का निरीक्षण किया। शिविर में सीएम ने कहा कि रक्तदान से किसी न किसी की लाइफ बचाई जाती है। कई बार समय पर जरूरतमंद को खून नहीं मिलने से जान बचना मुश्किल हो जाता है। दिल्ली सरकार एक मोबाइल ऐप बनाने पर काम कर रही है। इसमें उन सभी डोनर्स का डेटा और नंबर होगा, जो नियमित तौर पर रक्तदान करते हैं। ऐप के जरिए लोगों को समय पर खून मिल सकेगा। वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि रक्तदान को महादान बताया गया है। इस शिविर को आयोजित करने के लिए महासम्मेलन का धन्यवाद करते हैं। कैंप में खजान सिंह मेमोरियल ट्रस्ट और अमला एस्पायरिंग आर्ट ने सहयोग किया है। महासम्मेलन के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक अग्रवाल, कोषाध्यक्ष दिनेश गुप्ता ने बताया कि शिविर में शामिल प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र, उपहार और धन्यवाद स्मृति चिन्ह दिया गया। प्रोग्राम में रामनिवास गुप्ता, प्रियंक गुप्ता, मीना गुप्ता और सुषमा गुप्ता मौजूद रहे।




## 'अजेय द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ ए योगी' में 'गुरु' का किरदार बेहद खास और व्यक्तिगत : परेश रावल



**मुंबई,** 6 जुलाई (एजेंसियां)। फिल्म इंडस्ट्री के वर्सेटाइल एक्टर परेश रावल अपकमिंग फिल्म 'अजेय द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ ए योगी' में 'गुरु' की भूमिका में नजर आएंगे। एक्टर ने फिल्म से जुड़े अनुभव को बेहद खास बताया। उन्होंने कहा कि यह किरदार केवल एक्टिंग तक सीमित नहीं, बल्कि गहरे और भावनात्मक अनुभवों से भरा रहा। 'हेरा फेरी' फेम एक्टर ने बताया कि गुरु का किरदार निभाना बहुत खास और व्यक्तिगत रहा। यह किरदार उपदेश या ड्रामैटिक से संबंधित नहीं, बल्कि शांति, दृढ़ता और मौन शक्ति का प्रतीक था। यह एक ऐसे व्यक्ति की कहानी है, जो एक युवा में उस नेतृत्व को देखता है, जिसे दुनिया बाद में पहचानती है।

फिल्म में परेश रावल एक आध्यात्मिक गुरु की भूमिका में हैं, जो मुख्य किरदार अजेय (अनंत विजय जोशी) का मार्गदर्शन करता है। उनका किरदार अजेय को एक विद्रोही युवा से योगी और जननायक बनने की प्रेरणा देता है।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जीवन पर आधारित फिल्म के लिए एक्टर अनंत विजय जोशी ने अपने सिर के बाल मुंडवाए, ताकि वह योगी आदित्यनाथ की छवि के करीब दिख सकें।

अनंत ने बताया कि यह फैसला उनके लिए आसान फैसला नहीं था। उन्होंने यह फैसला इसलिए लिया क्योंकि इस किरदार के लिए उन्हें सिर्फ एक्टिंग नहीं, बल्कि उसे जीना भी था।

'अजेय द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ ए योगी' में अनंत विजय जोशी के अलावा दिनेशलाल यादव 'निरहुआ', अजय मेंगी, राजेश खट्टर, पवन मल्होत्रा और गरिमा विक्रांत सिंह जैसे एक्टर्स अहम भूमिकाओं में हैं। रवींद्र गौतम के निर्देशन में बनी फिल्म का निर्माण ऋतु मेंगी ने किया है और फिल्म का संगीत मीत ब्रदर्स ने तैयार किया है। इसकी कहानी दिलीप बच्चन झा और प्रियांक दुबे ने लिखी है। फिल्म हिंदी के साथ तेलुगू, तमिल, कन्नड़ और मलयालम में रिलीज होगी। यह फिल्म 1 अगस्त को सिनेमाघरों में दस्तक देगी।

### इंडियन फैशन ज्वैलरी व एक्सेसरीज शो

## शिल्प कौशल और सस्टेनेबल उत्पादों की रही मांग



**ग्रेटर नोएडा,** 6 जुलाई (देशबन्धु)। इंडिया एक्सपो सेंटर में आयोजित भारतीय फैशन ज्वैलरी एवं एक्सेसरीज शो (आईएफजेएएस) का 19वां संस्करण का रविवार को समापन हो गया। इस अवसर पर हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषद (ईपीसीएच) के चेयरमैन डॉ. नीरज खन्ना ने कहा कि इस सत्र के लिए शो का समापन सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ हुआ, जिसमें इस क्षेत्र की गतिशीलता और योग्यता को दर्शाया गया। उन्होंने भारतीय हस्तशिल्प के निर्यात के लिए अपने रणनीतिक दृष्टि को रेखांकित किया, जिसका शीर्षक था, 3 गुना 30 तक- कॉन्फिडेंस, कैपेबिलिटीज, कैपेसिटी। यह क्षेत्रीय सशक्तीकरण, डिजिटल बदलाव और अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा पर केंद्रित है। अपनी बातों का विस्तार देते हुए उन्होंने यह भी कहा कि समावेशी विकास, क्षमता निर्माण और दूरदर्शी योजना के लिए यह नया प्रयास हस्तशिल्प सेक्टर में वैश्विक नेता के रूप में भारत की स्थिति को मजबूत करेगा। साथ ही यह प्रयास परिषद की अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

ईपीसीएच के महानिदेशक की भूमिका में मुख्य संरक्षक और आईईएमएल के अध्यक्ष डॉ. राकेश कुमार ने आईएफजेएएस में बढ़ते उत्पाद पेशकशों को देखते हुए अपना उत्साह साझा किया। उन्होंने कहा कि यह उत्साहजनक है कि आईएफजेएएस वैश्विक दर्शकों की सभी फैशन आवश्यकताओं के लिए वन-स्टॉप सोर्सिंग गंतव्य के रूप में विकसित हो रहा है। फैशन के रुझानों के आधार फैशन व्यापार में तेजी से बदलाव होते हैं, ऐसी स्थिति में भारतीय फैशन ज्वैलरी और एक्सेसरीज शो एक बहुत ही शक्तिशाली मंच के रूप में उभर रहा है। यह आयोजन वर्तमान कारोबारी माहौल के अनुरूप केंद्रित और कॉम्पैक्ट है। ईपीसीएच के उपाध्यक्ष सागर मेहता ने इस मौके पर कहा कि आईएफजेएएस ने भारतीय खुदरा क्षेत्र के प्रमुख प्लेयर्स के साथ-साथ फैशन डिजाइनरों, खुदरा श्रृंखलाओं, बुटीक मालिकों, फैशन ब्रांडों, थोक विक्रेताओं, ई-कॉमर्स प्लेटफार्मों और उद्योग पेशेवरों सहित प्रतिष्ठित वैश्विक दर्शकों को आकर्षित किया।

- शो में 67 देशों और 500 से अधिक विदेशी व घरेलू खुदरा विक्रेताओं ने किया दौरा
- 325 करोड़ रुपए की हुई व्यावसायिक पूछताछ

200 प्रदर्शकों ने खरीदारों के साथ सक्रिय संवाद किया, जबकि प्रतिभागी कारीगरों ने सीखने और प्रदर्शन के लिए व्यापार मंच का भरपूर लाभ उठाया। विभिन्न प्रतिभागियों के उत्पादों की रैंप प्रस्तुतियों ने काफी ध्यान आकर्षित किया। आईएफजेएएस 2025 के अध्यक्ष जे पी सिंह ने कहा कि इस शो में भारतीय फैशन ज्वैलरी और फैशन एक्सेसरीज क्षेत्र के कई प्रदर्शक शामिल हुए, जिनमें प्रमुख निर्माता-निर्यातक, छोटे और मध्यम उद्यम, अंतरराष्ट्रीय पहुंच और विस्तार के इच्छुक डिजाइनर और भारत भर के कारीगर उद्यमी शामिल थे।

### वैज्ञानिकों ने पहली बार आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तकनीक का किया इस्तेमाल

# आंतों के बैक्टीरिया के बारे में गहन विश्लेषण करेगी नई एआई तकनीक

**टोक्यो,** 6 जुलाई (एजेंसियां)। टोक्यो विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने पहली बार एक खास तरह की आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) तकनीक का इस्तेमाल किया है, जिसे बायेसियन न्यूरल नेटवर्क कहा जाता है। इसका उपयोग उन्होंने आंतों (गट) में पाए जाने वाले बैक्टीरिया से जुड़ी जानकारी का विश्लेषण करने में किया। इस तकनीक से वे उन संबंधों को समझ पाए, जिन्हें पुराने तरीकों से ठीक से नहीं पहचाना जा सकता था।

आपकी आंतों में लगभग 100 ट्रिलियन बैक्टीरिया होते हैं, जबकि पूरे मानव शरीर में करीब 30 से 40 ट्रिलियन कोशिकाएं होती हैं। आंतों के बैक्टीरिया कई स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं में एक महत्वपूर्ण कारक माने जाते हैं और हमारी सेहत से जुड़ी कई समस्याओं में अहम भूमिका निभाते हैं।

बायोलॉजिकल साइंसेज विभाग में त्सुनोदा लैब के प्रोजेक्ट रिसर्चर तुंग डांग ने बायोइनफॉरमैटिक्स में ब्रीफिंग में प्रकाशित एक पेपर में कहा कि अभी हमें यह ठीक से नहीं पता कि कौन-सा बैक्टीरिया कौन-से मेटाबोलाइट्स बनाता है और ये संबंध विभिन्न बीमारियों में कैसे बदलते हैं। अगर हम इन बैक्टीरिया और केमिकल्स के बीच का सही कनेक्शन समझ लें, तो भविष्य में हर व्यक्ति के लिए अलग-अलग इलाज तैयार किया जा सकता है। मसलन, लाभकारी मानव मेटाबोलाइट्स का उत्पादन करने के लिए एक विशिष्ट बैक्टीरिया को विकसित किया जा सकता है, या फिर खास बीमारियों का इलाज करने के लिए भी इन मेटाबोलाइट्स को संशोधित किया जा सकता है।



- आंतों में लगभग 100 ट्रिलियन होते हैं बैक्टीरिया
- सिस्टम को नींद की समस्या, मोटापा व कैंसर से जुड़ी जानकारियों पर परखा गया

उन्होंने बताया कि उनका बनाया सिस्टम अपने आप यह पहचान लेता है कि इतने सारे बैक्टीरिया में से कौन-से मुख्य हैं जो मेटाबोलाइट्स को सबसे ज्यादा प्रभावित करते हैं। साथ ही, यह सिस्टम यह भी मानता है कि उसमें कुछ अनिश्चितता रह सकती है, ताकि जबरदस्ती गलत नतीजे न दिए जाएं। डांग ने बताया कि जब इस सिस्टम को नींद की समस्या, मोटापा और कैंसर से जुड़ी जानकारियों पर परखा गया, तो इसने पुराने तरीकों से कहीं बेहतर काम किया और ऐसे बैक्टीरिया पहचाने जो पहले से जाने-पहचाने जैविक प्रक्रियाओं से मेल खाते हैं। इससे भरोसा बढ़ता है कि यह सिस्टम सिर्फ आंकड़ों का खेल नहीं दिखाता, बल्कि असली जैविक संबंध पकड़ता है। हालांकि इतना बड़ा डाटा देखने में इस तकनीक में बहुत कंप्यूटर पावर लगती है, लेकिन समय के साथ यह समस्या भी हल होने की उम्मीद है। रिसर्चर डांग ने कहा कि वे आगे और भी गहराई से उन केमिकल्स का अध्ययन करना चाहते हैं, जिनमें यह पता लगाना होगा कि वे बैक्टीरिया से आए हैं, हमारे शरीर से या फिर हमारे खाने से।

# [अर्थ जगत]

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।



### सर्वाधिक बढने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| बजाज फाइनेंस | 1.60 प्रतिशत |
| इंफोसिस | 1.36 प्रतिशत |
| हिंद यूनिलीवर | 1.19 प्रतिशत |
| आईसीआईसीआई बैंक | 1.15 प्रतिशत |
| एचसीएलटेक | 0.92 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| ट्रेंट | 11.93 प्रतिशत |
| टाटा स्टील | 1.72 प्रतिशत |
| टेक महिंद्रा | 1.07 प्रतिशत |
| मारूति सुजुकी | 0.87 प्रतिशत |
| अडानी पोर्ट्स | 0.42 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 97,021 |
| बिटुर | 88,730 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 1,07,580 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 77.85 | 90.26 |
| पौंड स्टर्लिंग | 105.22 | 122.04 |
| यूरो | 88.88 | 103.09 |
| चीन युआन | 8.4 | 13.63 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दडा | 3100-3200 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### शुगर

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 4280-4380 |
| चीनी एम | 4500-4600 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4400-4500 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 5700-5800 |
| दाल चना | 6700-6800 |
| मसूर काली | 7900-8000 |
| उड़द दाल | 9250-9350 |
| मूंग दाल | 9200-9300 |
| अरहर दाल | 8400-8500 |

## फ्री ट्रेड एग्रीमेंट कभी भी राष्ट्रीय हितों की कीमत पर नहीं होंगे : पीयूष गोयल

■ भारत व्यापार का विस्तार करने के लिए तैयार

**श्रीनगर,** 6 जुलाई (एजेंसियां)। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने रविवार को कहा कि भारत के फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (एफटीए) कभी भी राष्ट्रीय हितों की कीमत पर नहीं होंगे। श्रीनगर में एफटीआईआई ट्रेडर्स कॉन्क्लेव में बोलते हुए गोयल ने कहा कि सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि सभी व्यापार सौदे पारस्परिक हों और भारतीय व्यापारियों और निर्माताओं के हितों की रक्षा करें।

उन्होंने कहा कि एफटीए पर हस्ताक्षर इसलिए किए जाते हैं ताकि हमारे स्थानीय सामानों को अन्य देशों में शुल्क मुक्त पहुंच मिल सके और अन्य बाजारों तक पहुंचने में आने वाली बाधाओं को दूर किया जा सके। लेकिन यह स्वाभाविक है कि एफटीए में दोतरफा व्यापार होगा। ऐसा नहीं हो सकता कि वे हमारे सामानों के लिए अपने बाजार खोलें जबकि हम नहीं।

क्षेत्र के व्यापारियों को स्पष्ट संदेश देते हुए मंत्री ने कहा कि केंद्र विदेशी भागीदारों के साथ बाजार पहुंच पर बातचीत करते समय संवेदनशील क्षेत्रों या क्षेत्रीय चिंताओं से समझौता नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि व्यापारियों को चिंता करने की जरूरत नहीं है। हम जो भी एफटीए करेंगे, उसमें पूरे देश के हितों को ध्यान में रखा जाएगा। गोयल की यह टिप्पणी ऐसे समय पर आई है जब भारत-अमेरिका के बीच एफटीए को लेकर बातचीत चल रही है।



सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि सभी व्यापार सौदे पारस्परिक हों और भारतीयों के हितों की रक्षा करे : पीयूष गोयल

### भारत को वैश्विक स्तर पर विश्वसनीय भागीदार बनना सरकार का लक्ष्य : गोयल

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि भारत की इंजीनियरिंग उत्कृष्टता दुनिया के कुछ सबसे उन्नत क्षेत्रों को सशक्त बना रही है। साथ ही कहा कि सरकार का लक्ष्य भारत को आपूर्ति श्रृंखलाओं में वैश्विक स्तर पर विश्वसनीय भागीदार बनाना है। केंद्रीय मंत्री के अनुसार, भारत में विभिन्न ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर (जीसीसी) के माध्यम से पहले से ही बहुत सारे डिजाइन और इनोवेशन हो रहे हैं हमारा लक्ष्य अब न केवल डिजाइन और इनोवेशन करना है, बल्कि यहां पेटेंट और उत्पादन करना भी है, जिससे भारत आपूर्ति श्रृंखलाओं में वैश्विक स्तर पर विश्वसनीय भागीदार बन सके। उन्होंने देवनहल्ली में कर्नाटक औद्योगिक क्षेत्र विकास बोर्ड (केआईएडीबी) एयरोस्पेस विशेष आर्थिक क्षेत्र (एसईजेड) का दौरा किया और देश में फ्रांसीसी प्रमुख सफ्रान एयरक्राफ्ट इंजन और हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) की ज्वाइंट इनिशिएटिव की सराहना की।

## निर्मला सीतारमण ने की ब्रिक्स के वित्त मंत्रियों के साथ द्विपक्षीय मुद्दों पर चर्चा

**रियो डी जेनेरियो,** 6 जुलाई (एजेंसियां)। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने ब्रिक्स समकक्षों के साथ बैठकें की और इस दौरान द्विपक्षीय सहयोग के मुद्दों पर चर्चा हुई। यह जानकारी आधिकारिक सरकारी बयान में गई। ब्रिक्स वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंक गवर्नरों की बैठक के दौरान रूसी वित्त मंत्री एंटोन सिलुआनोव के साथ अपनी बैठक में वित्त मंत्री सीतारमण ने भारत-रूस की दीर्घकालिक साझेदारी पर चर्चा की।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर वित्त मंत्रालय की पोस्ट के अनुसार, वित्त मंत्री सीतारमण ने पहलगाम आतंकी हमले के बाद राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन द्वारा दिए गए समर्थन के लिए आभार भी व्यक्त किया।

मंत्रालय ने बताया कि केंद्रीय वित्त मंत्री ने कहा कि भारत और रूस के बीच आपसी विश्वास और समझ का स्तर सराहनीय है और हमारी विशेष और विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी मजबूत और दृढ़ बनी हुई है।

उन्होंने 2024 में ब्रिक्स की सफल अध्यक्षता के लिए रूस को बधाई दी और कहा कि भारत साझा हितों के क्षेत्रों में दक्षिण-दक्षिण सहयोग बनाने के लिए ब्रिक्स मंच का लाभ उठाना जारी रखेगा। उन्होंने हाल ही में ब्रिक्स में शुरू की गई विभिन्न पहलों के तौर-तरीकों पर भी चर्चा की। दोनों पक्षों ने वित्तीय क्षेत्र में सहयोग सहित द्विपक्षीय सहयोग के मुद्दों पर और न्यू डेवलपमेंट बैंक (एनडीबी) से संबंधित मामलों पर भी चर्चा की।



वित्त मंत्री सीतारमण ने ब्राजील के वित्त मंत्री फर्नांडो हद्दाद से मुलाकात की और दक्षिण-दक्षिण सहयोग, वैश्विक दक्षिण की आवाज को बढ़ावा देने, सीओपी30 और जलवायु वित्त मुद्दों और संयुक्त राष्ट्र, जी20, ब्रिक्स, डब्ल्यूटीओ और आईबीएसए जैसे क्षेत्रीय और वैश्विक मंचों में भागीदारी सहित आपसी हितों के मुद्दों पर बातचीत की।

ब्रिक्स की अध्यक्षता के दौरान ब्राजील द्वारा किए गए गहन कार्य की सराहना करते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि भारत ब्राजील द्वारा निर्धारित एजेंडे और प्राथमिकताओं का समर्थन करता है।

## विदेशी विनिमय बाजार में रुपए में स्थिरता बनी रही

**नई दिल्ली,** 6 जुलाई (एजेंसियां)। अमेरिका के साथ प्रस्तावित व्यापार समझौते को लेकर अनिश्चितता तथा शेयर बाजारों में विदेशी संस्थागत निवेशकों की बिकवाली के दबाव के बावजूद जुलाई माह के पहले सप्ताह में विदेशी विनिमय बाजार में भारतीय रुपए में कुल मिलाकर स्थिरता दिखी।

अमेरिका के साथ अच्छे व्यापार समझौते की बाजार की उम्मीद पूरी हुई तो इस सप्ताह रुपए को काफी सहारा मिल सकता है। सप्ताह के दौरान जारी अमेरिका के गैर कृषि क्षेत्र के रोजगार आंकड़े बाजार की उम्मीद से बेहतर रहे। इससे वहां ब्याज दर में स्थिरता की संभावना के बीच डालर के मुकाबले रुपया सप्ताह के मध्य में मजबूत रहा।



■ डॉलर के मुकाबले रुपया सप्ताह के मध्य में मजबूत रहा

लेकिन सप्ताह के अंत में थोड़ी गिरावट के चलते करीब करीब यह पिछले सप्ताह के स्तर पर स्थिर रहा। जुलाई के पहले सप्ताह में बाजार में कारोबार सीमित दायरे में रहा।

पहली जुलाई को रुपया 85.70 के आसपास खुलने के बाद मजबूत हो कर 85.59 रुपए प्रति डालर के दायरे में बंद हुआ था।

## उच्च विकास दर के साथ तेजी से बढ़ रहा निर्यात

**नई दिल्ली,** 6 जुलाई (एजेंसियां)। भारत की अर्थव्यवस्था की विकास दर वित्त वर्ष 2024-25 में 6.5 प्रतिशत रही है, जो दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्था में सबसे अधिक है। साथ ही, इस दौरान देश का निर्यात भी सार्वकालिक उच्चतम स्तर 824.9 बिलियन डॉलर पर रहा है।

यह आंकड़े दिखाते हैं कि देश की अर्थव्यवस्था आत्मविश्वास के साथ लगातार बढ़ रही है। भारतीय रिजर्व बैंक के अनुसार, वित्त वर्ष 2025-26 में देश की विकास दर इसी आंकड़े के आसपास रहने की उम्मीद है।

संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, भारत की विकास दर इस साल 6.3 प्रतिशत और अगले साल 6.4 प्रतिशत की दर से बढ़ सकती है, जबकि भारतीय उद्योग परिसंघ का अनुमान है कि चालू वित्त वर्ष में देश की विकास दर 6.40 से 6.70 प्रतिशत के बीच रह सकती है। अर्थव्यवस्था के अच्छे प्रदर्शन के कारण देश के निर्यात में भी तेजी से इजाफा हो रहा है। भारत का कुल निर्यात वित्त वर्ष 2024-25 में 824.9 बिलियन अमेरिकी डॉलर के नए उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है, जो वित्त वर्ष 2023-24 में 778.1 बिलियन अमेरिकी डॉलर से 6.01 प्रतिशत अधिक है। इससे पहले वित्त वर्ष 2013-14 में देश का निर्यात केवल 466.22 बिलियन डॉलर था, जो बीते एक दशक में देश के निर्यात में निरंतर प्रगति को दिखाता है।



■ वैश्विक स्तर पर दिख रही भारतीय अर्थव्यवस्था की धाक

■ न्यूनतम स्तरों पर बनी हुई है महंगाई दर

एक तरफ देश तेजी से आर्थिक रूप से मजबूत हो रहा है। वहीं, महंगाई दर भी न्यूनतम स्तरों पर बनी हुई है। मई 2025 में खुदरा महंगाई दर 2.82 प्रतिशत पर रही थी, जो कि फरवरी 2019 के बाद खुदरा महंगाई का सबसे निचला स्तर है।

इसके अतिरिक्त, भारतीय अर्थव्यवस्था के अच्छे प्रदर्शन के कारण पूंजीगत बाजारों पर भी निवेशकों का भरोसा तेजी से बढ़ रहा है। भारतीय शेयर बाजार में खुदरा निवेशकों की संख्या दिसंबर 2024 तक बढ़कर 13.2 करोड़ हो गई है, जबकि 2019-20 में यह आंकड़ा 4.9 करोड़ पर था। यह बढ़ोतरी इक्विटी बाजारों में बढ़ती सार्वजनिक रुचि और देश की दीर्घकालिक क्षमता में विश्वास को दर्शाती है। अब अधिकतर लोग शेयर बाजार को केवल बड़ी कंपनियों के लिए ही नहीं, बल्कि आम नागरिकों के लिए भी संपत्ति बनाने के एक जरिए के तौर पर देखते हैं।

## सार संक्षेप

### अडाणी एंटरप्राइजेज जुटाएगी एक हजार करोड़ रुपए

**अहमदाबाद।** अडाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड (एईएल) ने रविवार को 1,000 करोड़ रुपए मूल्य के सुरक्षित, रेटेड और सूचीबद्ध रिडीमेबल, नॉन-कन्वर्टिबल डिबेंचर (एनसीडी) के अपने दूसरे पब्लिक इश्यू का ऐलान किया। यह इश्यू 9 जुलाई को खुलेगा और 22 जुलाई को बंद होगा (समय से पहले बंद करने या विस्तार के विकल्प के साथ), और इसमें प्रति वर्ष 9.30 प्रतिशत तक का ब्याज एनसीडी होल्डर्स को दिया जाएगा। प्रत्येक एनसीडी की फेस वैल्यू 1,000 रुपए है। प्रत्येक आवेदन में न्यूनतम 10 एनसीडी के लिए अप्लाई करना होगा। न्यूनतम आवेदन राशि 10,000 रुपए होगी। कंपनी के अनुसार, एनसीडी समान रेटिंग वाले एनसीडी और सावधि जमा की तुलना में प्रतिस्पर्धी यील्ड्स प्रदान करते हैं और इन्हें बीएसई और एनएसई पर सूचीबद्ध करने का प्रस्ताव है। प्रस्तावित एनसीडी को केयर एए-, स्थिर और (आईसीआरए) एए- (स्थिर) रेटिंग मिली है।

### मिंत्रा ने लांच किया ग्लैमस्ट्रीम, इंगेजमेंट में वृद्धि का लक्ष्य

**बेंगलुरु।** अपनी कंटेंट-कॉमर्स रणनीति को और ऊपर ले जाते हुए मिंत्रा ने शनिवार को ग्लैमस्ट्रीम के शुभारंभ की घोषणा की, जो अपनी तरह का एक अनूठा शॉपिंग योग्य लाइफस्टाइल कंटेंट गंतव्य है - जो मनोरंजन, फैशन प्रेरणा और खरीद का सहज मिश्रण है। कंटेंट, समुदाय और वाणिज्य के मिश्रण से निर्मित ग्लैमस्ट्रीम दर्शाता है कि आज का युवा भारत किस तरह से खरीदारी करना पसंद करता है- उनके फीड पर आधारित मनोरंजन और उन्हें प्रेरित करने वाली चीजों तक तुरंत पहुंच। अपने पहले चरण में, ग्लैमस्ट्रीम 500 घंटे से ज्यादा का कंटेंट लेकर आएगा, जिसमें 15 मिंत्रा एक्सक्लूसिव और शेयर्ड स्ट्रीम के 4,000 से अधिक एपिसोड शामिल हैं।

### प्राइम डे से पहले अमेजन ब्यूटीवर्स 2025 में सौंदर्य प्रेमियों का संगम

**गुरुग्राम।** अमेजन इंडिया ने आज मुंबई को सौंदर्य नवाचार का केंद्र बना दिया, जहां अमेजन ब्यूटीवर्स के दूसरे एडिशन का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम मेबेलिन द्वारा प्रस्तुत किया गया था, जिसमें बेला वीटा, विशकेयर और एक्सिस-वाई सहयोगी ब्रांड्स के रूप में शामिल थे। प्राइम डे 2025 (12 से 14 जुलाई) से पहले आयोजित इस विशेष इनवाइट-ओनली इवेंट में 1400 प्लस ब्यूटी प्रेमियों को एक ही छत के नीचे आमंत्रित किया गया, जहां उन्हें विभिन्न वर्कशॉप्स और इंटरएक्टिव सत्रों के जरिए एक शानदार सौंदर्य अनुभव प्राप्त हुआ। इस इवेंट की शोभा बढ़ाई बॉलीवुड की नामचीन हस्तियों, भूमि पेडनेकर, नीना गुप्ता, कृति सेनन और सुशांत दिवगिकर आदि ने। इनके साथ-साथ अमेजन प्राइम सदस्य, कंटेंट क्रिएटर्स और सौंदर्य उद्योग से जुड़े अग्रणी विशेषज्ञ भी शामिल हुए।

## भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता पर बाजार की नजर

-साप्ताहिक समीक्षा-

**नई दिल्ली,** 6 जुलाई (एजेंसियां)। भारतीय शेयर बाजार में पिछला सप्ताह निवेशकों की सतर्क चाल और मिले जुले वैश्विक संकेतों के बीच कारोबार का दायरा सीमित रहा। सप्ताह के दौरान प्रमुख शेयर सूचकांक सीमित दायरे में नीचे ऊपर होते रहे।

बाजार विश्लेषकों का कहना है कि विश्व स्तर पर भू राजनीतिक तनावों तथा अमेरिका के साथ विभिन्न देशों के व्यापार संबंधों को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है। भारतीय बाजारों में जून माह की तेजी के बाद भारत-अमेरिका व्यापार समझौते के बारे में अनिश्चितता से विदेशी निवेशक सावधानी का रुख किए हुए है। जुलाई के प्रथम सप्ताह में विदेशी संस्थागत निवेशकों की ओर से बिकवाली का दबाव भी बढ़ा हुआ है।

बाजार विश्लेषणों के अनुसार हाल के सत्रों में तेज उछाल के बाद बीते सप्ताह भारतीय शेयर बाजारों में मुनाफावसूली का दौर देखने को मिला। मिश्रित वैश्विक संकेतों और भारत के खिलाफ ट्रम्प सरकार के आयात शुल्क संबंधी फैसले की 9 जुलाई की तारीख नजदीक आ गयी है। निवेशकों को अमेरिका के निर्णय की प्रतीक्षा है जो सात जुलाई को घोषित किया जा सकता है।



■ सप्ताह के दौरान प्रमुख शेयर सूचकांक सीमित दायरे में नीचे ऊपर होते रहे

विश्लेषकों के अनुसार भारतीय बाजार में शेयरों का मूल्यांकन अब भी ऊंचा है। स्पष्ट संकेतों के अभाव में विदेशी संस्थागत निवेशक सतर्क हो गए हैं लेकिन जबकि घरेलू संस्थागत निवेशक बाजार को समर्थन बनाए हुए हैं। घरेलू निवेशकों के इस समर्थन से बाजार की स्थिति संभली हुई है।

अमेरिका में प्रशुल्क दरों को लेकर अनिश्चितता से धातु, वाहन और वित्तीय क्षेत्र के शेयर दबाव में दिखे ,पर बड़े रक्षा खरीद सौदे के सरकार के फैसलों से उत्साहित रक्षा शेयरों ने बेहतर प्रदर्शन किया, जो रणनीतिक क्षेत्रों पर सरकार के निरंतर ध्यान को दर्शाता है। सरकार ने इसी सप्ताह 1.06 लाख करोड़ रुपए के रक्षा खरीद के प्रस्तावों को मंजूरी दी है जिसका अधिकतर ठेका घरेलू कंपनियों को जाएगा।

मुद्रास्फीति में कमी और ब्याज दरों में गिरावट जैसी अनुकूल स्थितियों तथा मानसून के अच्छा होने से बाजार की भावना को बल मिल रहा है। जानकारों का कहना है कि अमेरिका-भारत व्यापार वार्ता के बाद कोई अच्छा समझौता निकल है तो स्थानीय शेयर बाजार उसका जोरदार स्वागत करेंगे। अमेरिका के साथ अच्छे व्यापारिक संबंध से आईटी, फार्मा और ऑटो जैसे निर्यात की दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्रों को लाभ होने की उम्मीद है। विश्लेषकों के अनुसार बाजार को कंपनियों के पहली तिमाही के वित्तीय परिणामों से भी संकेत मिलने की उम्मीद है। कंपनियों के पहली तिमाही के परिणाम अगले सप्ताह से आने शुरू हो जाएंगे।


इस सप्ताह तेल उत्पादक एवं निर्यात देशों के मंच ओपेक और अन्य बड़े उत्पादकों की साझा बैठक के वैश्विक तेल उत्पादन को प्रभावित करने वाले निर्णयों का भी बाजार को इंतजार है। ओपेक एंव अन्य देशों के निर्णय कच्चे तेल के भाव को प्रभावित करेंगे जिसका बड़ा आयातक होने के कारण भारत की अर्थव्यवस्था पर असर पड़ता है।

## निजी सेक्टर में आरएंडडी बढ़ाने में मदद करेगी रिसर्च डेवलपमेंट एंड इनोवेशन स्कीम

**नई दिल्ली,** 6 जुलाई (एजेंसियां)। सरकार ने ऐसे उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों में निजी कंपनियों को निवेश करने के लिए प्रोत्साहित करने हेतु रिसर्च डेवलपमेंट एंड इनोवेशन (आरडीआई) स्कीम की शुरुआत की है, जिसमें वे प्रवेश करने में झिझकते रहे हैं। यह बयान एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी की ओर से दिया गया।

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के सचिव अभय करंदीकर ने कहा कि यह फंड निजी क्षेत्र के अनुसंधान और विकास में निवेश करेगा, जिसमें कॉपरेट्स, इंडस्ट्री और डीप टेक स्टार्टअप शामिल हैं।

करंदीकर ने बताया कि इस स्कीम के तहत फाइनेंसिंग रियायती ऋण, इक्विटी या दोनों के संयोजन के माध्यम से दी जाएगी और कंपनियों से अपेक्षा की जाती है कि वे परियोजना लागत का आधा हिस्सा वहन करें, जबकि शेष राशि कोष से वहन की जाएगी। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मंगलवार को एक लाख करोड़ रुपए के परिव्यय के साथ रिसर्च डेवलपमेंट एंड इनोवेशन स्कीम को मंजूदी दी है, जिसका उद्देश्य भारत के रिसर्च और इनोवेशन इकोसिस्टम को मजबूत करना है। यह योजना निजी क्षेत्र को फंडिंग करने में आने वाली चुनौतियों पर काबू पाने में भी मदद करेगी, साथ ही उभरते और रणनीतिक क्षेत्रों को ग्रोथ और रिस्क कैपिटल उपलब्ध कराएगी।



अभय करंदीकर ने बताया कि केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा चिन्हित और स्वीकृत किए गए उभरते और रणनीतिक क्षेत्रों में एनर्जी ट्रांजिशन और क्लाइमेट टेक्नोलॉजी, रोबोटिक्स, ड्रोन, स्पेस टेक्नोलॉजी, बायो टेक्नोलॉजी, सिंथेटिक जीव विज्ञान, एआई एप्लीकेशन और डिजिटल अर्थव्यवस्था शामिल हैं। उन्होंने आगे कहा कि फंड के लिए परिचालन रूपरेखा को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

## सोना इस हफ्ते 1,200 रुपए से अधिक महंगा हुआ, चांदी 1.07 लाख रुपए के पार

**नई दिल्ली,** 6 जुलाई (एजेंसियां)। सोने और चांदी दोनों की कीमत में इस हफ्ते बढ़त देखी गई है। सोने के दाम में 1,200 रुपए से अधिक का इजाफा हुआ। वहीं, चांदी का भाव 2,300 रुपए से अधिक बढ़ गया है।

इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के मुताबिक, 24 कैरेट के 10 ग्राम सोने की कीमत 97,021 रुपए है, जबकि एक हफ्ते पहले इसी दिन यह 95,784 रुपए थी, जो कि सोने की कीमत में 1,237 रुपए की बढ़त को दर्शाता है। 22 कैरेट सोने का दाम बढ़कर 88,871 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया है, जो कि पहले 87,738 रुपए था। वहीं, 18 कैरेट सोने की कीमत 71,838 रुपए प्रति 10 ग्राम से बढ़कर 72,766 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गई है।

वहीं, समीक्षा अवधि में चांदी की कीमत 2,387 रुपए बढ़कर 1,07,580 रुपए प्रति किलो हो गई है, जो कि पहले 1,05,193 रुपए प्रति किलो थी। चांदी अपने उच्चतम स्तर के करीब बनी हुई है। 18 जून को चांदी ने 1,09,550 रुपए प्रति किलो का ऑल-टाइम हाई बनाया था।

सोने और चांदी में बढ़त की वजह वैश्विक अस्थिरता माना जा रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से रेसिप्रोकल टैरिफ की सीमा 9 जुलाई को समाप्त होना और इसको आगे बढ़ाने को लेकर कोई स्पष्टता न होना, इसकी एक अहम वजह है। वैश्विक अनिश्चितता के समय सुरक्षित माने जाने के कारण दुनिया भर में सोने और चांदी की मांग बढ़ जाती है और मांग के मुकाबले सीमित आपूर्ति के कारण इनकी कीमतों में इजाफा होता है। 1 जनवरी से अब तक 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 76,162 रुपए से 20,859 रुपए या 27.38 प्रतिशत बढ़कर 97,021 रुपए पर पहुंच गया है।



■ वैश्विक अस्थिरता माना जा रहा सोने व चांदी में बढ़त की वजह

## बीते एक दशक में तीन गुना बढ़ा भारतीय अर्थव्यवस्था का आकार

**नई दिल्ली,** 6 जुलाई (एजेंसियां)। मजबूत आधार और लगातार अच्छे प्रदर्शन के चलते भारतीय अर्थव्यवस्था का आकार बीते एक दशक में तीगुना बढ़कर होकर वित्त वर्ष 2024-25 में 331.03 लाख करोड़ रुपए हो गया है, जो कि वित्त वर्ष 2014-15 में 106.57 लाख करोड़ रुपए था। यह जानकारी रविवार को जारी किए गए आधिकारिक आंकड़ों में दी गई।

आधिकारिक आंकड़ों में बताया गया कि भारत की अर्थव्यवस्था वित्त वर्ष 2024-25 में 6.5 प्रतिशत की दर से बढ़ी है, जो कि वैश्विक स्तर पर सबसे अधिक है। देश की अर्थव्यवस्था ऐसे समय पर बढ़ रही है, जब दुनिया की अन्य बड़ी अर्थव्यवस्थाएं विकास के लिए संघर्ष कर रही हैं। भारतीय रिजर्व बैंक को उम्मीद है कि यह गति 2025-26 में भी जारी रहेगी। अन्य अनुमान भी इसी आशावाद को दोहराते हैं, संयुक्त राष्ट्र ने इस साल 6.3 प्रतिशत और अगले साल 6.4 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान लगाया है, जबकि भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) ने अपने अनुमान को थोड़ा अधिक 6.4 से 6.7 प्रतिशत पर रखा है। सरकार की ओर से जारी बयान में कहा गया कि यह निरंतर प्रदर्शन मजबूत घरेलू मांग से प्रेरित है। ग्रामीण खपत में तेजी आई है, शहरी खर्च बढ़ रहा है, और निजी निवेश में तेजी आ रही है। व्यवसाय क्षमता का विस्तार कर रहे हैं, जिनमें से कई अपने अधिकतम उत्पादन स्तर के करीब परिचालन कर रहे हैं।




■ भारत की अर्थव्यवस्था वित्त वर्ष 2024-25 में 6.5 प्रतिशत की दर से बढ़ी

■ दुनिया की कई बड़ी अर्थव्यवस्थाएं विकास के लिए कर रही संघर्ष

साथ ही, सार्वजनिक निवेश विशेष रूप से बुनियादी ढांचे में उच्च स्तर पर बना हुआ है, जबकि स्थिर उधारी स्थितियां फर्मों और उपभोक्ताओं को दूरदर्शी निर्णय लेने में मदद कर रही हैं। बयान में आगे कहा गया कि इसके विपरीत वैश्विक परिस्थितियां नाजुक बनी हुई हैं। संयुक्त राष्ट्र ने व्यापार तनाव, नीतिगत अनिश्चितताओं और सीमा पार निवेश में गिरावट का हवाला देते हुए विश्व अर्थव्यवस्था को अनिश्चितता के दौर में बताया है। इसके बावजूद, भारत एक उज्ज्वल स्थान के रूप में उभर कर सामने आ रहा है।

# खेल जगत

## इंग्लैंड हमारी पेस बैटरी से भयभीत: अशोक डिंडा



**कोलकाता।** भारतीय टीम ने इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट में शानदार प्रदर्शन किया है। एजबेस्टन टेस्ट के अंतिम दिन टीम इंडिया जीत से महज सात विकेट दूर है। भारत के पूर्व तेज गेंदबाज अशोक डिंडा का मानना है कि इंग्लैंड, मेहमान टीम के पेस अटैक से डर गया है। अशोक डिंडा ने समाचार एजेंसी आईएएनएस से कहा कि भारत का सामना करना इंग्लैंड के लिए बहुत बड़ा चैलेंज होगा। इंग्लैंड की गेंदबाजी अब पहले जैसी नहीं रही, जैसी स्टुअर्ट ब्रॉड और जेम्स एंडरसन के समय रहा करती थी। उनके पास भी नए गेंदबाज हैं। हमारे पास शानदार पेस अटैक है। इग्लैंड को हमारी पेस बैटरी से डर है। आकाश दीप को जसप्रीत बुमराह के स्थान पर दूसरे टेस्ट में मौका मिला, जिसे उन्होंने बखूबी भुनाया। आकाश दीप ने मुकाबले के चौथे दिन तक दोनों पारियों में कुल छह विकेट अपने नाम किए हैं।

# भारत ने इंग्लैंड को 336 रन से हराया, आकाश दीप ने झटके 6 विकेट

**एजबेस्टन,** 6 जुलाई (एजेंसियां)। भारत ने एजबेस्टन टेस्ट जीत लिया है। इंग्लैंड को जीत के लिए 608 रन का लक्ष्य मिला था, लेकिन उसकी पूरी टीम दूसरे

■ तीसरा मैच 10 जुलाई से लॉर्ड्स में खेला जाएगा

सत्र में ही 271 रन पर सिमट गई और भारत ने 336 रन से मैच जीत लिया। आकाश दीप ने दूसरी पारी में छह विकेट और मैच में कुल 10 विकेट लिए। रनों के आधार भारत की इंग्लैंड के खिलाफ यह दूसरी सबसे बड़ी जीत है। इस जीत के साथ अब दोनों टीमें सीरीज में 1-1 की बराबरी पर आ गई हैं। तीसरा मैच 10 जुलाई से लॉर्ड्स में खेला जाएगा। इससे पहले पांचवें दिन का खेल बारिश की वजह से लगभग दो घंटे की देरी से शुरू हुआ। इंग्लैंड ने चौथे दिन के स्कोर तीन विकेट पर 77 रन से आगे खेलना शुरू किया। चौथे दिन के आखिरी सत्र में कहर बरपाने वाले आकाश दीप ने पांचवें दिन मैच शुरू होते ही अपना वही रंग दिखाया और अगले कुछ ही मिनट में इंग्लैंड के दो बड़े बल्लेबाजों ओली पोप




और हैरी ब्रूक को पवेलियन भेज दिया। दो शुरुआती झटकों के बाद इंग्लैंड का स्कोर 83/5 हो गया। कप्तान बेन स्टोक्स ने विकेटकीपर बल्लेबाज जेमी स्मिथ के साथ पारी को संभालने की कोशिश की, लेकिन छठे विकेट के लिए 70 रन की साझेदारी करने के बाद वह 33 रन बनाकर वाशिंगटन सुंदर का शिकार बने। स्टोक्स छठे विकेट के रूप में तब आउट हुए, जब टीम का स्कोर 153 रन था। उनका विकेट गिरने के बाद भारत की जीत लगभग तय हो गई। विकेटकीपर जेमी स्मिथ एकमात्र बल्लेबाज रहे, जो भारतीय गेंदबाजों का सामना कर सके। पहली पारी में नाबाद 184 रन बनाने वाले स्मिथ इस पारी में भी तेजी से शतक की तरफ बढ़ रहे थे, लेकिन 88 के स्कोर पर उन्हें आउट कर आकाश दीप ने न सिर्फ पारी का अपना पांचवां विकेट लिया, बल्कि भारत की जीत सुनिश्चित कर दी। आकाश दीप ने अपने टेस्ट करियर में पहली बार पांच विकेट लेने का कारनामा किया। स्मिथ का विकेट गिरते ही इंग्लैंड की पारी 271 रन पर सिमट गई। आकाश दीप ने छह विकेट लिए। सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, जडेजा और वाशिंगटन सुंदर ने एक-एक विकेट लिए।

## मोर्कल ने मोहम्मद सिराज और आकाश दीप की जमकर तारीफ की



**बर्मिंघम।** भारत के गेंदबाजी कोच मोर्न मोर्कल ने मोहम्मद सिराज और आकाश दीप की जमकर तारीफ़ की, जिन्होंने मिलकर 13 विकेट लिए हैं, जिससे भारत को पांच मैचों की सीरीज 1-1 से बराबर करने का शानदार मौका मिला है। भारत को इंग्लैंड को 608 रन का लक्ष्य देने के बाद अंतिम दिन सात विकेट की जरूरत है। जसप्रीत बुमराह की अनुपस्थिति में भारत ने यह कर दिखाया है, जिससे मोर्कल और भी खुश हैं। मोर्कल ने कहा कि अभी तक मैं बहुत-बहुत खुश हूं। पिछले टेस्ट के बाद हमने इस बारे में गहन चर्चा की थी कि हमें किन क्षेत्रों में सुधार करना है और मुझे लगता है कि हमने ऐसा किया है। इसलिए यह बढ़ते हुए गेंदबाजी आक्रमण का एक सुखद संकेत है, क्योंकि उनके पास सबसे अनुभवी खिलाड़ियों में से एक की कमी है, इसलिए वे इस तरह की चीजों पर प्रतिक्रिया कर सकते हैं। सिराज ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2024-25 में बिना किसी पांच विकेट के हरी घास वाले विकेट पर खेला, लेकिन इंग्लैंड में अपना पहला पांच विकेट हॉल हासिल किया, शायद इस सदी में भारत ने इस देश में सबसे सपाट पिच का सामना किया है। मोर्कल ने कहा कि यह पांच विकेट सभी मैचों में अच्छी गेंदबाजी का इनाम था। मोर्कल ने कहा कि सिराज एक ऐसा खिलाड़ी है जिसका मैं बहुत सम्मान करता हूं। वह एक ऐसा खिलाड़ी है जो हमेशा अपनी क्षमता के अनुसार खेलता है। मुझे लगता है कि कभी-कभी उसका दोषी पक्ष बहुत अधिक प्रयास करता है। यह उस तरह की आक्रामकता और तीव्रता को प्रबंधित करने के बारे में है क्योंकि वह वास्तव में अपने दिल की बात कहता है। मुझे लगता है कि कभी-कभी इस तरह की चीजें आपको असंगति दे सकती हैं। अब जब वह मैच में आक्रमण का नेतृत्व कर रहा है, तो उसने विकेट हासिल किए, लेकिन मेरे लिए प्रयास और ऊर्जा के मामले में और शरीर में दर्द के बावजूद, वह हमेशा तैयार रहता है और अपना हाथ ऊपर रखता है, और वह उस ओवर में गेंदबाजी करना चाहता है।

# विश्व मुक्केबाजी कप-साक्षी ने भारत के लिए जीता स्वर्ण पदक

**अस्ताना,** 6 जुलाई (एजेंसियां) दो बार की युवा विश्व चैंपियन साक्षी ने रविवार को यहां महिलाओं के 54 किग्रा वर्ग के फाइनल में शानदार प्रदर्शन करते हुए विश्व मुक्केबाजी कप-अस्ताना, कजाकिस्तान 2025 में भारत को पहला स्वर्ण पदक दिलाया। 24 वर्षीय साक्षी ने यूएसए की योसलाइन पेरेज के खिलाफ बेहतरीन प्रदर्शन किया और जजों से सर्वसम्मति से फैसला प्राप्त किया। यहां विश्व मुक्केबाजी कप में भारतीय दल का प्रदर्शन शानदार रहा और उसने कुल 11 पदक पक्के कर लिए हैं। भारत ने ब्राजील में पहले चरण में एक स्वर्ण और एक रजत सहित छह पदक जीते थे। रविवार को पहले सत्र में चार भारतीय



मुक्केबाजों ने हिस्सा लिया और साक्षी ही थीं जो गति और पंचों के संयोजन के साथ शानदार प्रदर्शन करते हुए पोडियम पर शीर्ष पर रहीं। इससे पहले मीनाक्षी ने 48 किग्रा के फाइनल में स्थानीय पसंदीदा नाज़िम काइजेबे के खिलाफ जीत के लिए कड़ी मेहनत की, लेकिन 3:2 के फैसले से हार गईं। जुगनू (पुरुष 85 किग्रा) और पूजा रानी (महिला 80 किग्रा) भी अपने-अपने फाइनल में हारने के

■ भारत ने ब्राजील में पहले चरण में एक स्वर्ण और एक रजत सहित छह पदक जीते थे

बाद रजत पदक के साथ घर लौटेंगे। जुगनू कजाकिस्तान के बेकजाद नूरदौलेटोव के खिलाफ़ 0-5 से हार गईं, जबकि पूजा ऑस्ट्रेलिया की एसेटा फ्लिंट के खिलाफ समान स्कोर लाइन से हार गईं। शाम के सत्र में चार और भारतीय स्वर्ण पदक के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे, जिसमें ब्राजील लेग के स्वर्ण पदक विजेता हितेश गुलिया (पुरुष 70 किग्रा) अभिनाश जामवाल (पुरुष 65 किग्रा), जैस्मीन (महिला 57 किग्रा) और नूपुर (महिला 85+ किग्रा) उतरेंगे।

## श्रीमंत झा ने लक्जमबर्ग पैरा-आर्म रेसलिंग कप में जीता स्वर्ण पदक



**नई दिल्ली,** 6 जुलाई (एजेंसियां)। पैरा एथलीट श्रीमंत झा ने लक्जमबर्ग पैरा-आर्म रेसलिंग कप 2025 में प्लस 80 किलोग्राम वर्ग की स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। श्रीमंत झा ने चार से छह जुलाई तक आयोजित लक्जमबर्ग पैरा-आर्म रेसलिंग कप प्रतियोगिता में जर्मनी के ओलेकसांद्र लीशुकोव को हराकर स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने अपनी इस जीत को अहमदाबाद विमान दुर्घटना में जान गंवाने वाले लोगों को समर्पित किया है। उन्होंने इस प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतने के साथ ही बुल्गारिया में होने वाली विश्व पैरा आर्म रेसलिंग चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई भी कर लिया है। श्रीमंत झा दुनिया के तीसरे और एशिया के नंबर वन आर्म रेसलर हैं। उन्होंने अब तक विभिन्न अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों में 56 पदक जीते है। स्वर्ण पदक जीतने के बाद श्रीमंत झा ने कहा कि यह मेरे लिए एक विशेष जीत है। मैं हर एक मैच शहीद जवानों के सम्मान के लिए जीतता हूं। अब मैं आगामी अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट पर ध्यान केंद्रित करूंगा और निश्चित रूप से देश को फिर से गौरवान्वित करने की कोशिश करूंगा।

# दिल्ली राज्य सब-जूनियर और जूनियर तैराकी चैम्पियनशिप में बने दो मीट रिकॉर्ड

**नई दिल्ली,** 6 जुलाई (एजेंसियां)। 59वीं दिल्ली राज्य सब-जूनियर और जूनियर तैराकी चैंपियनशिप में दो रिकॉर्ड तरणताल में डूबे। रेहान सेजवाल और युवराज सिंह ने अपनी स्पर्धाओं में नए मीट रिकॉर्ड बनाए जबकि सेहर ने चौथा गोल्ड जीता। चैम्पियनिशप के दौरान दिल्ली स्विमिंग एसोसिशन को संभाल रही एडहॉक कमेटी के चेयरमैन स्वाड्रन लीडर (रिटा.) एसआर साहू ने बताया कि उत्तर भारत में पहली बार टच बोर्ड का इस्तेमाल किया गया, जिसे टाइम ट्रैक स्पोर्ट्स इवेंट नियंत्रित कर रहा है। इससे सटीक परिणामों के चलते ज्यादा पारदर्शिता आएगी। रविवार को चैम्पियनशिप के तीसरे दिन हुई 200 मीटर बालिका अंडर-17 इंडिविजुअल मेडले स्पर्धा में प्रकृति दहिया ने 2:27.49 समय के साथ अब तक दो गोल्ड जीत चुकी




खुशी भट्ट को पछाड़कर गोल्ड जीता। खुशी को रजत और वंशिका गुसाईं को कांसे से संतोष करना पड़ा। बालक वर्ग में अर्णव त्यागी (2:18.99) ने बाजी मारी जबकि ध्रुव सेजवाल ने रजत और वंश सुहाग ने कांस्य जीता। 200 मीटर बालिका अंडर-14 इंडिविजुअल मेडले स्पर्धा में सेहर पुरी (2:47.34) को गोल्ड, ऑसम को सिल्वर और अमर्या पटनी को ब्रॉन्ज मिला। बालक वर्ग में आरोन इमैनुअल (2:33.75) सबसे आगे रहे। विशु मौर्य दूसरे और रक्षित टोकस तीसरे स्थान पर रहे। सेहर ने 50 मीटर बटरफ्लाई का गोल्ड और 200 मीटर बैक स्ट्रोक का सिल्वर जीता। 400 मीटर बालक अंडर-17 फ्री-स्टाइल स्पर्धा में युवराज सिंह ने 4:18.16 समय निकालकर गोल्ड मेडल जीता। वंश सुहाग और तनुष झांजी ने क्रमश:रजत व कांस्य पदक जीता। इस स्पर्धा के अंडर-14 वर्ग का गोल्ड रक्षित टोकस (4:43.47) को गया। सूर्यामान महावाल को रजत और वीर राठी को कांसा मिला। 400 मीटर बालिका अंडर-17 फ्री-स्टाइल स्पर्धा का गोल्ड तितिक्षा रावत (4:47.57) की झोली में गिरा। प्रकृति दहिया और यजुशा दहिया क्रमशः रजत व कांस्य पदक जीतने में सफल रहीं। इस स्पर्धा के अंडर-14 वर्ग में नूपुर पाठक (5:05.34) ने गोल्ड जीता। अमीरा सिंघल और याध्वी नेगी ने क्रमश: रजत व कांस्य पदक पाया।

## कार्लसन ने गुकेश को हराया, बढ़त बनाई

**ज़ाग्रेब,** 6 जुलाई (एजेंसियां)। मैग्नस कार्लसन ने ब्लिट्ज प्रारूप में भारत के डी गुकेश को हराया और यहां खेले जा रहे 2025 सुपरयूनाइटेड क्रोएशिया रैपिड एंड ब्लिट्ज में बढ़त हासिल कर ली। गुकेश ने 3 जुलाई को रैपिड प्रारूप में कार्लसन को हराया था, लेकिन कल नॉर्वे के खिलाड़ी ने उन पर आसान जीत हासिल की। गुकेश क्लासिकल प्रारूप में विश्व नंबर 1 हैं, जबकि कार्लसन रैपिड और ब्लिट्ज प्रारूप में विश्व नंबर 1 हैं। 2025 सुपरयूनाइटेड क्रोएशिया रैपिड एंड ब्लिट्ज के रैपिड प्रारूप में शीर्ष पर रहने वाले गुकेश का शनिवार को दिन बहुत खराब रहा, क्योंकि गुकेश ब्लिट्ज के नौ राउंड में से सात हार चुके हैं। उनकी एकमात्र जीत विश्व के तीसरे नंबर के खिलाड़ी फैबियानो कारुआना के खिलाफ थी, और उन्होंने हमवतन अनीश गिरी के खिलाफ एक ड्रॉ खेला। कार्लसन अब कुल 17.5 अंकों के साथ अंक तालिका में शीर्ष पर हैं।

# एमएलसी 2025: एमआई से हार के बाद प्लेऑफ से बाहर नाइट राइडर्स

**नई दिल्ली,** 6 जुलाई (एजेंसियां)। एमआई न्यूयॉर्क ने मेजर लीग क्रिकेट-2025 (एमएलसी) के 27वें मैच में जीत दर्ज की। टीम ने फ्लोरिडा में लॉस एंजिल्स नाइट राइडर्स के खिलाफ छह रन से जीत दर्ज की। इस हार के साथ नाइट राइडर्स प्लेऑफ की रेस से बाहर हो चुकी है। लॉस एंजिल्स नाइट राइडर्स ने इस सीजन नौ में से महज एक ही मैच अपने नाम किया है। टीम प्वाइंट्स टेबल में सबसे निचले पायदान पर है, जबकि एमआई न्यूयॉर्क ने नौ में से तीन मैच जीत लिए हैं। प्वाइंट्स टेबल में चौथे स्थान पर मौजूद इस टीम के पास अभी प्लेऑफ में पहुंचने का मौका है। मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी के लिए उतरी एमआई न्यूयॉर्क की टीम ने नौ विकेट खोकर 142 रन बनाए। टीम के लिए किरोन पोलार्ड ने 36 गेंदों में चार छक्कों और एक चौके की मदद से 50 रन बनाए। उनके अलावा कप्तान निकोलस पूरन ने 24 गेंदों में 30 रन की पारी खेली। विपक्षी टीम की ओर से शैडली वैन शल्कविक ने सर्वाधिक



■ टीम प्वाइंट्स टेबल में सबसे निचले पायदान पर है, जबकि एमआई न्यूयॉर्क ने नौ में से तीन मैच जीत लिए हैं

तीन विकेट झटके, जबकि जेसन होल्डर और कॉर्नी ड्राई को दो-दो सफलता हाथ लगी। सुनील नरेन के नाम एक विकेट रहा। इसके जवाब में लॉस एंजिल्स की टीम निर्धारित ओवरों में चार विकेट गंवाकर सिर्फ 136 रन ही बना सकी। टीम ने 11 के स्कोर पर आंद्रे फ्लेचर (9) का विकेट गंवा दिया। इसके बाद एलेक्स हेल्स ने उन्मुक्त चंद के साथ मिलकर दूसरे विकेट के लिए 57 रन की साझेदारी की।

## सार संक्षेप

### पंत के डीपीएल खेलने से युवा खिलाड़ी प्रेरित होते हैं : जेटली

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) के आगामी सत्र के लिए 'पुरानी दिल्ली 6' ने स्टार क्रिकेटर ऋषभ पंत को टीम में बनाए रखा है। दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) के अध्यक्ष रोहन जेटली के अनुसार पंत के खेलने से युवा खिलाड़ी प्रेरित होते हैं। रोहन जेटली ने आईएएनएस से कहा कि जब ऋषभ पंत खेलते हैं, तो लीग में युवा खिलाड़ियों के लिए एक माहौल बनता है। वह प्रेरित होते हैं। पंत भारत के लिए खेल रहे हैं, लेकिन इसके बावजूद दिल्ली के लिए डोमेस्टिक स्टेट लीग भी खेल रहे हैं। आयुष बडोनी, दिग्वेश राठी, प्रियांश आर्य जैसे कई खिलाड़ी पिछले साल लीग में खुद को साबित करने के बाद नेशनल लेवल पर खेले। डीपीएल में इस सीजन दो नई टीमें भी लीग में जुड़ चुकी हैं। 'आउटर दिल्ली' और 'नई दिल्ली' इस सीजन की नई टीमें हैं। रोहन जेटली के अनुसार इस प्लेटफॉर्म का मकसद नए टैलेंटेड खिलाड़ियों को तराशना है। रोहन जेटली ने कहा कि डीपीएल में दो नई टीमों को जोड़ा गया है, जिसका मकसद खिलाड़ियों को मिलने वाले मौके को बढ़ाना है।

### इन्फेक्शन से पीड़ित मास्वाउरे, नहीं खेल सके दूसरा टेस्ट

**बुलावायो।** जिम्बाब्वे के सलामी बल्लेबाज प्रिंस मास्वाउरे 'रेस्पिरेटरी ट्रैक्ट इन्फेक्शन' से पीड़ित हैं, जिसके चलते वह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टेस्ट में नहीं उतर सके। यह मैच रविवार से क्वींस स्पोर्ट्स क्लब में खेला जा रहा है। टॉस से पहले प्रिंस मास्वाउरे को 'रेस्पिरेटरी ट्रैक्ट इन्फेक्शन' के चलते खेलने के लिए अयोग्य घोषित किया गया था। 'जिम्बाब्वे क्रिकेट' ने बयान में कहा कि मास्वाउरे रेस्पिरेटरी ट्रैक्ट इन्फेक्शन से पीड़ित हैं और उन्हें खेलने के लिए अयोग्य घोषित किया गया है। मास्वाउरे को सीरीज के पहले टेस्ट में ब्रायन बेनेट की जगह शामिल किया गया था। ब्रायन बेनेट फिलहाल खुद चोटिल हैं, उन्हें पहले टेस्ट के दौरान चोट लगी थी। 36 वर्षीय प्रिंस मास्वाउरे ने अपने टेस्ट करियर की शुरुआत साल 2016 में की थी। उन्होंने अब तक 10 टेस्ट मुकाबलों की 19 पारियों में चार अर्धशतकों की मदद से 1,268 रन बनाए हैं। उन्होंने करियर में दो वनडे मैच भी खेले हैं।

### पहली ओडिशा प्रो टी20 लीग सितंबर में

**कटक।** आईपीएल की तर्ज पर देश के कई राज्यों के क्रिकेट बोर्डों ने टी20 लीग की शुरुआत की है। ओडिशा क्रिकेट एसोसिएशन (ओसीए) भी 'ओडिशा प्रो टी20 लीग' (ओपीटीएल) के नाम से एक नई टी20 लीग की शुरुआत करने जा रहा है। ओपीटीएल का पहला संस्करण सितंबर 2025 में खेला जाएगा। इसमें छह टीमें हिस्सा लेंगी। लीग राज्य की क्रिकेट प्रतिभाओं को उनकी क्षमता का प्रदर्शन करने के लिए अहम मंच प्रदान करेगी। खिलाड़ियों को उच्च-स्तर पर प्रतिस्पर्धा और सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के साथ अपनी प्रतिभा को निखारने का मौका मिलेगा।

## रियल मैड्रिड और पीएसजी फीफा क्लब विश्वकप सेमीफाइनल में भिड़ेंगे

**न्यूयॉर्क,** 6 जुलाई (एजेंसियां)। रियल मैड्रिड और पेरिस सेंट-जर्मेन (पीएसजी) फीफा क्लब विश्वकप सेमीफाइनल में भिड़ेंगे। यूरोप के दिग्गज फुटबॉल क्लब रियल मैड्रिड और पीएसजी ने खेले गए अपने-अपने क्वार्टरफाइनल मुकाबलों में जीत दर्ज कर फीफा क्लब विश्वकप सेमीफाइनल में जगह बनाई। न्यू जर्सी के मेटलाइफ स्टेडियम में खेले गए क्वार्टरफाइनल मुकाबले में रियल मैड्रिड ने आखिरी क्षणों में संघर्ष करते हुए बोरूसिया डॉर्टमंड पर 3-2 से जीत हासिल की। वहीं दूसरे क्वार्टरफाइनल में पेरिस सेंट-जर्मेन (पीएसजी) ने बायर्न म्यूनिख को 2-0 से हराकर फीफा क्लब विश्वकप के सेमीफाइनल में जगह बनाई। पीएसजी की ओर से डिजायर डोउ और ओसमाने डेम्बले ने गोल दागे। पंद्रह बार के यूईएफए चैम्पियंस लीग विजेता रियल मैड्रिड ने गोंजालो गार्सिया और फ्रैन गार्सिया के पहले हाफ के गोल की बदौलत 2-0 की बढ़त बनाई। इसके बाद बोरूसिया डॉर्टमंड के मैक्सिमिलियन बेयर ने 93वें मिनट में एक गोल कर स्कोर 2-1 कर दिया। इसके एक मिनट बाद किलियन एमबाप्पे ने टूर्नामेंट का अपना पहला गोल करके मैड्रिड की बढ़त को आगे बढ़ाकर जीत सुनिश्चित कर दी।

# ऑस्ट्रेलिया ने वेस्ट इंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट में कसा शिकंजा

**सेंट जॉर्ज,** 6 जुलाई (एजेंसियां)। स्टीव स्मिथ (71), कैमरून ग्रीन (52), ट्रैविस हेड (39) और एलेक्स कैरी (नाबाद 26) रनों की जूझारू पारियों के दम पर ऑस्ट्रेलिया ने दूसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन खराब रोशनी के कारण खेल रोके जाने के समय सात विकेट पर 221 रन बनाकर मैच पर अपनी मजबूत पकड़ बना ली है। ऑस्ट्रेलिया ने कल के दो विकेट पर 12 रन से आगे खेलना शुरु किया। ऑस्ट्रेलिया ने अभी स्कोर में 16 रन का इजाफा किया था कि जोसेफ ने नेथन लायन (आठ) को आउट कर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये स्टीव स्मिथ ने कैमरून ग्रीन के साथ पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच चौथे विकेट के लिए 93 रन जोड़े। कैमरून ग्रीन को भी जोसेफ ने आउट किया। कैमरून ग्रीन ने



■ स्टीव स्मिथ और कैमरून ग्रीन की शानदार पारी ने आस्ट्रेलिया की पारी को संभाला

123 गेंदों में पांच चौकों की मदद से 52 रनों की पारी खेली। ऑस्ट्रेलिया का पांचवां विकेट स्टीव स्मिथ के रूप में गिरा। उन्हें जस्टिन ग्रीव्स ने पगबाधा आउट किया। स्टीव स्मिथ ने 119 गेंदों में सात चौकों और एक छक्के की मदद से (71) रन बनाये। बो वेब्स्टर (दो) को भी ग्रीव्स ने आउट किया। ट्रैविस हेड 60 गेंदों में (39) रन बनाकर आउट हुये। स्टंप के समय ऑस्ट्रेलिया ने दूसरी पारी में 64.3 ओवर में सात विकेट पर 221 रन बना लिये थे। एलेक्स कैरी (नाबाद 26) और कप्तान पैट कमिंस (नाबाद चार) क्रीज पर मौजूद थे। मैच के बाद स्टीव स्मिथ ने कहा कि यह एक मुश्किल पिंच है थोड़ा ऊपर-नीचे और थोड़ा सीम मूवमेंट था। मैंने स्थिर रहते हुए पगबाधा होने से बचने का प्रयास किया। मैंने स्वयं को खराब गेंदों को दूर रखने का प्रयास किया।

## मुश्किल पिच पर समय बिताना अच्छा रहा: ग्रीन

**सेंट जॉर्ज।** ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर कैमरून ग्रीन ने कहा कि वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन मैंने मुश्किल पिच पर कभी असहज महसूस नहीं किया, वहां समय बिताना अच्छा रहा। वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट मैच के तीसरे दिन तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे कैमरून ग्रीन अपने जुझारू प्रदर्शन पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि मुझे नहीं लगता कि मैंने कभी भी असहज महसूस किया। निश्चित रूप से (शुक्रवार) की रात मुश्किल थी और शनिवार नई गेंद के साथ मुझे फिर से शुरुआत करनी पड़ी। मुश्किल विकेट पर समय बिताना अच्छा रहा। ग्रीन ने 123 गेंदों पर 52 रनों की जुझारू पारी खेली और स्टीव स्मिथ के साथ 93 रनों की महत्वपूर्ण साझेदारी की। खेल के बाद ग्रीन ने कहा कि आपको हमेशा एक अच्छी पारी की जरूरत होती है ताकि आप आगे बढ़ सकें और आज का दिन भी ऐसा ही रहा।

# नोवाक जोकोविच, सिनर चौथे दौर में, क्रेजिकोवा हाकर विंबलडन से हुई बाहर

**लंदन,** 6 जुलाई (एजेंसियां)। सात बार के चैंपियन नोवाक जोकोविच ने हमवतन मियोमिर केकमानोविच को और इटली के जैनिक सिनर ने पेड्रो मार्टिनेज को हराकर विंबलडन पुरुष एकल मुकाबले में चौथे दौर में जगहा बना ली है। सर्बियाई दिग्गज नोवाक जोकोविच ने खेले गये प्री क्वार्टर फाइनल में केकमानोविच को 6-3, 6-0, 6-4 से हराकर अपनी 100वीं जीत दर्ज की। इसी के साथ जोकोविच यह कारनामा करने वाले मार्टिना नवरातिलोवा और रोजर फेडरर के क्लब में शामिल हो गए।

अगले दौर में जोकोविच सामना ऑस्ट्रेलिया के एलेक्स डी मिनाउर से होगा। मिनाउर ने डेनमार्क के ऑगस्ट होल्मग्रेन को सीधे सेटों में हराकर चौथे दौर में प्रवेश किया है। वही एक अन्य मुकाबले में विश्व के नंबर वन खिलाड़ी सिनर ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए स्पेन के पेड्रो मार्टिनेज को मात्र एक घंटे 55 मिनट



में 6-1, 6-3, 6-1 से हराया। इटली के दिग्गज खिलाड़ी सिनर टूर्नामेंट में अभी तक कोई सेट नहीं गंवाया है। अगले दौर में उनका मुकाबला अब 19वीं वरीयता प्राप्त ग्रिगोर दिमित्रोव से होगा। दिमित्रोव ने सेबेस्टियन ऑफनर को हराया। अमेरिका के दसवीं वरीयता प्राप्त बेन शेल्टन ने इस साल के आयोजन में अपना बेहतरीन सेट रिकॉर्ड बनाए रखते हुए हंगरी के मार्टन फुकसोविक्स को 6-3, 7-6 (4), 6-2 से हराकर अगले दौर में जगहा बना ली है जहां उनका मुकाबला इटली के लोरेंजो सोनेगो से

■ मिनाउर ने डेनमार्क के ऑगस्ट होल्मग्रेन को सीधे सेटों में हराकर चौथे दौर में किया प्रवेश

होगा। दिन के एक अन्य मुकाबले मे 2014 यूएस ओपन चैंपियन क्रोएशिया के मारिन सिलिच ने स्पेन के जौम मुनार को 6-3, 3-6, 6-2, 6-4 से हराया। अगले दौर में उनकी भिड़ंत इटली के फ्लेवियो कोबोली से होगी। महिला वर्ग में पोलैंड की आठवीं वरीयता प्राप्त इगा स्वियाटेक ने रोम में अमेरिकी डेनियल कोलिन्स से मिली हार का बदला 6-2, 6-3 से जीत के साथ लिया। अब अगले दौर में उनका सामना डेनमार्क की क्लारा टॉसन से होगा, जिन्होंने 11वीं वरीयता प्राप्त एलेना रयबाकिना को 7-6 (6), 6-3 से हराया। चेक खिलाड़ी बारबोरा क्रेजिकोवा को अमेरिका की एम्मा नवारो ने 2-6, 6-3, 6-4 से हराया।

# किदांबी श्रीकांत कनाडा ओपन के सेमीफाइनल में केंटा निशिमोतो से हारे

**ओंटारियो,** 6 जुलाई (एजेंसियां)। पूर्व विश्व नंबर-वन किदांबी श्रीकांत को कनाडा ओपन 2025 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल सेमीफाइनल में केंटा निशिमोतो के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। इसी के साथ टूर्नामेंट में भारत की चुनौती समाप्त हो गई।

खेले गए सेमीफाइनल में बैडमिंटन रैंकिंग में 49वें स्थान पर काबिज किदांबी श्रीकांत एक घंटे 18 मिनट तक चले मुकाबले में जापान के विश्व नंबर 12 और तीसरी वरीयता प्राप्त केंटा निशिमोतो के खिलाफ 21-19, 14-21, 18-21 से हार गये। इसी के साथ ही भारत का बीडब्ल्यूएफ सुपर 300 टूर्नामेंट में अभियान समाप्त हो गया। भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी ने निशिमोतो के खिलाफ भी शानदार शुरुआत की। एक समय 18-16 से पीछे होने के बावजूद श्रीकांत ने वापसी करते हुए पहला गेम जीता। श्रीकांत ने दूसरे गेम की




शुरुआत में ही 9-4 की बढ़त बना ली, लेकिन निशिमोतो ने 14-14 पर स्कोर बराबर कर दिया। इसके बाद जापानी खिलाड़ी ने आक्रामक खेल का मुजाहिरा करते हुए लगातार सात अंक जीतकर मुकाबला बराबरी पर ला दिया। निर्णायक गेम में काफी उतार-चढ़ाव देखने को मिला। एक समय 6-1 से पीछे होने के बाद, श्रीकांत ने बीच में शानदार प्रदर्शन करते हुए 12-8 की बढ़त बना ली। हालांकि, निशिमोतो ने भी वापसी की और 18-18 पर स्कोर बराबर करने के बाद गेम जीतते हुए मैच अपने नाम कर लिया।